

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्री कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान पूजा-अर्चना करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 50 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## भाजपा में जाने पर अब नाथ परिवार का इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भाजपा में जाने की अटकलों को अब विराम लगता दिख रहा है। खुद कमलनाथ ने सामने आकर भाजपा में नहीं जाने की बात कही है। इसे लेकर वे कुछ देर में मीडिया से विस्तार से बात करेंगे। लेकिन इधर माना जा रहा है कि भाजपा के एक धड़े के विरोध के बाद कमलनाथ की भाजपा में एंट्री नहीं हो सकी। गौरतलब है कि कई दिनों से चर्चा है कि कमलनाथ अपने बेटे के साथ भाजपा में जाएंगे। उनके छिंदवाड़ा के दौरे रद्द कर अचानक दिल्ली पहुंचना, मीडिया से बातचीत में न इनकार, न इकरार वाली स्थिति होने से अटकलों को और बल मिलता रहा। कहा ये भी जा रहा है कि कमलनाथ के इस समय भाजपा में आने से भाजपा को कोई बड़ा फायदा होता नहीं दिख रहा, वहीं पार्टी के ही कई नेता कमलनाथ को लेकर साफ कह चुके हैं कि उनके लिए भाजपा के दरवाजे बंद हैं। भाजपा के पूर्व महासचिव कैलाश विजयवर्गीय बार-बार कमलनाथ के भाजपा में आने का विरोध करते देखे गए। भाजपा नेता और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने के सवाल पर कहा था कि मध्य प्रदेश भाजपा में उनके लिए कोई जगह नहीं है। प्रदेश भाजपा में उनके लिए दरवाजे बंद हैं। अगर केंद्रीय नेतृत्व चाहे तो कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सकता है, लेकिन मध्य प्रदेश भाजपा का निर्णय साफ है कि कमलनाथ के लिए कोई जगह नहीं है। ऐसा नहीं है कि विजयवर्गीय ने ऐसा पहली बार कहा। दो हफ्ते पहले भी कैलाश ने कहा था कि कमलनाथ के लिए भाजपा के दरवाजे बंद हैं। तंज कसते हुए कहा था कि कोई बाजार में जाएगा तो ताजे फल खरीदेगा, बासे फल कौन खरीदता है। भाजपा नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा भी कमलनाथ के भाजपा में आने की बात पर नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि देश के अंदर साल 1984 में जो सिखों का नरसंहार हुआ था. उस नरसंहार के अंदर कमलनाथ एक मुख्य आरोपी है. उन्होंने कहा है कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के आरोपी कमलनाथ के लिए भाजपा में कोई जगह नहीं है।


**एक धड़े ने नहीं किया कमलनाथ को इनकार:** बताते चलें कि प्रदेश भाजपा के कई नेताओं से जब इस बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कमलनाथ के भाजपा में आने पर स्वागत करने की बात कही थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बयान में कहा था कि कोई भाजपा में आना चाहता है तो उसका स्वागत है, वहीं पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने तो खुद कमलनाथ को भाजपा में शामिल हो जाने का न्योता दिया था। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भी कहा था कि कमलनाथ भाजपा में आएंगे या नहीं, इसका निर्णय तो वे ही लेंगे लेकिन हमारे दरवाजे हर उस व्यक्ति के लिए खुले हैं जो देश का विकास और तरक्की चाहता है।

### आदर्श विचार



"एक अनुशासित व्यक्ति अपना तथा समाज व देश का विकास कर सकता है। भागवद्"

### मन की बात



"चिंतन करो, चिंता नहीं, नए विचारों को जन्म दो।"
स्वामी विवेकानंद

## 'यूपी में अब व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल'

### पीएम ने 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का किया शुभारंभ, हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि यूपी ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा

**डबल इंजन**

8 आपने कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से यूपी अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है : पीएम मोदी





**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुझे यूपी के** सामर्थ और डबल इंजन सरकार के परिश्रम पर पूरा विश्वास है। मैं योगी को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि यूपी ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दलों से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और यूपी से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब यूपी की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा। उद्योग जगत के साथियों के लिए यूपी में अनंत अवसर की बेला है। आपने कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से यूपी अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है। ये बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। प्रधानमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी।

### उत्तर प्रदेश में पर्यटन हब बनने का सामर्थ्य: मोदी

**प्रधानमंत्री** ने लखपति दीदी योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना की भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण और शहरी मध्यम वर्ग की खरीद शक्ति बढ़ी है। उन्होंने एमएसएमई को यूपी की ताकत बताया। साथ ही ओडीओपी और पीएम श्रम सम्मान योजना की भी चर्चा करी। प्रधानमंत्री ने काशी की चर्चा करते हुए कहा कि वहां का सांसद होने के नाते काशी के लकड़ी के खिलौनों को हमेशा प्रमोट करता हूं। भारत में खिलौना कारोबार की बहुत समृद्ध परंपरा रही है।

**यूपी की तस्वीर बदल देंगे उद्योग:** अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सात वर्ष पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि यूपी में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीनाझपटी यही खबरें आती रहती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि यूपी को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है।

### 'पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न की गारंटी मान रही'

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि भारत को लेकर पूरी दुनिया में अभूतपूर्व पॉजिटिविटी दिख रही है। पीएम मोदी ने कतर और यूएई की यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि हर देश भारत के विकास को लेकर आश्वस्त और भरोसे से भरा हुआ है। पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न की गारंटी मान रही है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि चुनाव नजदीक होने पर लोग नये निवेश से बचते हैं। लेकिन आज उत्तर प्रदेश में सोच भी तोड़ दी है। दुनियाभर के इन्वेस्टर्स को सरकार की पॉलिसी और स्टेबिलिटी पर पूरा भरोसा है। ये विश्वास लखनऊ में झलक रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में जिस प्रकार की सोच आजादी के बाद से अनेक दशकों तक रही है उस पर चलते हुए ये परिवर्तन संभव ही नहीं था।

### पीएम ने किया कल्कि धाम का शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया/मुरादाबाद**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने संभल के ऐंचोड़ा कंबोह स्थित श्री कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास किया। कल्कि मंदिर के गर्भगृह में पीएम मोदी ने पूजा अर्चना की। इस दौरान पीएम मोदी के अलावा सीएम योगी और आचार्य प्रमोद कृष्णम भी साथ रहे। कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि संबल जिले की इस धरती का मैं हृदय से स्वागत करता हूं। यहां के लोगों का अभिनंदन देखकर गदगद हूं। उन्होंने कहा कि कल्कि धाम के शिलान्यास का सौभाग्य उन्हें मिला है। विश्वास है कि यह भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभर कर सामने आएगा। 18 साल की प्रतीक्षा के बाद यह अवसर आया है। कहा कि कुछ लोग अच्छे कार्य उनके लिए ही छोड़ गए हैं।

### तीसरी आंख




## यूपी: सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर हुआ लीक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**यूपी** पुलिस भर्ती परीक्षा लीक होने की खबर आने के बाद अभ्यर्थियों में आक्रोश है। उत्तर प्रदेश के मथुरा में सोमवार को अभ्यर्थियों ने पेपर रद्द करने की मांग की है। अन्यथा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। अभ्यर्थियों ने एकत्र होकर डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा सभी अभ्यर्थी हाथों में तख्तियां लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। पेपर लीक के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। ऐसे में जालसाजी करने वाले नौकरी पा जाएंगे।

## केंद्र सरकार का प्रस्ताव किसानों को नामंजूर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**एमएसपी** की कानूनी गारंटी पर चंडीगढ़ में किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच चौथे दौर की बैठक हुई। इसमें केंद्र सरकार चार और फसलों पर एमएसपी देने को तैयार हो गई है। केंद्र के इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद किसान नेताओं ने कहा कि वह सभी संगठनों से बात कर आज इस पर अंतिम फैसला बताएंगे। वहीं हरियाणा के बॉर्डर पर किसान डटे हुए हैं। सरकार अपने प्रस्ताव के जरिए सिर्फ हरियाणा पंजाब के किसानों को देख रही है जबकि आंदोलन देशभर के किसानों की विभिन्न फसलों के लिए है। वहीं धान पर सरकार एमएसपी देने के लिए राजी हुई है मगर पैदावार अपने हिसाब से कराना चाहती है। यह किसानों को मंजूर नहीं है। भाकियू शहीद भगत सिंह के किसान नेता जय सिंह जलबेड़ा ने भी इसकी पुष्टि की है।



### 'बातचीत में हरियाणा के सीएम को शामिल करें'

**भाकियू** चढूनी के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने मांग की कि आंदोलनरत किसानों के साथ सरकार की वार्ता में हरियाणा के मुख्यमंत्री भी शामिल हों। उनके शामिल न होने पर हरियाणा के किसानों की मांगों की अनदेखी की आशंका हो रही है। चढूनी ने कहा कि जब पंजाब के मुख्यमंत्री वार्ता में शामिल हैं तो हरियाणा के मुख्यमंत्री क्यों नहीं।

## दिल्ली के अफसर हमारी बात नहीं सुनते हैं: सीएम केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिचा/नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने सदन को संबोधित किया और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से एक अपील भी की। विधानसभा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम शानदार स्कीम लेकर आए। लोगों को दफ्तर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ये लोग स्कीम का विरोध कर रहे हैं। इन लोगों ने हमारी सरकार द्वारा लाई गई ज्यादातर स्कीमों को बंद कर दिया। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि ये लोग इतनी नफरत करते हैं। दिल्ली के अफसर हमारी बात नहीं सुनते हैं। सीएम केजरीवाल ने सदन के अंदर उपराज्यपाल वीके सक्सेना से अपील की। उन्होंने कहा कि अगर आप एक फोन भी कर देंगे तो ये अफसर काम करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में 10 लाख से ज्यादा लोगों के पानी के ज्यादा बिल आए हैं। इन्हें ठीक करने की हम योजना लाए हैं। ये लोग उसे भी लागू नहीं करने दे रहे। पर चिंता मत करना, पहले की तरह इसे भी लागू करवाएंगे

## भाजपा को झटका: दोबारा नहीं होगा मेयर चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**सुप्रीम** कोर्ट चंडीगढ़ मेयर चुनाव में मसीह द्वारा निशान लगाए गए बैलेट पेपर की जांच खुद करेगा। कोर्ट मामले की वीडियो फुटेज भी जांचेगा। कोर्ट ने कहा कि पीठासीन अधिकारी ने नियमों का पालन नहीं किया। उनके लगाए निशान को नजरअंदाज कर कल यानी मंगलवार को वोटों की गिनती की जाएगी। इसके बाद यह स्पष्ट हो गया है कि मेयर चुनाव दोबारा नहीं होगा। मेयर चुनाव के पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए क्योंकि वह चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे थे।



## 'धर्म, जाति के नाम पर देश को तोड़ रहे पीएम मोदी'



**टीम एक्शन इंडिया/प्रतापगढ़**
**भारत** जोड़ो यात्रा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार देश की 73 फीसदी जनता के साथ अन्याय कर रही है। दलित, आदिवासी, गरीब सवर्ण और पिछड़ी जातियों को उनका वाजिब हक नहीं मिल रहा है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी आदिवासी, दलित और पिछड़ों की उपेक्षा की गई। राहुल गांधी प्रतापगढ़ के रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के लालगंज में मोदी सरकार की राष्ट्रीय नीतियों की खामियां को गिनाया। उन्होंने कहा कि देश के 73 प्रतिशत पिछड़ों दलितों तथा आदिवासियों व गरीब सवर्णों के हक के साथ नाइंसाफी हो रही है। इंदिरा चौक पर भारी भीड़ के बीच राहुल गांधी ने श्रीरामोत्सव में आदिवासी, दलित पिछड़ों की भागीदारी में उपेक्षा का आरोप लगाया।

**बजट सत्र** चर्चा की शुरूआत करते हुए जयराम ठाकुर ने सरकार पर एक के बाद एक कई हमले बोले

## पैसे मांगने के सबूत दे विपक्ष, करेंगे कार्रवाई: सीएम

**टी एक्शन इंडिया/शिमला**
**रविवार** के अवकाश के बाद हिमाचल विधान सभा का बजट सत्र फिर शुरू हुआ। सदन में सोमवार को प्रश्नकाल के बाद बजट पर चर्चा शुरू हुई। चर्चा का आगाज नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने किया। चर्चा की शुरूआत करते हुए जयराम ठाकुर ने सरकार पर एक के बाद एक कई हमले बोले। खासतौर पर कांग्रेस की चुनावी गारंटियों का जिक्र बजट में न होने, माली साल 2023-24 के बजट में की गई घोषणाओं पर काम न होने , हैली टैक्सी सेवा के बंद होने तथा संसाधन जुटाने के नाम पर सरकार की घोषणाओं के बावजूद पूंजीगत खर्चों में कटौती व आबकारी नीति से राजस्व जुटाने के मुद्दे को लेकर जयराम ने सरकार को घेरा। आबकारी नीति का उल्लेख करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार चालू माली साल की आबकारी नीति के लागू होने के बाद राजस्व में 40 फीसद का इजाफा होने का दावा कर रही है, मगर इस वित्तीय वर्ष में अब तक आबकारी नीति के जरिए खजाने में सिर्फ 1855 करोड़ की रकम आई है, जबकि 2500 करोड़ की रकम आनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि ठेकेदार अँग्रेजी शराब व बीयर का कोटा नहीं उठा रहे। लिहाजा सरकार 700 करोड़ के राजस्व के अंतर को कैसे पाटेगी। उन्होंने कहा कि यह आबकारी नीति दिल्ली की पॉलिसी की तर्ज पर ही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ठेकेदारों के बिलों का भुगतान नहीं कर रही है। ठेकेदारों से धन की मांग की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष द्वारा सदन में ठेकेदारों से पैसे मांगने का आरोप लगाए जाने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस मामले में हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष को दो बातें सरकार के समक्ष लानी होंगी। एक तो किस ठेकेदार के बिलों का भुगतान नहीं हुआ तथा दूसरा किससे पैसे मांगे गए। इस पर भाजपा के विक्रम ठाकुर ने कहा कि कांगड़ा जिला के डाडासिबा में ठेकेदार से रकम की मांग की गई। बाकायदा इस बारे मामला सरकार के संज्ञान में लाया गया है।






# गाजियाबाद का नाम बदलकर महाराज अग्रसेन नगर करने की उठी मांग

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**
**गाजियाबाद** का नाम बदलने को लेकर सोमवार को गाजियाबाद में एक बार फिर हलचल दिखाई दी। जनपद महाराजा अग्रसेन नगर नाम परिवर्तन संघर्ष समिति ने कहा कि गाजियाबाद का नाम महाराजा अग्रसेन नगर ही होना चाहिए क्योंकि महाराजा अग्रसेन किसी एक जाति व धर्म के नहीं बल्कि सर्व समाज के हैं । इसलिए गाजियाबाद का नाम अग्रसेन नगर रखा जाना चाहिए । इसको लेकर संघर्ष समिति के अध्यक्ष रूपचंद नागत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ तौर पर कहा कि गाजियाबाद का नाम किसी और के नाम पर बिल्कुल स्वीकार्य नहीं होगा । उन्होंने कहा कि दिल्ली से सटे गाजियाबाद एक महत्वपूर्ण जिला है। जहां पर सर्व समाज के लोग रहते हैं। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद नाम होने से उन्हें आज भी मुगलिया सल्तनत संस्कृति की गुलामी का आभास हो रहा है। उन्होंने कहा कि उल गाजियाबाद




जिले से भी मुगलिया आक्रांत गाजी के नाम से आभासित गाजियाबाद का नाम जिला महाराजा अग्रसेन नगर लिखा जाए। जिससे गाजियाबाद के लोगों के मन और सम्मान में और स्वाभिमान की रक्षा की जा सके।

इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि महाराजा अग्रसेन मयार्दा पुरुषोत्तम राम के पुत्र महाराज कुश के वंशज थे। जिन्होंने लगभग 108 वर्ष भारत पर शासन किया। जो एक महाराज होते हुए भी राज्य को लोकतांत्रिक ढंग से चलाते थे। साथ ही वह देव उपासक भी थे,बलि प्रथा के कठोर विरोधी तथा अहिंसा के पुजारी थे। वह सदैव धार्मिक सामाजिक पुरोधा यज्ञ प्रेमी, शाकाहार के उपदेशक,अनुशासन ईमानदारी सत्य और करते हुए निष्ठा के पक्षधर एवं सनातन धर्मी हिंदू धर्म के प्रवर्तक व्यापार प्रेरक और कुशल व्यापार संचालक थे।

**मांग**

**8 परिवर्तन संघर्ष समिति ने कहा कि गाजियाबाद का नाम महाराजा अग्रसेन नगर ही होना चाहिए**

गाजियाबाद का नाम इन्हीं के नाम पर रखा जाना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि दिल्ली और गाजियाबाद भारत का व्यापारिक केंद्र है। जिनमें प्रतिशत 25प्रतिशत आबादी अग्रवाल समाज की है। आपको बता दें कि इससे पहले गाजियाबाद का नाम बदलने को लेकर नगर निगम में प्रस्ताव पास हो चुका है । जो शासन को भेजा जा चुका है। प्रेस वार्ता में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र हितकारी, सराफा एसोसिएशन के संरक्षक राजकिशोर अग्रवाल, वीके अग्रवाल तथा बाबा रामदास त्यागी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## हथियार के साथ कुख्यात हाशिम बाबा गिरोह का शूटर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने यमुनापार के गैंगस्टर हाशिम बाबा गिरोह के एक शूटर समेत उत्तर प्रदेश के एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। हाशिम बाबा का शूटर दिनदहाड़े फायरिंग के एक मामले में वांछित था। मामला दर्ज होने के बाद से वह फरार था। दोनों दिल्ली में एक व्यक्ति की हत्या करने की साजिश रच रहे थे। इनके कब्जे से दो पिस्टल व चार कारतूस बरामद किए गए हैं। डीसीपी स्पेशल सेल मनोज सी के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाशों के नाम सोहिब कुरैशी व अकरम अली है। 2023 में सोहिब कुरैशी के छोटे भाई फोजिल( 15 ) की जहांगीरपुरी में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। सोहिब को फाजिल की हत्या की साजिश के पीछे सुमित नाम के युवक पर शक था जिससे बदला लेने के लिए उसने अपराधियों से संपर्क बनाना शुरू कर दिया था और अवैध हथियार खरीदा था। उसने इंटरनेट मीडिया पर आपराधिक गिरोहों का अनुसरण करना शुरू कर दिया था और हथियारों के साथ अपनी कहानियां पोस्ट करता था। सितंबर में उसने दो साथियों के साथ मिलकर सुमित पर तमंचे से गोली चला दी थी। हमले में सुमित बच गया लेकिन सोहिब और उसके साथियों ने इलाके में दबदबा बनाने के लिए उक्त हमले की सीसीटीवी फुटेज इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर दी थी। उसी के बाद से सोहिब फरार था। इस अवधि के दौरान उसने अपने कुछ साथियों के माध्यम से हाशिम बाबा गिरोह में शामिल हो गया था। हाशिम बाबा ने सोहिब को उसके दुश्मनों को खत्म करने में मदद करने का आश्वासन दिया था। 14 फरवरी को सोहिब अपने भाई की हत्या में शामिल सुमित और अन्य लोगों को खत्म करने के लिए हथियार और गोला-बारूद के साथ दिल्ली लौट आया था तभी महिंद्रा पार्क थाने में हत्या के प्रयास के मामले में स्पेशल सेल ने उसे दबोच लिया।

## गुरुजी बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में, स्कूलों पर लटक सकता है ताला

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी ब्लाक के उच्च प्राथमिक और प्राथमिक स्कूल चीती के करीब 100 से अधिक छात्रों की पढ़ाई यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान बाधित हो सकती है। यहां के समस्त शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में लगा दी गई है। 22 फरवरी से लेकर सात मार्च तक स्कूल पर ताला लगने के बादल मंडराने लगे है। यह हाल केवल चीती के स्कूल का ही नहीं बल्कि जनपद के चारों ब्लाक के कई स्कूलों का है। बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी लगाने के नाम पर विभाग की ओर से लापरवाही बरती गई है। शिक्षकों ने बताया कि उनके सामने संकट खड़ा हो गया है। उन्हें मजबूरी में स्कूलों पर ताला लगाना पड़ेगा। कई बार अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (चित्र में दर्शाया गया), जिसका नाम: प्रभात कुमार उर्फ मुन्ना पुत्र बालम यादव निवासी ग्राम बिरम पुर पोस्ट–लोहरा थाना–हरनौत नालन्दा, बिहार उम्र 24 वर्ष जो 26.06.2021 सुबह 08.00 बजे को कश्मीरी गेट, दिल्ली से गुमशुदा है। इस बाबत DD No. 69-A दिनांक 06.07.2021 से थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली में दर्ज है। व्यक्ति का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:



प्रभात कुमार उर्फ मुन्ना

रंग: गोरा, कद: 6' फीट, चेहरा: गोल, शरीर: सामान्य, पहनावा: मैरून शर्ट और नीली जींस पहने हुए।

किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी/सूचना मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें ई–मेल: cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइट: http://cbi.nic.in फोन नम्बर: 11-24368638 or 24368641 पर दें।

थानाध्यक्ष
थाना, कश्मीरी गेट, दिल्ली
फोन: 8750870123

DP/1679/N/2024

## एकता एंटी करप्शन भ्रष्टाचार रोकने के लिए सरकार के साथ: फरमान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एकता** एंटी करप्शन का राष्ट्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन गालिब ऑडिटोरियम दिल्ली में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एकता एंटी करप्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरमान सिद्दीकी ने शिरकत की। सिद्दीकी ने कहा कि भारत के अंदर जो भ्रष्टाचार बढ़ते जा रहे हैं उसको रोकने के लिए एकता एंटी करप्शन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी सरकार के साथ खड़े हैं और एकता एंटी करप्शन का जनाधार भारत के 20 राज्यों में स्थापित हो चुका है। कार्यकर्ता




भ्रष्टाचार रोकने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कपूर सिंह सिसोदिया ने कहा कि हम जब तक देश से भ्रष्टाचार जड़ से खत्म नहीं कर देंगे, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता की एकता एंटी करप्शन के राष्ट्रीय संरक्षक सैयद अजीज पाशा पूर्व राज्यसभा सांसद ने की मंच संचालक महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष रिफत साकिब ने की उपस्थित थे।२२२

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **आमील** पुत्र अलाउद्दीन निवासी फुटपाथ, जमना बाजार, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 230/2020 धारा 356 / 379 / 411 / 34 भा.द.स.** थाना कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आमील** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आमील** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **आमील** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के **21.03.2024** को या उसके पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मीना चौहान
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–08,
कोर्ट कमरा नं. 272,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1196/N/2024
(Court Notice)

### अपहृत/गुमशुदा की तलाश



अंकित कुमार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम: **अंकित कुमार**, पुत्र: राम रतन, पता: रेअर इंटीरियर और फर्नीचर शोरूम संपत्ति नंबर ए–26, प्रथम तल, जगतपुरी मेन रोड, जगतपुरी, दिल्ली, उम्र: 22 साल, कद: 5 फुट 2 इंच, रंग: काला, पहनावा: लाल रंग की जैकेट, काले रंग की पैन्ट और पैरों में पीले रंग के जूते पहन रखे है जोकि दिनांक 21.01.2024 को सांय 08:30 बजे अपने घर से थाना जगतपुरी, दिल्ली क्षेत्र से अपहृत/लापता है। इस संदर्भ में **DD No. 52A dated 24.01.2024** थाना जगतपुरी, दिल्ली में दर्ज है। हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट: http//cbi.nic.in
ई–मेल - cic@cbi.gov.in
फोन: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं. 011-24368639

थानाध्यक्ष
थाना: जगतपुरी, दिल्ली
फोन नं.: 011-22420362, 22420364, 7065036023

DP/1915/SHD/2024

### गुमशुदा/अपहृत महिला की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दिखाई गई) जिसका नाम बबिता W/o अनील कुमार R/o गांव खेड़ा डाबर, जाफरपुर कलां, दिल्ली, उम्र 34 साल जो कि 15.02.2024 को दोपहर 12:00 बजे से लापता/अपहृत है। इस बाबत **DD No.33A दिनांक 16.02.2024** थाना जाफरपुर कलां, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:



बबिता

रंग: गोरा, कद: 5'6", चेहरा: गोल, शरीर: पतला, जिसने हलके पीले रंग का सूट–सलवार और पैरों में चप्पल पहनी है।

अगर किसी व्यक्ति को इस लापता/अपहृत महिला के बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो थानाध्यक्ष जाफरपुर कलां, दिल्ली को ई–मेल: cic@cbi.gov.in और वेबसाइट : http://cbi.nic.in पर सूचित करने की कृपा करें।

हस्ता/–
फोन नं.: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
दि.पु./2020/द्वारका/2024

थानाध्यक्ष: जाफरपुर कलां, दिल्ली
फोन: 011-28014100
मो.: 8750871030

## चुन्नी से गला घोंटकर गर्भवती पत्नी को मार डाला

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-63 क्षेत्र के गांव बहलोलपुर में 14 फरवरी को अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये न मिलने पर कविता की हत्या उसके पति ने चुन्नी से गला घोटकर की थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने आरोपित द्वारा आत्महत्या के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि कविता करीब पांच माह की गर्भवती थी। हत्या के बाद उसका पति अपने छोटे भाई के साथ मिलकर शव को हरनंदी में फेंक आए थे। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एडीसीपी ह्देश कठेरिया ने बताया कि अलीगढ़ के गांव कोठी नगला का अजीत पत्नी कविता और डेढ़ वर्ष के बेटे के साथ बहलोलपुर गांव में किराये पर रह रहे थे। वह सेक्टर-63 की एक सिलाई कंपनी में सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत है। 18 फरवरी को बदायूं के गांव मुस्तफाबाद के रहने वाले कविता के पिता मिहीलाल ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी बेटी बीते 14 फरवरी से गायब है और उन्हें संदेह है कि दहेज के लिए उसके पति अजीत ने उसकी हत्या कर दी है और शव को कहीं फेंक दिया है।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वीरेंद्र कुमार पुत्र रणबीर सिंह पता: 6, सैनी मोहल्ला बीजवासन, दिल्ली–61 ने एफआइआर संख्या 53 / 2017 धारा 279 / 338 भा.द.स.** 32/177/,66(1)/192/146/196/185 MV Act के तहत थाना: कापसहेड़ा, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **वीरेंद्र कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **वीरेंद्र कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अत: इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआइआर संख्या 53 / 2017 धारा 279 / 338 भा.द.स.** 32/177/,66(1)/192/146/196/185 MV Act के तहत थाना: कापसहेड़ा, दिल्ली के उक्त **वीरेंद्र कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.03.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निशीश कुमार मीना
महानगर दण्डाधिकारी–10
कोट नं–318, तीसरी मंजिल
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/1886/SW/2024

### गुमशुदा की तलाश



काजल कुमारी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लडकी जिसका नाम: **काजल कुमारी**, पुत्री: परमानन्द प्रसाद यादव, पता: मकान नं. 18/146, पूर्वी मोती बाग, सराय रोहिला, दिल्ली, **स्थायी पता**: ग्राम पराई, पोस्ट आफिस कपूर पकरी, थाना शिकारगंज, जिला पूर्वी चंपारण, बिहार जोकि दिनांक **29.01.2024** को अपने घर से थाना सराय रोहिला, दिल्ली से लापता है। इस संदर्भ में **GD No. 57A dated 31.01.2024** को थाना सराय रोहिला, दिल्ली में लापता की रिपोर्ट दर्ज है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है। उम्र: 18 साल 6 माह, **लिंग**: महिला, **कद**: 5 फुट 5 इंच, **चेहरा**: गोल, **रंग**: गोरा, **आँखें**: काली, **शरीर**: पतला, **पहनावा**: पीले रंग की साड़ी और पैरों में काले रंग की चप्पल पहन रखी हैं। पुलिस के भरसक प्रयास के बावजूद अभी तक इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जिस व्यक्ति के पास इस लड़की के बारे में कोई जानकारी हो तो कृप्या निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाइट: http//cbi.nic.in
ई–मेल - cic@cbi.gov.in
फोन 011-24368638, 24368641
फैक्स नं. 011-24368639

थानाध्यक्ष
थाना सराय रोहिला, दिल्ली
फोन नं.: 011- 23693611, 8750870133

DP/1582/N/2024

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिवम् श्रीवास्तव पुत्र सुनिल श्रीवास्तव** निवासी पटरी, कोठा नंबर 52 के पास, जीबी रोड, **कमला मार्केट, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 205/2019 भा.द.सं. की धारा 356/379/411/34 के तहत, थाना कमला मार्केट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **शिवम् श्रीवास्तव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **शिवम् श्रीवास्तव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए, इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 205/2019 भा.द.सं. की धारा 356/379/411/34 के तहत, थाना कमला मार्केट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शिवम् श्रीवास्तव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.03.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मीना चौहान
महानगर दण्डाधिकारी-08
कमरा नं.272, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

दि.पु./1948/केन्द्रीय जिला/2024

## परीक्षार्थी और उसके स्थान पर परीक्षा देने वाला रंगे हाथ दबोचा

**नोएडा।** कोतवाली फेज-तीन पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा देते एक साल्वर को रविवार शाम दूसरी पाली में रंगे हाथ पकड़ लिया। जांच के बाद पुलिस ने असली परीक्षार्थी को भी गिरफ्तार कर लिया। परीक्षार्थी की पहचान हरीश पाल निवासी उदयपुर थाना जहांगीरपुर बुलंदशहर के रूप में हुई है। हरीश की जगह उसका परिचित बादल चौधरी निवासी नेकपुर थाना जहांगीरपुर बुलंदशहर परीक्षा दे रहा था।

**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया–पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :–

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

### टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

### Change of Name

I Shveta Singh D/o Suchet Singh and W/o Deepak Pratap R/o House No-G-171C, Palam Vihar, Choma(62), Carterpuri, Gurgaon, Haryana-122017, have changed my name to Shveta Pratap.

### बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

### बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

### खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# ईडी के सामने पेश नहीं हुए सीएम केजरीवाल

## समन को बताया गैरकानूनी, ईडी के समन अवैध हैं। ईडी के समन की वैधता का मामला अब कोर्ट में हैः आम आदमी पार्टी

**अवहेलना**

**8 बार-बार समन भेजने के बजाय ईडी को कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए: आम आदमी पार्टी**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार की अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति में कथित घोटाले का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल (19 फरवरी) को भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। इस संबंध में आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि ईडी के समन अवैध हैं। ईडी के समन की वैधता का मामला अब कोर्ट में है। बार-बार समन भेजने के बजाय ईडी को कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए।

**समन पर छठी बार ईडी के सामने नहीं जाएंगे केजरीवालः** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल सोमवार को ईडी द्वारा आबकारी नीति मामले के संबंध में पूछताछ के लिए जारी छठे समन को नजरअंदाज किया। इसे आम आदमी पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को भेजे गए समन "अवैध" थे और कहा कि मामला अब अदालत में है। ईडी को समन भेजने की बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए।

**समन राजनीति से प्रेरित-केजरीवालः** उल्लेखनीय है कि इससे पहले 14 फरवरी को जांच एजेंसी ने केजरीवाल को छठा समन जारी किया और उन्हें 19 फरवरी को उसके सामने पेश होने के लिए कहा था। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ईडी के अब तक के सभी समन को नजरअंदाज कर दिया है और आरोप लगाया है कि वे "अवैध" और "राजनीति से प्रेरित" थे। मालूम हो कि पहले 2 फरवरी, 18 जनवरी, 3 जनवरी, 22 दिसंबर, 2023 और 2 नवंबर, 2023 को जारी किए गए थे। वहीं, 17 फरवरी को दिल्ली की एक अदालत ने केजरीवाल को सदन में विश्वास प्रस्ताव पर बहस का हवाला देने के बाद मामले में पांच समन छोड़ने के लिए उनके खिलाफ ईडी की हालिया शिकायत के संबंध में 16 मार्च को शारीरिक रूप से पेश होने की अनुमति दी थी।

### कोर्ट ने माना, केजरीवाल ने किया अपराध

**सूत्रों** के हवाले से बताया गया कि ईडी ने जानबूझकर जारी किए गए पहले तीन समन की अवज्ञा करने के लिए अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 174 के तहत शिकायत दर्ज की है। अदालत ने इसका संज्ञान लेते हुए प्रथम दृष्टया स्वीकार किया है कि केजरीवाल ने अपराध किया है, जिसके लिए उन पर मुकदमा चलाया जा सकता है। कहा गया कि अदालत के सामने सवाल समन की वैधता का नहीं है, बल्कि केजरीवाल की ओर से जानबूझकर उक्त तीन समन की अवज्ञा करने का गैरकानूनी कृत्य है। सूत्रों ने कहा, इसलिए अदालत में मामला 16 मार्च के लिए सूचीबद्ध होने के बावजूद ईडी द्वारा उन्हें समन जारी करना गलत नहीं है।

### 7वां समन भेज सकती है ईडी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रवर्तन** निदेशालय दिल्ली के कथित शराब घोटाले के मामले में पूछताछ करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सातवां समन जारी कर सकती है। इसके लिए जांच एजेंसी तैयारी में जुटी है। 19 फरवरी को अरविंद केजरीवाल ने ईडी के छठे समन को नजरअंदाज करते हुए गैरकानूनी बताया था। इस संबंध में आम आदमी पार्टी ने कहा कि ईडी के समन अवैध हैं। ईडी के समन की वैधता का मामला अब कोर्ट में है। बार-बार समन भेजने के बजाय ईडी को कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। ईडी से जुड़े सूत्रों ने दावा किया कि दिल्ली की अदालत ने केजरीवाल को पहले भेजे गए समन की अवज्ञा करने का दोषी पाया गया था।

# 'दिल्ली में देखेंगे एक और हेमंत सोरेन'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छठे समन पर भी पेश नहीं हुए हैं। इस पर दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री की आलोचना की है।
सचदेवा ने कहा कि जिस समन को कोर्ट ने भी स्वीकार कर लिया हो, उसे अवैध कहना कोर्ट की अवमानना है। उन्होंने कहा कि आईपीसी 174 के तहत अगर आप जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं होते हैं तो यह एक क्रिमिनल ऑफिंस है और यह क्रिमिनल ऑफिंस सीएम केजरीवाल छठी बार कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल कानून से खेल रहे हैं, ये लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में हम अरविंद केजरीवाल में एक और हेमंत सोरेन देख रहे हैं, यह जांच एजेंसी और सब से दूर भाग रहे हैं। अरविंद केजरीवाल के साथ समस्या यह है कि वह इसे स्वीकार नहीं कर सकते। अगर उन्होंने शराब नीति के नाम पर चोरी की है तो वे सोचते हैं कि वे विद्वान वकीलों की मदद से इससे बाहर निकल सकते हैं। अब कानून अपना काम कर रहा है, जांच एजेंसी अपना काम कर रही है और अरविंद केजरीवाल आज अपना काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका भी पार्टी में उनके सहयोगियों मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की तरह ही हश्र होगा।

**साधा निशाना**

**8 जिस समन को कोर्ट ने भी स्वीकार कर लिया हो, उसे अवैध कहना कोर्ट की अवमानना है**

# लोजपा सांसद प्रिंस राज को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दुष्कर्म के आरोप में फंसे स्वर्गीय पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान के भतीजे व लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के सांसद प्रिंस राज को निचली अदालत से दी गई अग्रिम जमानत को रद्द करने से दिल्ली हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि राज को ट्रायल कोर्ट द्वारा 2021 में मामले से जुड़े तथ्यों व सामग्री पर विचार करने के बाद राहत दी गई थी। पीठ ने कहा कि अदालत के समक्ष बाद में हुई ऐसी कोई घटना नहीं पेश की गई, जिससे आरोपित को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश में किसी भी हस्तक्षेप की आवश्यकता हो।

अदालत ने कहा कि व्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार एक महत्वपूर्ण अधिकार है और इसमें हल्के ढंग से हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है। समस्तीपुर से सांसद प्रिंस राज पर एलजेपी कार्यकर्ता बताने वाली महिला ने बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला ने अग्रिम जमानत देने के ट्रायल कोर्ट के 25 सितंबर 2021 के आदेश को चुनौती दी।

# 10 में से 8 लोगों ने शराब के सेवन करके ड्राइविंग करने की बात स्वीकारी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश की राजधानी दिल्ली से चौकाने वाला आंकड़ा सामने आया है। एक गैर सरकारी संगठन द्वारा किए गए सर्वे से पता चला है कि 10 में से 8 लोगों ने शराब के सेवन करके ड्राइविंग करने की बात स्वीकारी है। सर्वे के मुताबिक, जिन लोगों ने नशे में गाड़ी चलाने की बात स्वीकार की, उनमें चार पहिया और दोपहिया वाहन मालिक शामिल हैं। कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग द्वारा कराए गए सर्वे में दिल्ली के अंदर वाहन चला रहे कुल 30 हजार लोगों से बात की गई, जिनमें 20,776 पुरुष थे। ये सर्वे पिछले साल 1 अगस्त से 31 दिसंबर के बीच किया गया। सर्वेक्षण में कहा गया है कि सभी उत्तरदाताओं में से 81.2 प्रतिशत ने शराब के नशे में गाड़ी चलाने की बात स्वीकार की है।

**शराब की भेंट चढ़ते हैं कईः** भारत में बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाओं के पीछे नशे में गाड़ी चलाना सबसे बड़ा कारण बना हुआ है। 2022 में नशे में गाड़ी चलाने से देश भर में 3,268 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जो पूरे वर्ष में सभी प्रकार की दुर्घटनाओं का लगभग दसवां हिस्सा है। उसी वर्ष नशे में गाड़ी चलाने के कारण 1,503 लोगों की मौत हो गई थी, जो उस वर्ष भारत में सड़क दुर्घटनाओं में हुई कुल मौतों का लगभग 11 प्रतिशत था।

**सर्वे**

**8 जिन लोगों ने नशे में गाड़ी चलाने की बात स्वीकार की, उनमें चार पहिया और दोपहिया वाहन मालिक शामिल हैं**

**मोटर वाहन क्या कहता है?**
मोटर वाहन अधिनियम में नशे में गाड़ी चलाने पर यातायात नियम का स्पष्ट उल्लेख है। यातायात पुलिस अधिकारी नशे के स्तर की जांच के लिए ड्राइवरों से ब्लड अल्कोहल कंसंट्रेशन परीक्षण कराने का अनुरोध कर सकते हैं। आमतौर पर, ट्रैफिक पुलिस लेवल निर्धारित करने के लिए ब्रीथ एनालाइजर का उपयोग करती है। नियम कहता है कि यदि प्रति 100 मिलीलीटर ब्लड में अल्कोहल लीवर 30 मिलीग्राम से कम है तो व्यक्ति सुरक्षित है।

**पकड़े जाने पर कितनी सजा?**
नशे में गाड़ी चलाने की सजा, जिसमें जुर्माना और जेल की सजा शामिल है। पहले अपराध के लिए 10,000 रुपये तक का जुमार्ना भरना होगा या छह महीने जेल में रहना होगा या दोनों। यदि कोई अपराध दोहराते हुए पाया जाता है, तो जुर्माना बढ़ाकर 15 हजार रुपये या दो साल की जेल हो जाती है। ट्रैफिक पुलिस को बार-बार उल्लंघन करने वालों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने का भी अधिकार है।

# विधानसभा से निलंबित भाजपा विधायक पहुंचे हाई कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली विधानसभा से निलंबित करने के निर्णय** के विरुद्ध सात भाजपा विधायकों ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। मुख्य पीठ ने अनुरोध को स्वीकार करते हुए मामले को सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। भाजपा विधायकों की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता जयंत मेहता ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामला उठाते हुए कहा कि उनके मुवक्किलों को गलत तरीके से निलंबित किया गया है और ऐसा करके विधानसभा की प्रक्रिया में शामिल होने का अधिकार प्रभावित हुआ है।

# दिल्ली एम्स में छात्रों और डॉक्टर्स के लिए रहने को जगह नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश का सबसे बड़ा चिकित्सा संस्थान एम्स मेडिकल, नर्सिंग व पैरामेडिकल के छात्रों और रेजिडेंट डॉक्टर्स के लिए बड़े स्तर पर हॉस्टल की कमी से जूझ रहा है। इस वजह से करीब दो तिहाई छात्रों और रेजिडेंट डॉक्टर्स को हॉस्टल की सुविधा नहीं मिल पाती। वे एम्स के परिसर से दूर किराए पर घर लेकर रहने को मजबूर होते हैं। लिहाजा, एम्स प्रशासन करीब ढाई हजार कमरों का हॉस्टल ब्लॉक बनाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास भेजने की तैयारी में है। ताकि हॉस्टल की समस्या कुल हद तक दूर हो सके। एम्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संस्थान में मेडिकल, नर्सिंग स्नातक, पैरामेडिकल, मेडिकल स्नातकोत्तर, सुपर स्पेशियलिटी के रेजिडेंट डॉक्टर्स को मिलाकर करीब साढ़े सात हजार छात्रों के लिए हॉस्टल की जरूरत है। जबकि मौजूदा समय में 2400 छात्रों व रेजिडेंट डॉक्टर्स के लिए ही हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है।

# डाटा एंट्री ऑपरेटरों की खतरे में नौकरी

## करार का समय पूरा होने पर हटा रहे जिलाधिकारी

**आउटसोर्स**

**8 जिलाधिकारियों का कहना है कि इन्हें सिमित अवधि के लिए रखा गया था। ये लोग आउटसोर्स पर रखे जाते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सिविल डिफेंस वालेंटियर के बाद अब राष्ट्रीय राजधानी के जिला कार्यालयों में तैनात डाटा एंट्री ऑपरेटरों (डीईओ) की नौकरी खतरे में आ गई है। कई सालों से जमे डीईओ को जिला कार्यालयों से मुक्त करने की तैयारी है।

**दिल्ली के 11 जिलों में तैनात हैं करीब 350 डीईओः** जिलाधिकारियों का कहना है कि इन्हें सिमित अवधि के लिए रखा गया था। ये लोग आउटसोर्स पर रखे जाते हैं। इसके लिए फिर से सरकारी जेम पोर्टल पर निविदा निकाली जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी के 11 जिलों में करीब 350 डीईओ तैनात हैं। लंबे समय से इन्हें बदला नहीं गया है।

**आउटसोर्स के आधार पर होती है भर्तीः** डीएम, एसडीएम और तहसीलदार कार्यालय में ये सभी कागजी प्रक्रिया को पूरा करने में कार्यरत हैं। कई ऐसे हैं, जो 10 वर्ष से अधिक समय से इस पद पर बने हुए हैं। इनकी भर्ती आउटसोर्स के आधार पर होती है।

**दक्षिण पूर्व जिले में करीब 19 डीईओ हटाए गए :** जिलों को जितने डीईओ की जरूरत होती है। उतने के लिए सरकार के जेम पोर्टल पर निविदा देते हैं और जो जरूरत के अनुसार स्टॉफ और कीमत मांगता है उसका चुनाव कर लिया जाता है। इसके लिए इनकी कंप्यूटर पर काम करने की दक्षता भी जांची जाती है, फिर जिलों के विभिन्न विभागों में तैनात किया जाता है।
अभी दक्षिण पूर्व जिले में करीब 19 डीईओ हटाए गए हैं। वहीं, नई दिल्ली में भी नई डीएम ने आते ही सबसे पहली फाइल इन्हीं की तलब की। इससे डीईओ में डर का माहौल है कि उन्हें भी न हटा दिया जाए। जिलाधिकारियों का कहना है कि उन्होंने नियमों के अनुसार ही कदम उठाए हैं और आगे भी उठाएंगे। कुछ जिलों के डीईओ कोर्ट चले गए हैं, इसलिए अदालत के आदेश के हिसाब से कार्रवाई होगी।

# 22000 रुपये के दान पर साल भर बच्चों को मिलती है मुफ्त शिक्षा

## एकल अभियान की तारीफ खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में** बच्चों की शिक्षा के लिए कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों में से एक एकल विद्यालय का प्रयास भी है। एकल अभियान के जरिए देश में लाखों बच्चों को एजुकेशन मुहैया करवाई जा रही है। शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य और कौशल प्रशिक्षण तक फैला काम ग्रामीण भारत में रहने वाले लोगों को अपनी मदद करने के लिए रिसोर्सेज और टूल्स देकर सशक्त बनाता है। एकल अभियान की तारीफ खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं। बता दें कि भारत लोक शिक्षा परिषद की ओर से दिल्ली के कनॉट प्लेस में एकल वार्षिक अमृत महोत्सव- 2024 का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था को डोनेशन देने वाले प्रमुख लोगों को सम्मानित किया गया, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

**प्रत्येक विद्यालय में 25-30 बच्चों को दी जाती है शिक्षाः** एकल अभियान के तहत एकल विद्यालय चलाए जाते हैं, जहां पर 22000 रुपये के डोनेशन पर एक साल के लिए प्रत्येक विद्यालय में 25-30 बच्चों के शिक्षा मुहैया करवाई जाती है। वहीं एकल विद्यालय को सपोर्ट करने वालों में एसबीआई कैपिटल, गेल, एसएमसी ग्लोबल सर्विसेज, आईआरएफसी, ग्लोब कैपिटल, ईआईएल जैसी बड़ी कंपनियां भी शामिल हैं। एकल वार्षिक अमृत महोत्सव- 2024 के दौरान कई बड़ी कंपनियों और लोगों ने व्यक्तिगत तौर पर सहयोग करते हुए करोड़ों रुपयों का डोनेशन एक ही दिन में दिया। एकल विद्यालय को सपोर्ट करते हुए संस्था को एकल वार्षिक अमृत महोत्सव- 2024 के दौरान एक ही दिन में 15 करोड़ रुपये से ज्यादा का डोनेशन मिला है। कार्यक्रम में राज चावला, प्रवीण कांत, करन गर्ग, रजनी चावला, विजय कपूर, अविनाश मट्टा, आनंद खंडेलवाल, सबीना वासुदेव आदि भी शामिल रहे। इस कार्यक्रम को लेकर ट्रस्टी एवं सीएसआर विभाग के चेयरमैन सुभाष सी अग्रवाल ने कहा कि विश्व का सर्वश्रेष्ठ सामाजिक शिक्षा संगठन एकल अभियान पंचमुखी शिक्षा (शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, जागरण एवं स्वावलंबन) के माध्यम से गावों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत है। वर्तमान में बिना किसी सरकारी सहायता के लगभग एक लाख एकल विद्यालय सफलतापूर्वक संचालित किये जा रहे हैं, जिसके माध्यम से लगभग 28 लाख बच्चों को एजुकेशन हासिल हो रही है। कार्यक्रम को लेकर एकल-सीएसआर के वाइस चेयरमैन अभय चंडालिया ने कहा कि एकल राष्ट्र निर्माण के साथ सामाजिक परिवर्तन लाने में कार्यरत है।

**एजुकेशन**

**8 एकल अभियान के जरिए देश में लाखों बच्चों को एजुकेशन मुहैया करवाई जा रही है**



## न्यूज फ्लैश

### कचरा क्लेशन गाड़ियों को मंत्री डॉ. गुप्ता ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने शहर में वार्ड 11 से 20 डोर-टू-डोर कचरा क्लेशन की गाड़ियों का सोमवार को हरी झड़ी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहर में कुल 20 वार्ड हैं। इनमें डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए 10 वार्ड का पहले कार्य चल रहा हैं। इसी प्रकार शेष 10 वार्ड 11 से 20 वार्ड का डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का कार्य आज से प्रारम्भ हो जाएगा। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि इसके लिए कंपनी को कार्य दिया गया हैं जो कि डोर-टू-डोर क्लेशन करेंगे और उसको ट्रांसपोर्ट करेंगे व उसका निस्तारण भी करेंगी। उन्होंने कहा कि इसके तीन कम्पोनेट निकलेंगे, कम्पोस्ट, एलर्ट और आरपीएफ निकलेंगे जिनके अपने-अपने ढंग से कम्पोस्ट किसानों का देगी, आरडीएफ फ्लाईओवर बनने के काम आएंगा। इसी प्रकार स्वच्छता अभियान की शुरूआत हुई है। उन्होंने इसके लिए शहर की जनता को बधाई देते हुए अपील की कि शहर का प्रत्येक व्यक्ति सफाई के प्रति पूरा जागरूक हों। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि ग्रीन कंक्रीट कंस्ट्रक्शन को 11 से 20 वार्ड का डोर-टू-डोर कचरा क्लेशन का कार्य एक वर्ष के लिए दिया गया हैं। इसमें कंपनी द्वारा 116 टन प्रतिदिन कचरा कचरा क्लेशन किया जाएंगा। उन्होंने बताया कि कंपनी को 1840 रुपये प्रति टन के हिसाब से ठेका दिया गया हैं, इस प्रकार से सालाना लगभग 7.80 करोड़ रुपये खर्च आएगा जिसका कार्य कंपनी ने सोमवार से प्रारम्भ कर दिया हैं। वार्ड 11 से 20 में 40 गाड़ियों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा क्लेशन किया जाएंगा। इससे पहले वार्ड 1 से 10 में डोर-टू-डोर कचरा क्लेशन करने का कार्य पहले ही दिया जा चुका हैं, जो कि निरंतर चल रहा है। इस अवसर अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह, उप-निगम आयुक्त वीरेन्द्र सहारण, कार्यकारी अभियंता संदीप सिहाग, कार्यकारी अभियंता संदीप धुंधवाल, एसडीओ सुमित, एसडीओ विद्युत साहिल, एमई संदीप बैनीवाल, एमई सुमित खंडोला, एमई कर्मपाल, मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूपवाला, वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण बिश्नोई, विधानसभा संयोजक रामचन्द्र गुप्ता, डॉ. मीनू भुटानी, मंडल अध्यक्ष भाजपा लोकेश असीजा, शुभम वलेचा, ठेकेदार कमल ढाका, जेई अंकुर चैहान, जेई राकेश, जेई कुलदीप, जेई संदीप, जेई सुमित, जेई प्रवीन चैहान, जेई रित्विक, सीएसआई राजकुमार, एएसआई सुरेन्द्र हुड्डा, आदि मौजूद रहे।

### पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला आज राज्यसभा के लिए घोषित कर दिए जायेंगे निर्वाचित

**चंडीगढ़/अंकुश जैन**

भारतीय संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव की कड़ी में हरियाणा से आगामी अप्रैल माह में रिक्त होने वाली एक नियमित सीट के ताजा निर्वाचन के लिए हरियाणा से नामांकन भरने वाले एकमात्र उम्मीदवार भाजपा से सुभाष चन्द्र बराला को मंगलवार 20 फरवरी को ही इस चुनाव के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा नामित रिटर्निंग ऑफिसर (आर.ओ.) डॉ. साकेत कुमार, जो हरियाणा कैडर के 2005 बैच के आईएएस अधिकारी है, द्वारा निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया जाएगा. पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने मौजूदा चुनावी कानून के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 53 (2 ) के अनुसार अगर किसी चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या उस चुनाव द्वारा भरी जाने वाली रिक्त सीटों के समान हो, तो आर.ओ. द्वारा उन सभी उम्मीदवारों को सीधे निर्वाचित घोषित कर देता है जिन्होंने नामांकन भरा होता है एवं जो नामांकन जांच के दौरान सही पाया जाता है. ऐसी परिस्थिति में मतदान कराने की कोई आवश्यकता नहीं होती एवं उम्मीदवारी वापसी के अंतिम दिन ही आर.ओ. द्वारा उन सभी उम्मीदवार /उम्मीदवारों को निर्वाचित घोषित कर दिया जाता है।

# गरीब लोगों के पुर्नवास के लिए जल्द तैयार की जाएगी योजना: सीएम

## मुख्यमंत्री ने गांव खड़क मंगोली में लोगों के पुर्नवास के लिए चिन्हित की गई भूमि का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जिला पंचकूला के गांव खड़क मंगोली और राजीव व इंदिरा कॉलोनी में झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे गरीब लोगों के पुर्नवास के लिए जल्द ही एक व्यापक योजना तैयार की जाएगी। इसके लिए लगभग 7500 झुग्गियों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री आज जिला पंचकूला में गांव खड़क मंगोली में लोगों के पुर्नवास के लिए चिन्हित की गई भूमि का निरीक्षण करने उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता भी उपस्थित थे। मनोहर लाल ने कहा कि पंचकूला के गांव खड़क मंगोली, राजीव व इंदिरा कॉलोनी में लोग वर्षों से अवैध झुग्गियां बनाकर रह रहे है। अवैध अतिक्रमण को हटाने और लोगों का पुर्नवास करने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा गांव खड़क मंगोली में 59.12 एकड भूमि चिन्हित की गई



है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग व राजस्व विभाग के साथ जल्द ही एक बैठक कर उक्त भूमि के संबंध में सभी पहलुओं पर विचार विमर्श करने उपरांत एक योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खड़क मंगोली, राजीव व इंदिरा कॉलोनी की झुग्गियों में रह रहे लोगों के पुर्नवास की योजना तैयार करने के लिए आज ही उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता के साथ चंडीगढ के धनास और मलोया क्षेत्र का दौरा कर, वहां रह रहे लोगों के साथ-साथ प्रशासन के अधिकारियों के साथ भी बातचीत की है। उन्होंने कहा कि योजना तैयार करने से पूर्व सभी हितधारको से बातचीत कर विभिन्न मॉडलों पर चर्चा की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर सरकार द्वारा लाभार्थियों को बैंक से लोन भी मुहैया करवाया जाएगा। मनोहर लाल ने कहा कि घग्गर नदी के साथ लगते क्षेत्र में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की कुछ जमीन है, जो नीचाई में होने के कारण उपयोगी नहीं है। उन्होंने एचएसवीपी को निर्देश दिए हैं कि घग्गर नदी में पानी के सुरक्षित बहाव को देखते हुए इस जमीन के उपयोग की एक योजना तैयार की जाए ताकि क्षेत्र का समन्वित विकास हो सके। गुरुग्राम, फरीदाबाद और अन्य बडे. शहरों को स्लममुक्त बनाने के लिए

**योजना**

**8 7500 झुग्गियों में रहने वाले लोगों को मिलेगा योजना का लाभ: सीएम मनोहर लाल खट्टर**

सरकार की कार्य योजना के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में श्री मनोहर लाल ने कहा कि भूमि की उपलब्धता और अतिक्रमण के आधार पर प्रत्येक शहर की अलग-अलग योजना तैयार की जाएगी।

**अंत्योदय और लोकहित का होगा हरियाणा बजट:** आगामी 20 फरवरी को शुरू हो रहे बजट सत्र के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के बजट में अंत्योदय और लोकहित की झलक साफ दिखाई देगी। किसानों द्वारा एमएसपी की मांग के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि आपसी सहमति से किसी भी समस्या का हल निकाला जा सकता है।

## राज्यसभा के लिए नामांकन करने के बाद बराला का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

### बराला का चयन करके पार्टी ने बढ़ाया आम कार्यकर्ता का सम्मान : डॉ. आशा खेदड़



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

राज्यसभा के लिए नामांकन करने उपरांत समैण गांव में पहुंचे भाजपा हिसार लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला का पार्टी कार्यकताओं ने स्वागत किया है। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ के नेतृत्व में कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने सोमवार को उनका स्वागत करते हुए उनके चयन पर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि पार्टी ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला को राज्यसभा के लिए चुनकर एक आम कार्यकर्ता का सम्मान किया है। सुभाष बराला जमीन से जुड़े कार्यकर्ता हैं और उन्होंने पार्टी में विभिन्न पदों पर रहते हुए पार्टी की मजबूती के लिए काम किया है। राज्यसभा के लिए उनके चयन से पार्टी कार्यकताओं में भारी खुशी है। समैण गांव में स्वागत करने पहुंचे कार्यकर्ताओं से मिलते हुए सुभाष बराला ने कहा कि कार्यकर्ता उनके लिए आदरणीय है। पार्टी ने उनका राज्यसभा के लिए चयन कर-के जहां एक छोटे कार्यकर्ता का सम्मान किया है वहीं कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के स्वागत ने उनके सम्मान में चार चांद लगा दिए हैं। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, फतेहाबाद जिला अध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, जिला महामंत्री आशीष जोशी, जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू, जिला सचिव स्वामी दर्शन गिरी, डॉ.वैभव बिदानी, सह कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, अमर पातड़ व पवन शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रदर्शन की तैयारियां को लेकर किसानों ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

**21 फरवरी को** जिला मुख्यालयों पर हल्ला बोल प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की सोमवार को गधौला टोल प्लाजा पर एक अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जसबीर नंबरदार पांडो मंडल उपाध्यक्ष ने की। जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि 21 फरवरी को जिला मुख्यालय यमुनानगर में ट्रैक्टरों के साथ जिला उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया जाएगा और यह हल्ला बोल धरना सुबह 10 बजे से 4बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि किसान वहीं बैठकर अपनी पंचायत करेंगे। लंगर और चाय की व्यवस्था वही की जाएगी और अगली रणनीति तय करेंगे। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल का रेट मांगते हैं तो सरकार उन पर गोलियां और लाठियां बरसाती है। उन्होंने बताया कि हमारे राष्ट्रीय नेता राकेश टिकैत ने कहा कि 26 फरवरी से किसान अपने ट्रैक्टरों का मुंह दिल्ली की तरफ करेंगे। जिसको लेकर रणनीति बनाई गई है। 26 फरवरी से किसान अपने ट्रैक्टर पर झंडा बांधकर दिल्ली की तरफ हाईवे पर अपना ट्रैक्टर ले जाकर पहुंच जाएंगे।

**घेराव**

**8 21 फरवरी को जिला मुख्यालय यमुनानगर में ट्रैक्टरों के साथ जिला उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया**

## व्हीकल स्क्रैपिंग पॉलिसी लागू करेगी हरियाणा सरकार: डिप्टी सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि राज्य सरकार "हरियाणा पंजीकृत वाहन स्क्रैप एवं पुनर्चक्रण सुविधा प्रोत्साहन नीति 2024" के नाम से व्हीकल स्क्रैपिंग पॉलिसी लाएगी। उन्होंने कहा कि इस पॉलिसी के तहत हरियाणा में अत्याधुनिक स्क्रैप रीसाइक्लिंग सुविधा को बढ़ावा देकर जहां प्रदूषण पर नियंत्रण करने पर जोर रहेगा तो वहीं युवाओं के लिए रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर पैदा करने पर भी फोकस किया जाएगा। वे सोमवार को चंडीगढ़ में इस नई नीति को लेकर हो रही बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पुराने और अनफिट वाहनों को व्यवस्थित और पर्यावरण अनुकूल तरीके से हटाने के लिए केंद्र सरकार ने मोटर वाहन (पंजीकरण और वाहन के कार्य) की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि सड़क के लिए अनुपयुक्त वाहनों का पता लगाने के लिए स्क्रैपिंग सुविधा नियम, 2021 का निर्माण किया जा रहा है। डिप्टी



सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई बजट घोषणा 2023-24 के अनुरूप पुनर्चक्रण सुविधा प्रोत्साहन नीति वाहन स्क्रैप पुनर्चक्रण के लिए प्रोत्साहन प्रदान करेगी। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि नई नीति का उद्देश्य है कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाए, जो कि आने वाले समय में पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए विश्व की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विश्व में क्रूड आयल कम होता जा रहा है और पूरा विश्व वैकल्पिक ऊर्जा का अनुसंधान कर रहा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वाहनों में इलेक्ट्रिकल व उद्योगों के लिए सौर ऊर्जा पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई नीति के तहत इको-पार्क, रीसाइक्लिंग पार्क को बढ़ावा देकर रीसाइक्लिंग हब स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा ऑटो ओईएम के साथ संयुक्त रूप से आरवीएस और आरएफ की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रीसाइक्लिंग पार्क के लिए आबादी वाले क्षेत्रों के बाहर जगह चिह्नित करें, ताकि आमजन को असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि पॉलिसी के तहत प्रोत्साहन तभी मिलेगा जब नया वाहन राज्य के ओईएम डीलरों से खरीदा जाएगा और पंजीकृत किया जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वाहन की महत्वपूर्ण आयु के बाद केंद्रीय मोटर वाहन नियमों के अनुसार उच्च फिटनेस शुल्क का प्रावधान होगा।

# डीसी से मिला पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति का

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**अपनी** मांगों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे किसानों को रोकने के लिए सरकार द्वारा बंद किए गए रास्तों को खोलने सहित अनेक मांगों को लेकर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को उपायुक्त से मिला और मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के ब्लाक उपप्रधान मलकीत सिंह ने किया। इस अवसर पर उनके साथ राज्य कमेटी सदस्य भूपेन्द्र सिंह रंधावा, कल्याण सिंह धांगड़, मनप्रीत सिंह माजरा रोड इकाई प्रधान, करनैल सिंह नंबरदार झाड़ साहिब, सुरेश गढ़वाल ठोबा ढाणी सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

किसान नेताओं ने कहा कि फसलों के एमएसपी गारंटी कानून सहित अनेक मांगों को लेकर किसान दिल्ली कूच के लिए निकले हुए हैं। किसानों से बातचीत की बजाय भाजपा सरकार उन पर लाठियां बरसा रही है। आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। इन किसानों को दिल्ली पहुंचने से रोकने के लिए हरियाणा की भाजपा सरकार ने जगह-जगह अनेक सडकों को बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जिले में बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा व खरीफ फसल का मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है, जिससे किसानों में काफी रोष है।

ज्ञापन में पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने मांग की है कि जिला फतेहाबाद में 2023 में आई बाढ़ का मुआवजा तुरंत जारी किया जाए। 2023 में आई बाढ़ के नुकसान जोकि पोर्टल पर दर्ज था, उसका कम कर दिया है जोकि गलत है। इसे तुरंत सही किया जाए। खरीफ 2022 के नरमा-कपास की बकाया राशि किसानों को दी जाए। मौजूदा किसान आंदोलन को लेकर सरकार द्वारा जिन रास्तों को जाम किया गया है, उन्हें खोला जाए तािा बार्डर पर किसानों पर प्रशासन द्वारा की जा रही तानाशाही पर रोक लगे और किसानों की मांगों को पूरा किया जाए।

**मांग**

**8 किसानों पर हो रही तानाशाही रोकने और बंद किए गए रास्तों को जल्द खुलवाने की मांग**

# गर्ल्स कॉलेज के प्रिंसिपल से मारपीट, खेत में पेड़ काटने को लेकर विवाद

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

**राजकीय महिला महाविद्यालय भोडियाखेड़ा** के प्रिंसिपल राजेश मेहता के साथ के साथ ढाणी टाहली वाली में कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। हमले में घायल प्रिंसिपल को उपचार के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। अस्पताल में उपचाराधीन प्रिंसिपल राजेश मेहता ने बताया कि सीएम द्वारा गांवों में विकास पर निगरानी के लिए ग्राम संरक्षक नियुक्त किए थे। उन्हें भी उनके गांव टाहली वाली ढाणी का ग्राम संरक्षक बनाया गया था। उन्हें 3 माह में रिपोर्ट देनी होती है कि गांव में विकास कैसे चल रहा है, हालात क्या हैं। आज इसी रिपोर्ट के लिए वे ढाणी टाहली वाली में गए थे। प्रिंसिपल राजेश मेहता ने बताया कि गांव जाते समय उन्होंने देखा कि कुछ लोग उनके खेत में खड़े शीशम के पेड़ को काट रहे थे। उन्होंने लोगों को जाकर रोका और कारण पूछा तो वे लोग वहां से चले गए। प्रिंसिपल ने बताया कि उक्त लोगों से शीशम कटवा रहा फतेहाबाद का जीत सिंह अपनी पत्नी, बेटे व दो-तीन अन्य लोगों के साथ वहां आया और आते ही उनसे बहस बाजी शुरू कर दी। इसके बाद इन लोगों ने उसका गला पकडकर उनसे मारपीट भी की। उन्होंने बताया कि मुश्किल से वहां से बचकर वे कार में सवार होकर फतेहाबाद आए। रास्ते में गुरूनानक पुरा पुलिस चौकी में शिकायत दी। उनके सिर व मुंह पर गुम चोटें होने पर वे अस्पताल पहुंचे हैं। जहां उनका इलाज चल रहा है।

**मामला**

**8 रास्ते में गुरूनानक पुरा पुलिस चौकी में शिकायत दी। उनके सिर व मुंह पर गुम चोटें होने पर वे अस्पताल पहुंचे हैं**

## केंद्र सरकार की मौजूदा वार्ता में केंद्र की मंशा पर संदेह: अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग** ढांडा ने सोमवार को यहां कहा कि किसानो के साथ केंद्र सरकार की मौजूदा वार्ता में केंद्र की मंशा पर संदेह है। लेकिन पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री भगवंत मान का कहना है कि वार्ता में समाधान निकलने की उम्मीद है।

वे स्वयं सलाहकार के बतौर वार्ता में शामिल हुए हैं। अनुराग ढांडा ने यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार वार्ता को चुनाव आने तक बढ़ाते हुए किसानो को मांगे पूरी करने से बचना चाहती है।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से सिख समाज में फैला रोष

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

**सिखों के** दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के दो साहेबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो डालने और अभद्र भाषा पोस्ट करने के विरोध में बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग पुलिस को शिकायत देने पहुंचे और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर गुरबीर सिंह, मंदीप रोड छप्पर और शेर सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि रविवार को किसी प्रवीण कुमार नाम के व्यक्ति ने अपनी फेसबुक पर एक पोस्ट डाली है जिसमें सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के दो साहेबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को लेकर एक आपत्तिजनक




पोस्टर टैग कर वायरल किया है। जिसमें अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। जिसमें कुछ अन्य शरारती लोगों ने उस पोस्ट को लाइक किया है। उन्होंने कहा कि इस पोस्ट को लेकर सिख समाज में भारी रोष है। इसकी शिकायत संबंधी जानकारी जिला पुलिस के उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। जगाधरी सदर पुलिस स्टेशन जगाधरी में शिकायत देकर फेसबुक पर पोस्ट डालने वाले आरोपी प्रवीण कुमार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि हिंदू-सिख भाईचारा के माहौल को खराब करने के लिए जानबूझ इस तरह की डाली जा रही है। इस पोस्ट से आज सारे सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है और समाज के लोगों में भारी रोष है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समाज में शांति भंग करने और भाईचारे में द्वेष भावना पैदा करने वाले इस तरह के असमाजिक तत्व को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

**मांग**

**8 दो साहेबजादों को लेकर डाली फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग**

# एमएसपी: किसान नेता चढूनी ने दे दिया सरकार को अल्टीमेटम

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**

**किसानों का** आंदोलन एमएसपी की गारंटी सहित कई मांगों को लेकर अभी भी चालू है। वहीं, भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने सरकार को 21 फरवरी तक का समय दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार 21 फरवरी तक नहीं मानी तो हरियाणा भी आंदोलन में शामिल होगा।

**सरकार के पास 21 फरवरी तक का समय:** किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि 21 फरवरी तक का समय है। सरकार को सोचना और समझना चाहिए कि ये दो चीजें (तिलहन और बाजरा) (खरीद के लिए) बहुत महत्वपूर्ण हैं। जैसे उन्होंने दालों, मक्का और कपास का



उल्लेख किया, उन्हें करना चाहिए इन दोनों फसलों को भी शामिल करें।

**तिलहन और बाजरा को भी करें शामिल:** अगर इन दोनों को शामिल नहीं किया गया तो हमें इस बारे में फिर से सोचना होगा। कल हमने फैसला लिया कि अगर 21 फरवरी तक सरकार नहीं मानी तो हरियाणा भी आंदोलन में शामिल होगा। बता दें कि भारतीय किसान यूनियन (चढूनी ) की ओर से रविवार को ब्रहमसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में बुलाई गई बैठक में सर्वसम्मति से चार प्रस्ताव पास किए गए हैं।

**चढूनी ने सरकार को लिखा पत्र:** किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने अपने बयान में कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि हरियाणा में 14 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं। प्रदेश के सभी किसान संगठन व किसान बड़े हैरान है। आपका यह बयान देश व प्रदेश की जनता को गुमराह करने वाला व तथ्यहीन ब्यान लगता है क्योंकि प्रदेश में केवल दो फसले गेंहू, धान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की जा रही है। तीसरी फसल गन्ना एफआरपी पर खरीद की जा रही है बाकी बाजरा, सरसों, सूरजमुखी की फसल भवांतर भरपाई योजना के तहत ली जा रही है।

**सरकार ने पत्र में पूछे कई सवाल:** साथ ही उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि भवांतर भरपाई योजना में भी प्रदेश के कुल उत्पादन का कुछ भाग ही खरीदा जा रहा है और भवांतर भरपाई योजना में फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे भाव दिया जाता है।

**एमएसपी**

**8 चढूनी के किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने सरकार को 21 फरवरी तक का समय दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार 21 फरवरी तक नहीं मानी तो हरियाणा भी आंदोलन में शामिल होगा**

# बंदरों ने किया महिला पर हमला, छत से गिरकर टूटे पैर

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

**शहर** में लगातार बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हर दिन किसी ने किसी पर हमला भी कर रहे है। अब ऐसा ही मामला शिव चौक में देखने को मिला है। बंदरों के झुंड ने एक महिला पर हमला कर दिया। हमला के समय महिला छत पर थी। इन बंदरों से बचने के लिए महिला ने छत से छलांग लगा दी, जिससे उसकी दोनों टांगे टूट गई। स्वजनों ने महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया, लेकिन हालत गंभीर होने के बाद हिसार रेफर कर दिया। इस घटना के बाद स्वजन नगर पालिका कार्यालय में पहुंचे और रोष जताया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अधिकारी कुछ नहीं कर रहे बल्कि कागजों में ही बंदर पकड़ रहे है। अब अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही बंदर पकड़े जाएंगे।

**अधिकारी बोले बंदरों को पकड़ने के लिए मांगी गई है अनुमति**

शिव चौक निवासी किरण व अन्य ने बताया कि उनके पड़ोस में छत पर पति पत्नी अपने बच्चों के साथ किराये के मकान पर रहते हैं। रविवार शाम को आशु नामक महिला जब अपने घर के बालकनी में थी। तभी बंदरों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया। महिला ने खुद को बचाने के लिए छत से छलांग लगा दी और उनकी दोनों टांगे टूट गईं, उन्हें यहां निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें हिसार रेफर कर दिया गया। लोगों ने रोष जताया कि अगर जल्द ही इन बंदरों को पकड़ा जाए। लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ तो धरना दिया जाएगा।

**हमला**

**8 भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने सरकार को 21 फरवरी तक का समय दिया है**

## न्यूज फ्लैश

### शिव पालकी पर हुई पुष्पवर्षा, लगे भोले के जयकारे



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव प्रभातफेरी की ओर से निकाली जा रही प्रभातफेरी में भगवान शिव का प्रतिदिन गुणगान किया जा रहा है। सोमवार को प्रभातफेरी सेक्टर-32 में शिव भक्त वीना सेठ के निवास से प्रारंभ हुई, जहां उन्होंने अपने पूरे परिवार के साथ भगवान शिव की आरती की और आशीर्वाद लिया।

गलियों का भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी सेक्टर- 32 नरसी विलेज में मणि नागपाल के निवास पर पहुंची, जहां विश्राम लिया गया। भक्तों ने जय शिव शंकर के जयकारों के साथ फूलों की वर्षा के साथ प्रभातफेरी का भव्य स्वागत किया। शिव भोलेनाथ के दर्शनों के लिए श्रद्धालु अपने घरों के मुख्यद्वार पर थाल में ज्योत जलाकर सुबह प्रभातफेरी के आने का इंतजार करते हुए दिखाई दिए। नगर की विभिन्न गली-मोहल्ले का भ्रमण कर लोगों को भगवान शिव की महिमा के बारे में बताया गया। श्रद्धालु भगवान शिव की जय-जयकार कर आगे बढ़ रहे थे।

इस अवसर पर सतपाल मनोचा, प्रवीन सचदेवा, राजू भुटानी, राम गोपाल शर्मा, वेद, राधेश्याम, ललित दुआ, सरदार जरनैल सिंह, अंजली भुटानी, शोभा, सुनीता कथूरिया सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### वकीलों ने किया वर्क सस्पेंड, चंडीगढ़ में वकील के साथ मारपीट पर भड़के



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिला बार एसोसिएशन ने चंडीगढ़ में वकील के साथ हुई मारपीट के चलते वर्क सस्पेंड कर दिया। वकीलों में रोष व्याप्त है। हालांकि इस मामले में मामला दर्ज हो चुका है, लेकिन वकीलों का आरोप है कि जो धाराएं लगाई गई हैं, वे सही नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ के सेक्टर-28 में वकील के साथ एक व्यक्ति द्वारा मारपीट की गई और मारपीट के दौरान वकील को गंभीर चोटें आई हैं और वह अस्पताल में एडमिट है। पीड़ित वकील पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं। इसके बाद आज पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल की कॉल आई थी कि हरियाणा के सभी जिला स्तरीय कोर्ट में वर्क सस्पेंड रहेगा। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित वकील अपनी कंप्लेंट लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व कार्यकारिणी के साथ लोकल पुलिस स्टेशन में गए थे, लेकिन वहां पर भी पुलिस ने वकीलों की सही तरीके से सुनवाई नहीं की और काफी देर तक इंतजार करवाया। इतना ही नहीं पुलिस ने एक बहुत ही कमजोर एफआइआर दर्ज की है, जो कि एक खानापूर्ति है। पीड़ित वकील को गंभीर चोटें आई है, लेकिन एफआईआर बेलएबल अपराध में की गई है।

# चुनाव के दृष्टिगत बैठक: डीसी ने मांगा अधिकारियों व कर्मचारियों का विस्तृत ब्यौरा

## चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार किन अधिकारियों व कर्मचारियों को ड्यूटी से छूट दी जानी है इसकी जानकारी भी दें

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** लोकसभा चुनाव की हालांकि विधिवत घोषणा अभी नहीं हुई है, लेकिन जिला प्रशासन ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से चुनाव कराने के लिये तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में आज जिला उपायुक्त अनीश यादव ने डीआईओ तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और जरूरी निर्देश दिये। उपायुक्त ने डीआईओ को निर्देश दिये कि चुनाव के दृष्टिगत भारत सरकार और



राज्य सरकार के जिला में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का ब्यौरा विस्तृत रूप से उपलब्ध कराया जाये। यह भी निर्देश दिये कि चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार किन अधिकारियों व कर्मचारियों को ड्यूटी से छूट दी जानी है इसकी जानकारी भी दें। उन्होंने कहा कि करनाल में केंद्र सरकार के कार्यालयों में सैंकड़ों कर्मचारी कार्यरत हैं। उनकी ड्यूटी लगाने अथवा न लगाने बारे संबंधित विभाग के

**तैयारी**

**8 जिला प्रशासन ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से चुनाव कराने के लिये तैयारियां शुरू कर दी हैं**

प्रमुख से प्रमाण पत्र हासिल किया जाये। साथ ही एसडीएम अनुभव मेहत्ता को निर्देश दिये कि इस बारे में वे जिला में स्थित केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों के प्रमुखों के साथ पत्र व्यवहार करें। जरूरी हो तो उनके साथ बैठक भी फौरन आयोजित करें ताकि अधिकारियों व कर्मचारियों की संख्या का सही आंकड़ा सामने आ सके। जिला में 1147 बूथ हैं। इसके लिये 1147 पीठासीन अधिकारी और इतने ही सहायक पीठासीन अधिकारी तथा 2294 पोलिंग स्टाफ की जरूरत पड़ेगी। इसके अलावा रिजर्व स्टाफ भी रखना पड़ेगा। जरूरत पडने पर करनाल से केंद्र सरकार के कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी बतौर माइक्रो ऑबजर्वर अन्य जिलों में भेजे जा सकते हैं।

## महिला दो बच्चों को छोडकर हुई फरार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** कस्बा तरावड़ी थाना क्षेत्र में एक महिला अपने दो छोटे-छोटे बच्चों को छोडकर फरार हो गई। महिला के पति की एक साल पहले सडक हादसे में मौत हो गई थी। पुलिस ने महिला के ससुर की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में महिला के ससुर ने बताया कि उसके लडके की शादी करीब 10 साल पहले हुई थी। उसके बेटे के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं, एक लडका व एक लडकी। एक साल पहले ही उसके बेटे की सडक हादसे में जान चली गई। जब से उसके बेटे की मौत हुई है, तब से उसकी बहू ने उसे परेशान किया हुआ है। पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि उसकी पुत्रवधू बिना बताए कहीं भी चली जाती है

**जांच जारी**

**8 लडके की शादी करीब 10 साल पहले हुई थी। उसके बेटे के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं, एक लडका व एक लड़की**

और कई बार तो एक सप्ताह तक वापस घर नहीं आती। उसके दो छोटे-छोटे पोता पोती हैं, जो अपनी मां के बगैर नहीं रह पाते। इस बार बीती 23 जनवरी को दोनों बच्चों को घर पर छोडकर किसी अनजान व्यक्ति के साथ घर से चली गई। उसकी काफी जगह तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। बुजुर्ग ने बताया कि इस बार तो वह अपने साथ घर में रखी सारी नकदी व अपने कपड़े भी साथ ले गई।

## समलैंगिक जोड़े को मिली प्रोटेक्शन, दोनों बीए की छात्राएं

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल** में समलैंगिक जोड़े को कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप में प्रोटेक्शन दी है। इनमें से एक युवती की 26 फरवरी को शादी होनी थी। शादी से 10 दिन पहले वह घर से भाग गई। परिवार से खतरा बता युवती ने कोर्ट से सुरक्षा मांगी थी। एडवोकेट मुकेश गर्ग ने कोर्ट में प्रोटेक्शन याचिका दायर की, जिस पर कोर्ट ने प्रोटेक्शन देकर दोनों युवतियों को सेफ हाउस भेज दिया।

एडवोकेट मुकेश गर्ग ने बताया कि करनाल क्षेत्र की 22 वर्षीय युवती बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है, जबकि दूसरी 23 वर्षीय युवती पानीपत के मतलौडा क्षेत्र की है और बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा देने के बाद करनाल के बर्गर किंग आउटलेट में जॉब करती है। दोनों युवतियों की जान-पहचान सोशल मीडिया पर हुई। दोनों एक-दूसरे को बहुत पसंद करती हैं, इसलिए उन्होंने एक-दूसरे के साथ रहने का पक्का मन बना लिया। समाज के रीति-रिवाजों और प्रकृति के विपरीत जाकर ऐसा कदम

**सुरक्षा**

**8 शादी से 10 दिन पहले वह घर से भाग गई। परिवार से खतरा बता युवती ने कोर्ट से सुरक्षा मांगी थी**

उठाना दोनों के लिए आसान नहीं था। उन्होंने इस चुनौती को स्वीकार किया और प्रोटेक्शन के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। दोनों युवतियां दो साल से एक-दूसरे के टच में थीं। इसके बारे में किसी को पता नहीं था। 22 वर्षीय युवती की शादी घर वालों ने जींद के एक युवक के साथ तय कर दी थी। 26 फरवरी को उसकी शादी होने वाली थी। घर में शादी को लेकर तैयारियां चल रही थीं, लेकिन शादी से 10 दिन पहले ही 22 वर्षीय युवती घर से फरार हो गई और अपने डॉक्यूमेंट के साथ करनाल कोर्ट पहुंच गई।

## करनाल में राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को : सीजेएम

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। जिला** विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि आगामी 9 मार्च को इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्प्लैक्स करनाल में आयोजित होगी। इसके अलावा असंध तथा इंद्री के न्यायिक परिसर में भी प्रातः 10 बजे से यह लोक अदालत आयोजित की जाएगी।

**समय और पैसे दोनों की बचत :** सुश्री जसबीर कौर ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों की न्याय दिलाने में मदद करना है। इससे समय व पैसे दोनों की बचत होती हैं। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। किसी भी आमजन का यदि कोई मामला लंबित है तो इस लोक अदालत में मामले की सुनवाई के लिए ला सकता है।

## सीजेएम जसबीर कौर ने किया उपमंडलीय विधिक सेवा कमेटी इन्द्री का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। मुख्य** न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर सोमवार को उपमण्डलीय विधिक सेवा कमेटी, इन्द्री पहुंची। उपमण्डलीय विधिक सेवा कमेटी, इन्द्री के अध्यक्ष मधुर बजाज ने सुश्री जसबीर का स्वागत किया। इस मौके पर सिविल जज जूनियर डिवीजन इंद्री सुश्री हर्षा शर्मा उपस्थित रही। सुश्री जसबीर ने उपमण्डलीय विधिक सेवा कमेटी इन्द्री में चलाए जा रहे मध्यस्थता केंद्र व कानूनी सहायता केंद्र का निरीक्षण किया तथा उन्होंने पैनल अधिवक्ताओं व मिडिएटर्स को प्रदान किए जाने वाले मुकदमों के बारे में बातचीत की। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा



कैदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं व मुफ्त कानूनी सेवाओं बारे तथा पैन इंडिंया कैम्पेन के अंतर्गत ज्यूविनायलों के अधिकारों बारे में बातचीत की।

जिला एडीआर सैंटर करनाल में स्थापित कानूनी सहायता केन्द्र पर कोई भी व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह प्राप्त कर सकता है। मुफ्त कानूनी सलाह के लिए हैल्पलाइन नंबर 1844-2266138 पर भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कोई भी गरीब व्यक्ति, स्त्री, बच्चा, आरक्षित वर्ग, वरिष्ठ नागरिक, किन्नर, विकलांग, स्वतंत्रता सैनानी इत्यादि मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने के हकदार हैं। इसके लिए किसी भी कार्य दिवस पर जिला एडीआर सैंटर में स्थापित कानूनी सहायता केन्द्र पर संपर्क किया जा सकता है।

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग में ओवरऑल चैंपियन बनी जेजेटीयू

### चार दिन चले ग्रेपलिंग टूनार्मेंट के विजेताओं को ट्राफी, मेडल देकर किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/झुंझुनूं**

अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ व श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला यूनिवर्सिटी कैम्पस में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग टूनार्मेंट में मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं महिला व पुरूष वर्ग में पहले स्थान पर रहते हुए ओवरऑल चैंपियन बनी। विजेताओं को यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल व डायरेक्टर एस्टेट इंजीनियर बालकृष्ण टिबड़ेवाला ने ट्राफी सौंपी। चार दिन चले ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग टूर्नामेंट 2023-24 में पुरूष वर्ग में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं 79 अंक के साथ पहले स्थान पर, माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाड़ा 22



अंक के दूसरे स्थान पर, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी बरेली 21 अंक के साथ तीसरे व देश भगत यूनिवर्सिटी खन्ना, पंजाब 19 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही। इसी प्रकार महिला वर्ग में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं 77 अंक के साथ पहले स्थान, देश भगत यूनिवर्सिटी खन्ना, पंजाब 26 अंक के साथ दूसरे स्थान पर, वीएनएसजी यूनिवर्सिटी सूरत 13 अंक के साथ तीसरे स्थान पर व चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी

**प्रतियोगिता**

**8 समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट व डायरेक्टर एस्टेट ने किया सम्मान**

11 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही। खेल निदेशक डॉ अरुण कुमार ने बताया कि पुरूष वर्ग में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने 6 गोल्ड मेडल, 14 सिल्वर मेडल, माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाड़ा ने 2 गोल्ड मेडल, 3 सिल्वर मेडल, 3 ब्रांज मेडल, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी बरेली ने 3 गोल्ड मेडल, 1 सिल्वर मेडल व 3 ब्रांज मेडल जीते। इसी प्रकार महिला वर्ग में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने 8 गोल्ड मेडल, 7 सिल्वर मेडल जीते, जबकि देश भगत यूनिवर्सिटी खन्ना, पंजाब ने 5 गोल्ड मेडल व 1 ब्रांज मेडल, वीएनएसजी यूनिवर्सिटी सूरत ने 1 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल व 2 ब्रांज मेडल जीते प्रख्यात कलाकार अमित ढुल ने प्रस्तुति देकर खिलाड़ियों का मनोरंजन किया।

इस मौके पर रजिस्ट्रार डॉ अजीत कुमार, परामर्श समिति सदस्या डॉ मधु गुप्ता, डीन एकेडमिक्स डॉ रामदर्शन फौगाट, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ अनिल कड़वासरा, डॉ सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## स्नैचिंग करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार 9400 की राशि बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** सीआईए वन की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी समीर उल्ला पुत्र अता उल्ला वासी हयात एनक्लेव लोनी, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से छीनी हुई सोने की चेन को बेचकर प्राप्त हुई राशि से बचे हुए 9400 रुपए की राशि बरामद की गई।

पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी ने 11 मार्च 2023 को शिकायतकर्ता सुदेश रानी से एरिया थाना सेक्टर 32-33 के शिव मंदिर, शिकायतकर्ता सतविंदर से एरिया थाना सदर करनाल के गोगडीपुर फ्लाई ओवर और शिकायतकर्ता शुदा रानी से मुगल कैनाल करनाल से सोने की चेन झपटा मारकर छीनी गई थी। इस संबंध में थाना सेक्टर 32-33, थाना सदर और थाना सिविल लाइन में अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

## भगवान श्री राम के जयकारों पर थिरके श्रद्धालुगण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** आज सैक्टर-5 स्थित श्रीराम मंदिर स्थापना दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुगण ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर महिला श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम के खूब जयकारे लगाए। देखते ही देखते पूरा महौल राममयी हो गया। श्रद्धालुगण भगवान श्री राम के गीतों पर जमकर थिरकते नजर आए।

वार्ड-8 से निवर्तमान पार्षद मेघा भंडारी ने भगवान श्री राम के समक्ष शीश नवाया और अपने वार्ड की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।



मेघा भंडारी ने कहा कि प्रभु श्री राम प्रत्येक भारतीय जन के हृदय में बसे हैं। वार्ड में श्री राम मंदिर का होना सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि जय सिया राम का आह्वान आज न केवल भगवान राम के शहर में, बल्कि आज पूरे विश्व में गूंज रहा है। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान रामपाल, चौधरी, रिचा कौशल सहित सैकडों की संख्या में श्रदालुगण उपस्थित रहे।

## छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** डीएसपी महिला सुरक्षा विजय कुमार के निर्देशन और महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में टीम द्वारा राजकीय स्कूल बजीदा जटान में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया।

महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। कई बार चुप



रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते है। उन्होंने छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया। छात्राओं को यह भी ध्यान रखने को कहा गया कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है। उन्होंने छात्राओं को अच्छी नजर और बुरी नजर के बारे भी सावधान किया। उन्होंने स्कूल की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालो को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया। छात्राओं को यह भी बताया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि शहर में स्कूल, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है। टीम ने छात्राओं को उसके घर, स्कूल या अन्य जगह कोई भी परेशानी आने पर दुर्गा शक्ति पुलिस फोर्स द्वारा सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

## एटीएम मशीनें काटने का वीडियो आया सामने

### चोरों ने मोबाइल की जगह वॉकी-टॉकी का किया इस्तेमाल, 6 मिनट में 6.70 लाख चुरा ले गए चार नकाबपोश

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस।** माल रोड स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ से मशीनें तोडकर 6.70 लाख की चोरी का वीडियो सामने आया है। चार नकाबपोश चोरों ने पूरे प्रोफेशनल तरीके से चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया है। चारों चोर इतने शातिर थे कि उन्होंने वारदात के दौरान मोबाइल की बजाय वॉकी-टॉकी से बात की और हाथों में दस्ताने डालकर कर 6 मिनट में चोरी कर ली, ताकि पुलिस उन तक न पहुंच पाए।

सीसीटीवी में कैद तस्वीरों में दिख रहा है कि चार बदमाश अल सुबह 2 बजकर 52 मिनट पर बैंक के बाहर आते हैं। चारों बदमाशों के



पास आपस में बातें करने के लिए वॉकी-टॉकी होता है। जिसमें दो बदमाश गैस वैल्डिंग मशीन, वॉकी-टॉकी व हाथों में दस्ताने डालकर बूथ के अंदर आते हैं, जबकि दो बदमाश सडक के दोनों तरफ छिपकर बैठ जाते हैं। सभी बदमाशों द्वारा मुंह पर नकाब डाला हुआ था, ताकि उनकी पहचान न हो सके। अल सुबह करीब 2 बजकर 54 मिनट पर दोनों बदमाश पहले बूथ के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड? का प्रयास करते हैं। उसके बाद बूथ के अंदर जाते हैं और गेट

**वारदात**

**8 चार नकाबपोश चोरों ने पूरे प्रोफेशनल तरीके से चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया है**

बंद करके गैस वैल्डिंग मशीन निकालते हैं। इसके बाद एक चोर गैस वैल्डिंग से दरवाजे के सामने वाली मशीन को काटता है, जबकि दूसरा चोर वॉकी-टॉकी पर बाहर बैठे अपने अन्य साथियों से बात करते हुए मशीन के पार्ट को अलग करता है। करीब 3 मिनट में पहले मशीन को चोरों ने काटा। एक मशीन को काटने के बाद एक चोर दूसरी मशीन को काटने लगता है, जबकि दूसरा पहली कटी मशीन से पैसे निकालकर बैग में रखता है। इस तरह चोर गैस वैल्डिंग से दूसरी मशीन को काटता है। इस दौरान बूथ में धुआं ही धुआं हो जाता है। जिस कारण बैंक में सायरन बज जाता है, लेकिन तब तक बदमाश दूसरी मशीन को भी काटकर उससे पैसे निकालकर बैग में डाल लेता है। 3 बजकर एक मिनट पर दोनों चोर बूथ से बाहर निकलकर अपने अन्य साथियों के साथ पैदल भाग जाते हैं। बदमाशों ने बैंक के आसपास ही अपने वाहन को खड़ा किया होगा, जिस पर सवार होकर वह आए थे।

## 90 ग्राम स्मैक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**मुकदमा**

**8 इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। सीआईए** वन की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर टोल टैक्स बस्ताड़ा पर मोटरसाइकिल पर जाते हुए दो आरोपी सिकंदर पुत्र बनारसी वासी डेहा कॉलोनी अंबाला और राजकुमार पुत्र इंद्रलाल वासी नजदीक बीडी फ्लोर मिल लक्की विहार अंबाला को गिरफ्तार किया।



तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 90 ग्राम स्मैक बरामद की गई। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं, जो कि स्मैक पीते और बेचते है। वह यह स्मैक दिल्ली से लेकर आए थे।

# किसान आंदोलन में छिपा राजनीतिक एजेंडा

## संपादकीय

## चुनाव से पहले चंदे पर संकट

**लोक स**भा चुनाव से ठीक पहले सर्वोच्च अदालत ने 2018 की चुनावी बॉन्ड़ की योजना पर प्रतिबंध लगाकर ऐतिहासिक फैसला दिया है। शीर्ष अदालत का विश्वास है कि इस योजना से मतदाताओं के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सांविधानिक अधिकार के साथ सूचना के अधिकार का उल्लंघन हो रहा था। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस ड़ी.वाई. चंद्रचूड़.के नेतृत्व में पांच सदस्यीय संविधान पीठ का मानना था कि कोई भी मतदाता किसी भी राजनीतिक दल की विचारधारा और उसके प्रत्याशी की योग्यता के आधार पर वोट देने का निर्णय करता है। इस निर्णय तक पहुंचने के लिए उसे पता होना चाहिए कि किस राजनीतिक दल को कौन चंदा दे रहा हैं जिसके आधार पर वह तय कर सके कि इस चंदा देने के पीछे लाभ के बदले लाभ प्राप्त करने की नीयत तो नहीं है। कहीं ऐसा तो नहीं कि चंदा देने वाला व्यक्तिॉ व्यक्तियों का समूह या कार्पोरेट घराना सरकार की नीतियों को अपने पक्ष में करने के लिए प्रयासरत हो। इस संबंध में स्पष्ट राय बनाने के लिए मतदाता को किसी भी राजनीतिक दल को मिलने वाले चुनावी चंदे के स्त्रोत की जानकारी होना आवश्यक है। संविधान पीठ ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल 2019 से अब तक चुनावी बॉन्ड़ योजना के अंतर्गत खरीदे गए बॉन्ड़ॉ खरीदारों के नामॉ खरीद की तारीखॉ मूल्य वर्ग और उन्हें भुनाने वाले राजनीतिक दलों का विवरण 6 मार्च तक चुनाव आयोग को बताने का आदेश दिया है। अदालत ने आयोग को यह भी निर्देश दिया है कि एसबीआई से प्राप्त सभी जानकारी १३ मार्च तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड़ करे। विपक्षी राजनीतिक दलों समेत कुछ पूर्व निर्वाचन अधिकारियों ने इस फैसले का स्वागत किया है। हालाकि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था को असंवैधानिक बताकर सुप्रीम कोर्ट ने भले ही पूरी चुनावी पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं, लेकिन चुनावी चंदे की यह व्यवस्था पहले भी कभी पारदर्शी नहीं रही थी। इसे लेकर सदैव सवाल उठते ही रहे हैं। इससे निपटने के लिए चुनाव आयोग ने चंदे से जुड़ी व्यवस्था में कई बार बड़े बदलाव भी किए लेकिन राजनीतिक दलों की स्थिति तू डाल-डाल और मैं पात-पात की तरह ही रही। सुप्रीम कोर्ट की पॉच सदस्यीय पीठ के इस फैसले से फिलहाल अब कोई भी पार्टी चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा नहीं ले पाएगी। कोई भी व्यक्ति, कंपनी या संस्था चुनावी बॉन्ड के जरिए राजनीतिक पार्टियों को चंदा नहीं दे पाएगी। इसके अलावा जिन राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी बॉन्ड को कैश नहीं कराया है। उन्हें इन्हें बैंक में लौटाना पड़ेगा। यानि लोकसभ चुनाव से ठीक चंद दिन पहले इस तरह के फैसले से सबसे ज्यादा दिक्कत केन्द्र की सत्तासीन भाजपा को होना तय हे। ऐसा नही है कि अन्य राजनैतिक दलों को चंदा नही मिलता, लेकिन उनकों उनकी हैसियत के आधार पर चंदा मिलता है। क्षेत्रीय दलों तक को बहुत बड़ी राशि चंदे में मिलती है। हालांकि इस फैसले के बाद अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि चुनावी चंदे की पुरानी व्यवस्था फिर से लागू होगी। चुनावी चंदे की पुरानी व्यवस्था के तहत राजनीतिक दलों को पहले 20 हजार से ज्यादा मिलने वाले प्रत्येक चंदे का ब्यौरा चुनाव आयोग को अपने सालाना रिटर्न दाखिल करने के दौरान देना होता था। जिसे आयोग सार्वजनिक भी करता था। हालांकि इनमें राजनीतिक दल मिलने वाले चंदे का 80 फीसदी से ज्यादा राशि को 20 हजार से कम का होना बताते हुए उसका ब्यौरा नहीं देते थे। इसके बाद तो आयोग ने इस पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के चलते ब्यौरा न देने वाली चंदे राशि की लिमिट को 20 हजार से घटाकर दो हजार कर दिया था।

**आशीष वशिष्ठ**

> “न जगजीत सिंह डल्लेवाल इस बार किसान आंदोलन के सबसे प्रमुख चेहरे हैं। जिस तरह पिछली बार गुरुनाम सिंह चढ़ूनी और राकेश टिकैत थे इस बार डल्लेवाल हैं। उनके मुंह से किसान आंदोलन की सच्चाई निकल गई है। डल्लेवाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि राम मंदिर बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ग्राफ बहुत बढ़ गया था, उसे नीचे लाना है। आंदोलन में शामिल पंजाब के किसान नेता तेजवीर सिंह का एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वो किसान आंदोलन के जरिए देश की सरकार बदलने की बात कर रहे हैं। इतना ही नहीं वो किसान आंदोलन को विपक्ष की लड़ाई लड़ने वाला भी बता रहे हैं”

**भारत** एक लोकतांत्रिक देश है और संविधान के तहत देश के हर नागरिक को शांतिपूर्ण आंदोलन और प्रदर्शन करने का मौलिक अधिकार है। लेकिन, न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी कानून की गारंटी के लिए आंदोलनरत किसान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें मंगवाने के पक्षधर नहीं दिखते। सरकार बातचीत के माध्यम से समस्या सुलझाना चाहती है। लेकिन किसान नेताओं के तेवरों और मांगों की लंबी सूची के दृष्टिगत इस बात की संभावना न्यून है कि बातचीत से ये मसला निपटेगा। वास्तव में किसान नेता भी जानते हैं कि एमएसपी कानून की गारंटी देना इस सरकार तो क्या किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है। किसानों के असली इरादों को उनकी तैयारियों को देखकर समझा जा सकता है। जिस तरह ट्रैक्टर ट्रालियों में महीनों का राशन और दूसरा जरूरी सामान लेकर वो घरों से निकले हैं, उससे साफ है कि उनकी मंशा समझौते की नहीं, टकराव की है। वो चाहते हैं कि गलती से शासन प्रशासन के हाथों कोई ऐसा काम हो जाए, जिससे वो और उनका पूरा इको सिस्टम सरकार को किसान विरोधी साबित कर सके। ये सारी कवायद चुनाव से पहले माहौल खराब करने और सरकार की छवि को ठेस पहुंचाने की दिखाई देती है।

किसान समस्या का हल चाहते तो बातचीत में विश्वास करते। वो तो दिल्ली की तरफ हजारों की भीड़ लेकर ट्रैक्टर ट्रालियों, गाड़ियों और अन्य साधनों से दिल्ली की ओर ऐसे बढ़े मानो उन्हें किसी विदेशी सरकार से निर्णायक संघर्ष करना है। किसान नेता जब मीडिया या किसी सार्वजनिक मंच से बोलते हैं तो ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानो केंद्र सरकार उनकी सबसे बड़ी दुश्मन है। मीडिया से बातचीत के समय किसान नेताओं और उनके समर्थकों की भाषा, बाडी लैग्वेंज और भाषणों की टोन ऐसी होती हैं मानो किसी दुश्मन देश की सरकार को वो चेतावनी दे रहे हों। करोड़ों नागरिकों द्वारा निर्वाचित सरकार, जो बातीचत के लिए हमेशा तैयार है, उसके प्रति किसान नेताओं का अनादर का भाव कदम कदम पर दिखाई देता है। किसान नेता अपने आंदोलन को अराजनीतिक बताते हैं। लेकिन राजनीतिक संगठनों के साथ उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। इसीलिए कहा जा रहा है कि किसान आंदोलन तो बहाना है- असली काम तो मोदी सरकार को हटाना



है। लोगों में चर्चा इस बात को लेकर है कि आखिर बिना राजनीतिक दलों के समर्थन के इतना बड़ा आंदोलन इतनी जल्दी कैसे खड़ा हो सकता है। 2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर पंजाब के 34 किसान संगठन विरोध कर रहे थे, जबकि यह आंदोलन में मात्र कुछ किसान संगठनों द्वारा ही किया जा रहा है। तो क्या यह सही है कि इस बार का आंदोलन किसी विशेष उद्देश्य से हो रहा है। भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर के प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल इस बार किसान आंदोलन के सबसे प्रमुख चेहरे हैं। जिस तरह पिछली बार गुरुनाम सिंह चढूनी और राकेश टिकैत थे इस बार डल्लेवाल हैं। उनके मुंह से किसान आंदोलन की सच्चाई निकल गई है। डल्लेवाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि राम मंदिर बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ग्राफ बहुत बढ़ गया था, उसे नीचे लाना है। आंदोलन में शामिल पंजाब के किसान नेता तेजवीर सिंह का एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वो किसान आंदोलन के जरिए देश की सरकार बदलने की बात कर रहे हैं। इतना ही नहीं वो किसान आंदोलन को विपक्ष की लड़ाई लड़ने वाला भी बता रहे हैं। मतलब साफ है कि कहीं न कहीं किसान नेताओं को एक बात समझाई गई है कि ये लड़ाई किसानों के अधिकारों और एमएसपी की गारंटी के लिए नहीं है बल्कि इन मुद्दों के नाम पर सरकार को ही बदलना है। यही नहीं किसान आंदोलन को कवर कर रहे है बहुत से यूट्यूबरों, मीडिया हाउसेस के वीडियो देखने को मिल रहे हैं जिन्हें देखकर आप यही कह सकते हैं कि किसान आंदोलन भ्रमित है या गलत लोगों के हाथ है बहुत से किसान इंडिपेंडेंट पंजाब या खालिस्तान की बात करते हुए मिलते हैं। कुछ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए मिल जाते हैं। इन किसानों के मन में एमएसपी पर गारंटी की डिमांड कम, केंद्र सरकार को बदलने का जज्बा काफी है। इनमें से कुछ को नरेंद्र मोदी के लिए इतनी नफरत भरी हुई जैसे किसी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता अपने विरोधी दलों के नेताओं के बारे में रखता है। बल्कि राजनीतिक दलों के कार्यकताओं में भी अपने विरोधी दल के नेता के लिए मरने-मारने की बात नहीं होती। यहां तो किसान मरने-मारने की बात भी कर रहे हैं। पंजाब में पीएम मोदी का काफिला रोकने की जिम्मेदारी लेने वाले संगठन भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी संगठन भी इस आंदोलन में शामिल हैं।

आंदोलन शुरू होने से 2 दिन पहले जिस तरह कांग्रेस नेता राहुल गांधी का ट्वीट किसान आंदोलन को समर्थन करते आ गया था उससे भी इस संदेह को बल मिला कि यह आंदोलन किसानों के अधिकार के लिए नहीं बल्कि मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ज्यादा है। कांग्रेस नेता रमनदीप सिंह मान पर आरोप है कि वो कांग्रेस और किसान नेताओं के बीच कड़ी का काम कर रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखपत्र पांचजन्य के हैंडल ने उनके कई ट्वीट्स की कड़ी का थ्रीड बनाकर अपने हैंडल पर डाला हुआ है। इस थ्रीड से पता चलता है कि कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने किस तरह रमनदीप सिंह के साथ मिलकर किसान आंदोलन को खड़ा किया। जब चार साल पहले तीन नए कृषि कानूनों के विरोध में राजधानी को लगभग 13 महीने तक बंधक बनाए रखा गया था। धरना-प्रदर्शन और आंदोलन के बहाने अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किसान संगठनों की ओर से बनाए गए माहौल का ही नतीजा था कि केंद्र सरकार को उन तीन कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था, जिन्हें कृषि और कृषक समुदाय के लिए क्रांतिकारी माना जा रहा था। सच्चाई यह है कि पिछली सरकारों ने जो कुछ किसानों की भलाई के लिए किया, वर्तमान सरकार ने उससे बढ़कर ही किया है। आंकड़ें इसके प्रत्यक्ष साक्षी हैं। ये भी सच्चाई है कि किसानों की भलाई के लिए काफी कुछ किया जाना बाकी भी है। असल में, जब आंखों में विरोधी चष्मा चढ़ा हो, और दिमाग में रटी रटाई स्क्रिप्ट तैर रही हो तो बातचीत से मामला हल कहां होने वाला है? सरकार चाहे जितने भी उपाय और मजबूरियां बता दे, किसान नेताओं को तो अपनी बात पर अड़े रहना है। शायइ उनके राजनीतिक आकाओं की ऐसी ही मंशा होगी। किसान हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। पिछले सात दशक से जिस तरह की कृषि नीति देश में अपनायी गयी है, उन नीतियों से किसानों की स्थिति तो नहीं सुधरी है, न ही उनको उनके उपज का वाजिब दाम ही मिल पाता है। लेकिन किसानों के ही फसलों से कृषि तंत्र पर कब्जा जमाए बिचौलियों और कारोबारियों की आर्थिक सेहत हमेशा ही बल्ले-बल्ले रही है। कृषि क्षेत्र में सुधार और बिचौलियों को सिस्टम से बाहर करने के लिए ही सरकार तीन नये कृषि कानून लेकर आई थी। लेकिन ये भ्रम फैलाया गया कि नये कानून किसान विरोधी हैं। सरकार ने भी दबाव में आकर कानून वापस ले लिये। जानकारों का मानना है कि, नये कृषि कानून लागू हो गये होते तो किसानों की कई समस्याओं का हल स्थायी तौर पर हो जाता। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले, उनका जीवन सुधरे और वो भी पूरे मान सम्मान के साथ जीवन बिताएं, इसमें किसी को कोई परेशानी नहीं है। किसानों को भी तनातनी और राजनीति छोड़कर बातचीत से मसला हल करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। हिंसा और उपद्रव से किसानों की छवि तो खराब होती ही है, देश के साधनों और संसाधनों का नुकसान होता है।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

## किसान का बसंती राग

**डॉ. सुरेश कुमार**

**अबकी व**संत बौराया हुआ है। सरसों तो फूल-फूलकर पीले हुए जा रहे हैं। फिर भी खेतों में मातमभरी उदासी छायी हुई है। उनका मालिक किसान वसंत का स्वागत करने के बजाय दिल्ली की सीमाओं पर धरने पर बैठा है। उसे नहीं पता कि दिल्ली में बहरे शासन करते हैं और अंधे-गूँगे तालियाँ बजाते हैं। जहां अकबर ने कौओं की गिनती करने में बीरबल को लगा दिया वहाँ हम ऐसे इंसान को ढूँढ़ने की फिराक में हैं जिसके भीतर हृदय बसता है और औरों के लिए धड़कता है। किसान भूल गए हैं कि औरों के लिए धड़कने वाले दिल सिर्फ किताबों में मिलते हैं। असलियत में गीदड़, सियार, उल्लुओं और कौओं की सरकार हैं। यहाँ सिर्फ शोर चलता है किसी का जोर नहीं। चौबीसों घंटे भाषणों का शोर, झूठे एजेंडों का शोर, ताली-थाली बजाने का शोर, कुत्तों की तरह भौंकने का शोर, कौओं की काँव-काँव का शोर, कोई गीदड़ जाए तो शोर ,कोई गीदड़ पैदा हो तो शोर, जमीन से आसमान तक शोर ही शोर है। अगर कुछ नहीं है तो वह इंसानियत है। देश को अन्न खिलाने वाले पर लाठियों का जोर है। हाँ-हाँ चारों ओर सिर्फ शोर ही शोर है।

जनता जानती है कि पेट्रोल, डीजल, गैस की कीमतें बढ़ गयी हैं। किसान जान गए हैं कि किसान बिल वापस होने वाले नहीं हैं लेकिन वसंत नहीं जानता कि उसे अमलतास को ओढ़े रखना है या उतार फेंकना है। किसान अपनी खाल बचाकर आएगा तब ही अमलतास की चादर ओढ़ पाएगा न! अबकी टेसू सारे दिल्ली में चलने वाली लाठियों से थरथराकर झड़ रहे हैं। जो अमिया बनने की कगार पर हैं वे अपने भविष्य की कल्पना मात्र से डाल से जौहर करने को तैयार हैं। न जाने इस बार महुआ को क्या हुआ कि सुगंध फैलाने की जगह सिंधु सीमा पर बैठे किसानों के मैले-कुचले कपड़ों, पीड़ा के मारे निकल रही कराह से बस्सा रहे हैं। महुआ वसंती रंग की जगह किसानों पर बरसी लाठियों से बहने वाले खून से सना-सना लग रहा है। इस बार कलियों ने सौगंध खायी हैं जब तक किसानी चेहरे नहीं चहकते तब तक वे फूल नहीं बनेंगी। काश कोई कलियों को बता पाता कि न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी। न सरकार कानून वापिस लेगी न किसान चहकेंगे। अब भला कलियाँ खाक चहकेंगी। इस बार न जाने तितलियों की क्या मति मारी गयी है कि फूल न मिलने से उड़-उड़कर दिल्ली की सीमाओं पर जा रही हैं। उन बेवकूफों को कौन बताए कि दिल्ली में फूल नहीं धूल मिलती है। इसीलिए तो इतने दिनों से अन्नदाता धूल फांक रहे हैं। ठिठुरती सर्दी जाते-जाते किसानों को इतना कह गयी है कि मैं तो बड़ी दयालु थी जो तुम्हें जान बख्श गयी, यदि सरकार होती तो कब की लील गयी होती। जब-जब वसंत ने किसानों को देखा तब-तब उनके हाथों में हल का हंसिया का हमदम देखा। इस बार भी वसंत ने किसान को भूखा, सड़क पर टूटा और भाग्य से लूटा देखा। उसे पता है वसंत की खुशहाली में किसानों की आत्महत्या, साहूकारों के कर्जे और अनबिहाई बिटिया की पीड़ा बसती है।

## विचार

## भारत, राम और हिंदी को लेकर विदेशी विद्वानों में सदियों से जिज्ञासा

**आर.के. सिन्हा**

**भारत, राम** और हिंदी को लेकर विदेशी विद्वानों में सदियों से जिज्ञासा का भाव बना रहा है। जिसे पता नहीं क्यों हमारे अपने बुद्धिजीवि और इतिहासकार छिपाने का भरपूर प्रयास करते रहे हैंकइन जिज्ञासुओं में अनेकों यूरोपीय, अमेरिकी, चीनी, अरबी और जापानी विद्वान भी शामिल रहे हैं। उन नामों में से अब एक नाम अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम का भी जुड़ गया है। वह बीते चार दशकों से हिंदू धर्म का गहन अध्ययन कर रही हैं। अब उन्होंने माता सीता पर गहन शोध के बाद एक किताब 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' लिखा है। बीते माह अयोध्या में राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आलोक में डेना मेरियम की माता सीता पर आई किताब महत्वपूर्ण मानी जानी चाहिए। उनके अपने देश अमेरिका में भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने में आया था। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के फेमस टाइम स्क्वायर पर भी दिखाया गया था। अमेरिका के हर शहर में राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम का टेलीकास्ट किया गया था। डेना मेरियम की 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' ने तुरंत विद्वानों का ध्यान आकर्षित किया है। माता सीता पर किए गए मूल शोध को नजरअँदाज करना असंभव है। माता सीता आधुनिक समाज की नारी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। यदि नारी मां सीता के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर ले तो उसका जीवन भी आनंदमय होकर संकट मुक्त हो जाएगा। माता सीता का जीवन आधुनिक परिवेश में भी अनुकरणीय है। पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए उन्होंने राजमहल का ऐश्वर्य का त्याग कर वन में संघर्षशील जीवन बिताया। इतना ही नहीं पति के आदेशानुसार अपने द्वितीय निर्वासन के दौरान वन में साधारण स्त्री की तरह रहते हुए व एक आदर्श माँ का कर्तव्य निभाते हुए उच्च आदर्श स्थापित किया। आज के समाज में उन आदर्शों का तो लोप होता जा रहा है। डेना मेरियम की पुस्तक को देखकर स्वर्गीय कथाकार-उपन्यासकार मृदुला सिन्हा जी का स्मरण हो उठता है, जिन्होंने दशकों पूर्व इसी विषय पर एक अद्भुत उपन्यास ह्लसीता पुनि बोली ह्व लिखा था क डेना मेरियम भी प्रख्यात हिंदी सेवी और राम चरित मानस के प्रकांड विद्वान फादर कामिल बुल्के की तरह ही हिंदी की उद्भट विद्वान हैं। यह निर्विवाद है कि माता सीता के बिना राम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं। सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और मयार्दा पुरुषोतम हैं। माता सीता, जिनकी भारत पूजा करता है, पर किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णो देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है। उनके लिए भारत दूसरे घर की भांति है। वह मैक्स मूलर और फादर कामिल बुल्के की परंपरा की विदेशी हैं, जिन्होंने भारत और हिन्दू धर्म के अहम प्रतीकों का गहराई से अध्ययन किया। डेना मरियम परमहंस योगानंद की शिष्या और क्रिया योग ध्यान की अभ्यासी रही हैं। वह वैदिक परंपरा के महान ग्रंथों की भी लंबे समय से छात्रा रही हैं। यह सुखद है कि एक विदेशी लेखिका माता सीता पर एक प्रामाणिक पुस्तक लिखे। 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' को प्रसिद्ध प्रकाशक मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग हाउस ने प्रकाशित किया है। डेना मरियम अपनी पुस्तक में सीता के जीवन की पारंपरिक कथा को प्रतिस्थापित करती है। माता सीता वास्तव में देवी नारायणी का अवतार हैं। सीता उस समय एक नई सभ्यता की नींव रखने में श्री राम के साथ शामिल होने के लिए पृथ्वी पर आती हैं, जब मनुष्य प्राकृतिक दुनिया से अलग होने लगा था। वह लोगों के दिल और दिमाग में, जंगलों और नदियों, पौधों और जानवरों के जीवन के लिए एक महान प्रेम पैदा करना चाहती हैं । किसे नहीं पता कि फादर कामिल बुल्के के लिए भारत अपनी मातृभूमि से भी कहीं ज्यादा प्यारा था। बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से रामकथा उत्पत्ति और विकासह्व पर डाक्टरेट किया और रांची के सेंट जेबियार्स कॉलेज में जिन्दगी भर हिंदी पढ़ाया कयह असंभव है कि हिन्दी पट्टी के किसी शख्स ने उनका नाम न सुना हो या अंग्रेजी के किसी जटिल शब्द का हिन्दी में सही और उपयुक्त शब्द जानने के लिए फादर कामिल बुल्के द्वारा निर्मित शब्दकोष के पन्ने नहीं पलटे हों। फादर बुल्के आजीवन हिन्दी की सेवा में जुटे रहे।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## भारत, राम और हिंदी को लेकर सदियों से जिज्ञासा

**आर.के. सिन्हा**

**भारत,** राम और हिंदी को लेकर विदेशी विद्वानों में सदियों से जिज्ञासा का भाव बना रहा है। जिसे पता नहीं क्यों हमारे अपने बुद्धिजीवि और इतिहासकार छिपाने का भरपूर प्रयास करते रहे हैंक इन जिज्ञासुओं में अनेकों यूरोपीय, अमेरिकी, चीनी, अरबी और जापानी विद्वान भी शामिल रहे हैं। उन नामों में से अब एक नाम अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम का भी जुड़ गया है। वह बीते चार दशकों से हिंदू धर्म का गहन अध्ययन कर रही हैं। अब उन्होंने माता सीता पर गहन शोध के बाद एक किताब 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' लिखा है। बीते माह अयोध्या में राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आलोक में डेना मेरियम की माता सीता पर आई किताब महत्वपूर्ण मानी जानी चाहिए। उनके अपने देश अमेरिका में भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने में आया था। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के फेमस टाइम स्क्वायर पर भी दिखाया गया था। अमेरिका के हर शहर में राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम का टेलीकास्ट किया गया था। डेना मेरियम की 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' ने तुरंत विद्वानों का ध्यान आकर्षित किया है। माता सीता पर किए गए मूल शोध को नजरअँदाज करना असंभव है। माता सीता आधुनिक समाज की नारी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। यदि नारी मां सीता के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर ले तो उसका जीवन भी आनंदमय होकर संकट मुक्त हो जाएगा। माता सीता का जीवन आधुनिक परिवेश में भी अनुकरणीय है। पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए उन्होंने राजमहल का ऐश्वर्य का त्याग कर वन में संघर्षशील जीवन बिताया। इतना ही नहीं पति के आदेशानुसार अपने द्वितीय निर्वासन के दौरान वन में साधारण स्त्री की तरह रहते हुए व एक आदर्श माँ का कर्तव्य निभाते हुए उच्च आदर्श स्थापित किया। आज के समाज में उन आदर्शों का तो लोप होता जा रहा है। डेना मेरियम की पुस्तक को देखकर स्वर्गीय कथाकार-उपन्यासकार मृदुला सिन्हा जी का स्मरण हो उठता है, जिन्होंने दशकों पूर्व इसी विषय पर एक अद्भुत उपन्यास ह्लसीता पुनि बोली ह्व लिखा था कडेना मेरियम भी प्रख्यात हिंदी सेवी और राम चरित मानस के प्रकांड विद्वान फादर कामिल बुल्के की तरह ही हिंदी की उद्भट विद्वान हैं। यह निर्विवाद है कि माता सीता के बिना राम अधूरे हैं।

## स्वच्छ मिशन

**डॉ. सुरेश कुमार**

**जिंदगी** की कुछ सच्चाइयाँ केवल दीवार पर लिखने लायक होती हैं। ऐसा करने से राह आते-जाते जानवर कम और लोग ज्यादा उसे अपने अल्पशंका विसर्जन से मिटाने के दीर्घावधि प्रयासों में जोर-शोर से भाग लेते हैं। यही कारण है कि बड़ी-बड़ी सड़कों के किनारे जितनी भी दीवारों पर नेकी वाली बातें लिखी जाती हैं उन्हें अल्पशंका के दरिया में तिलांजली दे दी जाती है। एक पौधा लगाना तो दूर लगे-लगाए पौधे को पानी देना भी जिनके लिए ओलंपिक मेडल प्राप्त करने जितनी मेहनत का काम लगे वही लोग इन दीवारों के पास अपनी समृद्ध यूरिया वाली जलराशि से घने पेड़-पौधे उगा देते हैं। ये पेड़-पौधे भी अपने समृद्ध यूरिया प्रदाता के प्रति इतने विश्वासपात्र होते हैं कि लाख इन्हें काटने का प्रयास किया जाए बेहयाओं की तरह फिर से उग आते हैं। ऊपर से मौनी बाबा बनकर बोल बच्चन करते हैं कि चोर-उचक्के, लुटेरे, बलात्कारियों को लाख संसद में आने से रोकते हो, फिर भी वे बेहयाओं की तरह संसद की चौखट प्रवेश करने से बाज नहीं आते। क्या हम इन नेताओं से इतने गए गुजरे हैं जो हमें स्वच्छ भारत के नाम पर काटने पर आमदा हो गए हो? सच कहें तो यही पेड़-पौधे बेहयाओं की तरह उगकर दीवारों पर बने गांधीजी और उनकी ऐनक के चित्र की इज्जत बचाते हैं। वे न होते तो कब के महात्मा गांधी अल्पशंकाधारियों के हाथों नप गए होते। विश्वास न हो तो इनकी अनुपस्थिति वाली दीवारों से ही पूछ लें। लाख चाहे स्वच्छता को बाहर ढूँढ़े लेकिन भीतर का कचरा बाहर की स्वच्छता पर हमेशा भारी पड़ता है। कुछ मौनी अपनी हरकतों से बोल बच्चनों को चप्पल शॉल में लपेटकर मारते हैं। अब देखिए न पानी अपना पूरा जीवन देकर मौनी पेड़ को बड़ा करता है इसीलिए पानी लकड़ी को डूबने नहीं देता और एक हम हैं जो सारा जीवन पानी पीकर औरों के लिए पानी का नामोंनिशान नहीं छोड़ते। गांधी जी ने अपनी ऐनक से जो देखा सो देखा आज उनकी ऐनक राजनीति के धोबी घाट पर नेताओं की धोबी पछाड़ का शिकार हो रही है। उनकी ऐनक से सत्य, अहिंसा, धर्म, न्याय दिखायी दे या न दे चुनाव, वोट, मतदाता, सत्ता, कुर्सी यही सब दिखाई देते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### शहजादपुर में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में मूर्ति स्थापना पर उमड़े श्रद्धालु



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
गांव शहजादपुर में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा एवं श्रीराम परिवार मूर्ति स्थापना की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में आयोजित विविध धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। नवनिर्मित मंदिर परिसर में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम के तहत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान श्रीराम परिवार की विधिवत मूर्ति स्थापना की गई। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले 251 कलश के साथ गांव के मुख्य मार्गों से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में समाजसेवी कादियान ने अपने संबोधन में भगवान सदैव हमें सामाजिक समरसता, भाईचारा, जीवनदया आदि का संदेश देते रहे है। हमें भी इनसे प्रेरणा लेकर केवल माता-पिता, गुरु एवं जीव की सेवा करनी चाहिए। बल्कि समाज में आपसी मेलजोल को बढ़ावा देते हुए सामाजिक समरसता को बनाए रखने में भी आगे रहना चाहिए। वहीं, ग्रामीणों ने समाजसेवी देवेंद्र कादियान का भव्य स्वागत करने के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर तारांचंद, जयप्रकाश, कृष्ण, सोनू, परमानंद सरपंच, जगदीश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

### संत शिरोमणि गुरु रविदास की 647 वीं पावन जयंती महोत्सव 23 को

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**नगरपालिका** रोड स्थित संत गुरु रविदास मंदिर में 23 फरवरी को संत गुरु रविदास सेवा समिति के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 647 वीं पावन जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रधान दयानन्द अहलावत ने बताया कि 24 फरवरी की रात को सत्संग व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समारोह में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप आफ होटल के चेयरमैन देवेंद्र कादियान होंगे। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में बढ़- चढ़कर भाग लेने की अपील की।

### बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में प्रवासी श्रमिक से मोबाइल व 18 हजार रुपये छीने

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार युवकों ने प्रवासी श्रमिक का मोबाइल फोन व 18 हजार रुपये की नकदी छीन ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में गांव केसरिया, जिला मोतीहारी, बिहार के रहने वाले दीपक कुमार ने बताया कि वह हाल में बड़ी गांव में किराये पर रहता है। वह मशीन रिपेयरिंग का काम करता है। 17 फरवरी को बिजेंद्र ठेकेदार ने उसे लेबर के खर्चे के लिए 18 हजार रुपये दिए थे। 18 फरवरी की शाम वह पैदल गांव बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित कंपनी में पैसे लेकर जा रहा था। जब वह रेलवे कोच फैक्ट्री के सामने पहुंचा तो पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार हो कर आए तीन युवकों ने उसे रोक लिया। तीनों युवकों ने जबरदस्ती उसका मोबाइल फोन व उसकी जेब में रखे 18 हजार रुपये निकाल लिए और मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। अंधेरा होने की वजह से वह मोटरसाइकिल का नंबर भी नहीं देख पाया। पुलिस ने दीपक कुमार की शिकायत पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर घर कांग्रेस-हर घर कांग्रेस अभियान को लेकर जनता के बीच पहुंचे

### लोगों ने अभियान का जोरदार समर्थन किया तथा कांग्रेस की नीतियों में अपनी आस्था प्रकट की

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
घर घर कांग्रेस - हर घर कांग्रेस" अभियान की कड़ी में हल्का पानीपत ग्रामीण के गाँव चंदोली में लोगों से मुलाकात की तथा कांग्रेस पार्टी के संकल्प पत्र वितरित कर उन्हें कांग्रेस पार्टी की कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं से अवगत कराया। लोगों ने अभियान का जोरदार समर्थन किया तथा कांग्रेस की नीतियों में अपनी आस्था प्रकट की। कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में हुए विकास कार्यों को याद करते हुए उन्होंने चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने तथा आगामी लोकसभा और विधानसभा में प्रचंड जीत दिलाने का संकल्प लिया। आगे बोलते हुए सचिन कुंडू



ने कहा कि हल्का पानीपत ग्रामीण के समस्त गांवों व कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं व जगह जगह खड्डे हुए पड़े हैं, सीवरेज नहीं हैं नालियां बंद पड़ी हैं पानी रास्तों में भर रहा है, जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है। परंतु सरकार ने सभी गांवों व कालोनियों की मांगो को नजरंदाज कर दिया है । वर्तमान सरकार में किसान अत्यंत दुखी हैं, फैमली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है उद्योग जगत चौपट पड़े हैं, युवा बेरोजगार सड़कों पर घूम रहे हैं। प्रदेश के हर वर्ग में इस जनविरोधी सरकार के प्रति रोष है सरकारी शह पर भ्रष्टाचारियों का तांडव अब सिर चढ़ कर बोल रहा है। अवैध खनन माफिया खुलेआम पुलिस और सरकारी अफसरों कर्मचारियों पर हमला कर रहे हैं। जो इस बात का प्रमाण है कि हरियाणा में सरकार और कानून का इकबाल खत्म हो चुका है। भाजपा सरकार ने बजट के नाम पर महज औपचारिकता पूरी की है। इससे न तो करदाता को कोई राहत मिली, न बेलगाम महंगाई को कम करने का कोई रोडमैप दिखा और किसानों की टरद व उनकी अन्य मांगों को भी पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया।

## घर में घुसकर चोरी करने की घटना मे संलिप्त आरोपी अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/बहालगढ़**
**जिले** के थाना बहालगढ़ की पुलिस ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर बैटरी, इनवर्टर, छऊ व गैस सिलेण्डर आदि चोरी करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी कपिल पुत्र कुशलपाल निवासी चमराना कौटना रोड, बडौत जिला बागपत यूपी वढ़ का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 16 फरवरी को वासिम पुत्र नवाब निवासी गढ़ मिरकपुर जिला सोनीपत ने थाना बहालगढ़ में शिकायत दी थी कि कल दिनांक 15 फरवरी को मैं अपने घर को ताला लगाकर परिवार सहित अपने भाई के घर गाँव जाजल जिला सोनीपत चला गया था जो पीछे से किसी नामपता नामालूम व्यक्ति ने मेरे घर के दरवाजे का ताला तोड़कर घर से बैटरी, इनवर्टर, छऊ, गैस सिलेण्डर व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना बहालगढ़



में अभियोग दर्ज किया गया था। थाना बहालगढ़ की अनुसंधान टीम मे नियुक्त लउ कुलदीप ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियो की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त आरोपी कपिल पुत्र कुशलपाल निवासी चमराना कौटना रोड, बडौत जिला बागपत वढ को गिरफ्तार किया है। गिरफतार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। मामले की विवेचना जारी है।

## जियो टावर से 3 बैटरियां चोरी

**गन्नौर।** जीटी रोड पर संत निरंकारी समागम स्थल के गेट का ताला तोड़ कर चोर जियो कंपनी के टावर से 3 बैटरियां चोरी कर ले गए। कंपनी के अधिकारी ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में जियो कंपनी के स्थानीय अधिकारी पवन ने बताया कि जियो कंपनी का टावर जीटी रोड स्थित संत निरंकारी समागम स्थल में गेट नंबर 1 के पास लगा हुआ है। रविवार की रात को चोर निरंकारी समागम स्थल के गेट का ताला तोड़ कर अंदर घुसे और टावर की ओडीसी केबिनेट से 3 बैटरियां चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवाओं को शिक्षा व खेलों से जोड़ने का काम कर रही देवा सोसायटी: कादियान

### प्रथम ओपन शूटिंग वालीबॉल में सोनीपत को पराजित कर नजफगढ़ टीम बनी विजेता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**खेड़ी रोड स्थित** शिवालिक पब्लिक स्कूल के खेल ग्राउंड में युवा स्पोर्ट्स क्लब, गांधी नगर की ओर से प्रथम ओपन शूटिंग वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सोनीपत, जयपुर, नजफगढ़, यमुनानगर, इंद्री, पंजाब समेत देशभर से 40 टीमों ने हिस्सा लेकर अपना खेल प्रदर्शन दिखाया। बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत कर खेल शुभारंभ कराया। आयोजकों ने कादियान का फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। स्पर्धा में शूटिंग वालीबॉल का फाइनल



मुकाबला बेहद रोचक हुआ। नजफगढ़ ने सोनीपत टीम को 21-10 पॉइंट से पराजित कर टूर्नामेंट पर अपना कब्जा जमाया। जबकि तीसरे नंबर पर जयपुर की टीम रही। मुख्यातिथि कादियान ने विजेता टीम व खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और कहा कि खेल में एक टीम की जीत तो दूसरी की हार निश्चित है। लेकिन हारने वाली टीम को निराश नहीं होना बल्कि कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने का प्रयास जारी रखना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत का शिकार होने से बचना है तो पढ़ाई के साथ खुद को खेलों से जोड़ना होगा। एक अच्छा खिलाड़ी ही समाज को सही राह दिखा सकता है। कादियान ने कहा कि उनकी देवा सोसायटी संस्था युवाओं को शिक्षा के साथ खेलों से जोड़ने के लिए समय-समय पर प्रोत्साहित कर रही है। टूर्नामेंट समापन पर मुख्यातिथि कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**खेल प्रदर्शन**
नजफगढ़, यमुनानगर, इंद्री, पंजाब समेत देशभर से 40 टीमों ने हिस्सा लेकर अपना खेल प्रदर्शन दिखाया

## सम्पत्ति कर डिफाल्टरों पर नगर निगम करेगा कार्रवाई: अभिषेक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों को बकाया सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए नगर निगम की ओर से जो समय दिया गया था, वह समाप्त हो गया है। अब नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम अपनी कार्रवाई करने जा रही है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने सोमवार को बताया कि बीते दिनों 100 बड़े डिफाल्टरों को नोटिस जारी किए गए थे और बकाया सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए एक माह का समय दिया गया था। एक माह बाद सभी बकायादारों के पास नगर निगम के प्रवर्तन दल द्वारा स्वयं विजिट कर सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए कहा गया और उन्हें एक सप्ताह का अंतिम समय भी दिया गया। परंतु अभी तक किसी भी डिफाल्टर की ओर से सम्पत्ति कर जमा करवाने की रूचि नहीं दिखाई गई है। इसे देखते बकायादार की प्रॉपर्टी को अटैच करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। हरियाणा सरकार की ओर से बकायादारों को लगातार छूट दी जा रही है। नववर्ष पर सरकार ने उदारता दिखाते हुए ब्याज माफी का तोहफा दिया था। इसके बावजूद भी जो बकायादारा अपना सम्पत्ति कर नगर निगम कार्यालय में जमा नहीं करवाएगा, उसके विरूद्ध आवश्यक रूप से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## स्वयंसेवकों ने किया कृषि फार्म का भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**
**गुरुनानक** खालसा कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन पहले सत्र में स्वयंसेवकों ने गुरचरण सिंह रिसर्च एंड फाऊंडेशन फार्म का भ्रमण किया। कृषि फार्म पर कृषि वैज्ञानिक डा. रणधीर ने स्वयंसेवकों के साथ प्राकृतिक खेती एवं एकीकृत खेती मॉडल पर चर्चा की एवं उनका मार्गदर्शन किया। इसके उपरांत कृषि फार्म पर पूर्व कृषि आयुक्त भारत सरकार डा.



गुरचरण सिंह ने एनएसएस स्वयंसेवकों को जलवायु परिवर्तन, रसायन मुक्त खेती, पराली प्रबंधन पर चर्चा की। डा. गुरचरण सिंह ने कृषि फार्म पर आधारित म्यूजियम में अपने अनुभव स्वयंसेवकों के साथ सांझा किए। दूसरे सत्र में एनएसएस कैंप में युवा उद्यमी एवं शिक्षाविद डा. वीरेंद्र पाल ने उद्यमशीलता का व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे युवा अपने आसपास के अवसरों को स्टार्टअप में बदल सकते हैं एवं स्वरोजगार पैदा कर सकते हैं।

## श्री कृष्ण कृपा द्वारा राधा जागरण उत्सव का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**
श्री कृष्ण कृपा परिवार पंचकूला की ओर से राधा जागरण उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव का आयोजन 13 से 15 मई को होगा। मुख्य कार्यक्रम 15 मई को परेड ग्राउंड, सेक्टर-5 में होगा गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज पंचकूला पहुंचे और सेक्टर 5 परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में देश प्रदेश से धर्म गुरु और धर्म आचार्य पहुंचेंगे जिसमें साध्वी ऋतंभरा, स्वामी अवधेशानंद जी महाराज, योग गुरु स्वामी रामदेव, बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री, पुंडरीक महाराज वह अन्य धमार्चार्य भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक चित्र विचित्र जी अपने भजनों से राधा रानी को रिसाएंगे कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री व अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचेंगे संस्था के सदस्य श्यामलाल बंसल ने कहा कि यह आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है जिसमें पूरे पंचकूला को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा।

# नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार, 12 ग्राम हैरोइन/स्मैक बरामद

**सफलता**
जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशीला पदार्थ रखने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशीला पदार्थ रखने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में विकास पुत्र पवन कुमार वासी शांति नगर थानेसर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 ग्राम हैरोइन/स्मैक बरामद करने में सफलता हासिल की है।




## घर में घुसकर चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना पुलिस ने घर के दरवाजे तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कपिल निवासी चमराना कोटना रोड बागपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गढ़ मिरकपुर निवासी वासिम ने गत 16 फरवरी को शिकायत देकर बताया कि वह अपने घर पर ताला लगाकर परिवार सहित अपने भाई के घर पर गांव जाजल चला गया। घर के दरवाजे पर ताला तोड़कर घर से बैटरी, इंनवर्टर, गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान को चोरी करके ले गए।

## एडवोकेट मनोज शर्मा को बार कौन्सिल का सदस्य मनोनीत किया गया

**पानीपत, कमाल हुसैन**
जिला बार एसोसिएशन के सीनियर सदस्य मनोज शर्मा एडवोकेट ने बार कौन्सिल पंजाब एंड हरियाणा चंडीगढ़ का (को-ओपटड मेंबर) मनोनीत होने पर एडवोकेट मनोज शर्मा ने वकील परिसर मे अपने चैम्बर नंबर 571अ, मे लड्डू बाँटकर सभी वकीलों का मुँह मिठा करवाकर खुशी जाहिर की। मनोज शर्मा एडवोकेट ने कहा बार कौंसिल इंडिया के सीनियर मेंबर प्रताप सिंह के सहमति आदेशानुसार से मुझे बार कौसिल हरियाणा एंड पंजाब का अनुशासनीय एवं विजिलेंस विभागों का (को-ओपटड) मेंबर का नियुक्ति पत्र देकर मनोनीत की बात है की मनोज शर्मा



एडवोकेट को दो विभागो की जिम्मेदारी मिली है। मनोज शर्मा ने कहा की मैं वकीलों के हितो के लिए बढ़चढ़ कर कार्य को ईमानदारी से करुँगा और फोन के मध्यम से मेंबर बनाने पर प्रताप सिंह का धन्यवाद किया। इस अवसर पर मनोज शर्मा एडवोकेट को सीनियर वकीलों ने आशीर्वाद के साथ बधाई दी और मिठाई खाकर सभी वकीलों ने खुशी जाहिर की। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अमित कादियान, पूर्व प्रधान राजेश शर्मा

**जिम्मेदारी**
हरियाणा एंड पंजाब का अनुशासनीय एवं विजिलेंस विभागों का मेंबर का नियुक्ति पत्र देकर मनोनीत किया

सुनील वधवा, जयपाल मलिक, दुष्यंत भट भाजपा जिलाध्यक्ष ,शेर सिंह खरब, जिलाध्यक्ष ब्रह्मण समाज रामरत्न शर्मा, त्रिलोक शर्मा, वीरेंद्र शर्मा पूर्व प्रधान शेर सिंह खरब, निर्मल गुज्जर, रमेश गुप्ता, पूर्व प्रधान सुरेंद्र दूहन, राकेश बत्रा, उमेद अहलावत, नरेश अत्रि वीरेंद्र मलिक, प्रकाश सिंह, हेमंत शर्मा, सुनील शर्मा के साथ बार के सभी वकील मौजूद रहे।

# दो दिवसीय बसंत उत्सव उमंग का रंगारंग हुआ आगाज

### कला मानव जीवन की जन्मजात प्रवृत्ति है, इस निखारने के लिए हमें बेहतर मंच व सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र में आज दो दिवसीय बसंत उत्सव उमंग का रंगारंग आगाज हुआ। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर गगनदीप कौर ने दीप पर प्रज्वलित करके किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कला मानव जीवन की जन्मजात प्रवृत्ति है। इस निखारने के लिए हमें बेहतर मंच व सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है। कल्चरल विभाग के प्रभारी डॉ कृष्ण कुमार ने बताया कि इस दो दिवसीय उत्सव में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा पहले दिन विभिन्न




रंगमंच एवं गायन विभिन्न विधाएं आयोजित की गई। काव्य नाट्य विधा के अंतर्गत मशहूर पंजाबी कवि पाश की कविता सबसे खतरनाक है सपनों का मर जाना व सफदर हाशमी की कविता किताबें कुछ कहना चाहती हैं को शानदार काव्य नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया गया। एकल नाट्य विधा में शिवजी का न्याय एवं चाँद व रोटी रचनाओं को अभिनिहित किया गया। गीति नाट्य विधा में साहित्य अकादमी पुरस्कृत गीतकार गुलजार का कितनी गिरहें खोली हैं मैंने गीत को नाट्य रूप में फिल्माया गया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन की भूमिका डॉ सुनील थुआ ने निभाई। कविता नाट्य में निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रोफेसर अमिता प्रोफेसर नमिता व प्रोफेसर प्रीति रहे गीति नाटय में डॉ राजीव प्रोफेसर विनय पाठक व कोमल गर्ग ने जज की भूमिका निभाई। सांस्कृतिक कमेटी के सदस्यों डॉ श्रेष्ठा डॉ मोनिका डॉ सपना डॉ सीमा नाहर व डॉ सीमा दीक्षित ने सभी विधाओं की सही प्रस्तुति में मार्गदर्शन व निर्देशन में विशेष सबयोग दिया। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर डॉ मीनाक्षी, डॉ रूपा गुप्ता, बीर इंद्र कौर, डॉ पूनम बागी डॉ सतीश गर्ग डॉ मंजू सतबीर सिंह नरेश नैन सहित सभी सम्मानित शिक्षक उपस्थित रहे।

# सरकार की कार्य प्रणाली से खफा है असल गैलेक्सी कोर्ट के दुकानदार

**पानीपत कमाल हुसैन**
अपना मालिकाना हक पाने के लिए दर-दर भटक रहे दुकानदारों में सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर काफी रोष है क्योंकि जिन दुकानदारों ने सरकार द्वारा अप्रूव्ड कॉलोनी अंसल एपीआई मालिकों को पूरी पेमेंट देकर अपनी दुकानें बनाई अब उन्हें यही सरकार दरबदर भड़काने का कार्य कर रही है। इस बारे में प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने कहा कि गैलेक्सी कोर्ट मार्केट सोसाइटी व जन आवाज सोसाइटी के बैनर तले गैलेक्सी कोर्ट के सभी दुकानदार डीटीपी पानीपत के माध्यम से महानिदेशक कंट्री एंड टाउन



प्लानिंग विभाग चंडीगढ़ तक को अपनी मांग भेज चुके हैं। इस बारे में स्थानीय विधायक महिपाल ढांडा से भी बेबस दुकानदारों ने गुहार लगाई थी। लेकिन अब तक इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ का यूडी लैंड घोटाला करने वाले अंसल एपीआई मालिक उसके मैनेजर और इस भ्रष्टाचार में शामिल डीटीपी अधिकारी खुला घूम रहे हैं और अपनी मेहनत मजदूरी से कमाई कुल पूंजी से अपना रोजगार कर बैठे दुकानदार अपने मालिकाना हक के लिए भटकते फिर रहे हैं।

# जमीन अधिकरण का मूल्य सरकार को यहां के किसानों को ज्यादा देना पड़ेगा: रमेश

## हाईटेक सोनीपत शहर बनने से पहले दिल्ली से सोनीपत खरखौदा तक मेट्रो रेल का विस्तार किया जाए : रमेश

**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा :** किसान नेता और जनता आवाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश दलाल के नेतृत्व में सोमवार को सोनीपत जिले के गाँव मंडोरा में किसानों ने धरना शुरू कर दिया। मंडोरा धरने को संबोधित करते हुए रमेश दलाल ने कहा कि यदि नए शहर से पहले खरखौदा और सोनीपत मेट्रो रेल का विस्तार होता है तो जमीन अधिकरण का मूल्य सरकार को यहाँ के किसानों को ज्यादा देना पड़ेगा। इसलिए मंडोरा धरने पर उपस्थित सभी किसानों ने रमेश दलाल को साथ देने का भरोसा देते हुए कहा की सोनीपत खरखौदा में प्रस्तावित हाइटेक सिटी को बनाने से पहले 20 फरवरी को आ रहे हरियाणा के बजट सत्र में पहले दिल्ली से खरखौदा सोनीपत तक मेट्रो रेल को मंजूरी देनी चाहिए। जमीन अधिग्रहण से पहले खरखौदा



और सोनीपत में मेट्रो रेल को मंजूरी दी जाए। ज्ञात है कि 2023 में के एम पी मांडोठी टोल पर रमेश दलाल के नेतृत्व में इसी प्रकार के धरने के दबाव में मेट्रो रेल का विस्तार बहादुरगढ़ से आसौदा गांव तक किया गया था। उसके बाद बहादुर गढ़ के जमीन के रेट बहुत ही ज्यादा बढ़ गए हैं। रमेश दलाल का कहना है कि खरखौदा सोनीपत में मेट्रो के विस्तार के बाद यहां के जमीन के रेट 20 करोड रुपए प्रति एकड़ तक पहुँच जाएगा। जबकि आज सोनीपत जिले की जमीन को कौड़ियों के भाव में लेकर सरकार उद्योगपतियों को दे रही है। 24 फरवरी 2024 को केएमपी टोल प्लाजा बहादुरगढ़ में सर्व जाति संसद का आयोजन किया जा रहा है।

**मांग**

**8 केएमपी मंडोठी टोल पर होने वाली सर्व जाति संसद में शामिल होने के लिए व्यापक स्तर पर संपर्क कर रही**

सर्व जाति संसद का निमंत्रण देते हुए रमेश दलाल ने सोनीपत के लोगो को आह्वान किया कि वे अधिक संख्या में सर्व जाति संसद में शामिल होकर अपनी मांगों को मंजूर करवाने की दिशा में आगे बढ़े। सर्व जाति संसद में मेट्रो रेल का विस्तार, जमीन अधिग्रहण बिल का मुद्दा और जाट इत्यादि छ जातियों को आरक्षण को ओबीसी में शामिल करवाना इत्यादि शामिल है।

इसके अतिरिक्त एक महत्वपूर्ण मुद्दा सम गोत्र विवाह को अवैध करवाना है।

जनता आवाज की टीम सोनीपत जिले में 24 फरवरी 2024 को केएमपी मंडोठी टोल पर होने वाली सर्व जाति संसद में शामिल होने के लिए व्यापक स्तर पर संपर्क कर रही है। रमेश दलाल का कहना की सरकार अब मराठा जाति को ओबीसी में आरक्षण देने जा रही है। लेकिन हरियाणा की छ जातियों जाट, त्यागी, बिश्नोई, सिख जाट, रोड और मुले जाट को भी ओबीसी के आरक्षण में शामिल किया जाए। सर्व जाति संसद में किसान अपनी उपरोक्त सभी मांगों को पूरा करवाने के लिए एक व्यापक व्यूह रचना तैयार करेंगे। लोक सभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले आंदोलन के माध्यम से सभी मांगे मनवानी की रूपरेखा बनाई जाएगी।

# कृष्ण छौक्कर ने बेटे का 1 रुपये का रिश्ता लेकर समाज में एक नई मिसाल कायम की

**समालखा/कुलदीप सिंह**

समालखा भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना ने अपने बेटे गौरव का 1 रुपये का रिश्ता लेकर समाज में एक नई मिसाल कायम की है आसपास के गांव के 36 बिरादरी में है इस बात की चर्चा है बताने योग्य है कि कृष्ण छौक्कर के बेटे गौरव का रिश्ता हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमिशन के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी की बेटी गरिमा के साथ हुआ है गौरव हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है इस कार्यक्रम में भरी पंचायत में जब भोपाल सिंह की ओर से गौरव को तिलक किया गया और उसकी झोली में पैसे डाले गए तो कृष्ण छौक्कर ने उनमें से केवल 1 रूपया रखकर बाकी सारे रुपए लौटा दिए

कुल मिलाकर कृष्ण छौक्कर ने इस तरह का फैसला लेकर समाज में बहुत बड़ी मिसाल कायम की है क्योंकि आज दहेज के कारण काफी बहन बेटियां विभिन्न रूप से शिकार हो रही है कृष्ण छौक्कर ने



कहा कि जब हम सभी इस तरह से इस सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएंगे तो निश्चित रूप से हर घर और परिवार की बेटी अच्छे और सुखी तरीके से रह सकेगी

कुल मिलाकर कृष्ण छौक्कर के द्वारा इस सामाजिक फैसले को लेकर आसपास के गांव में काफी चर्चा है की कृष्ण छौक्कर ने जिस तरह से मोह माया को त्याग कर सामाजिक रूप से इतना बहुत बड़ा कदम उठाया है निश्चित रूप से आज समाज को यह एक बहुत बड़ी प्रेरणा देने का काम किया गया है

इस अवसर पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी की तरफ से आए हुए अमरनाथ सौदा, मोहन वर्मा, अमित खदरी, सचिन, कुलजीत, जगबीर और जयपाल छौक्कर राजकुमार छौक्कर कृष्ण छौक्कर पट्टीकल्याण हाजी साधना किन्नर सभी साथी मौजूद रही।

# प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को नशा न करने की दिलवाई शपथ

## दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जान बचाने के लिए जरूरी है फर्स्ट एड का प्रशिक्षण लेना : डॉ सुनील कुमार

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

शांतनु शर्मा उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में कार्य कर रही जिला रेड क्रास शाखा/ सेंट जॉन एंबुलेंस के द्वारा जिला रेड क्रॉस भवन में प्रोफेशनल फर्स्ट एड ट्रेनिंग तथा होम नर्सिंग की ट्रेनिंग करवाई जाती है जो अठारह वर्ष की आयु के बाद कोई भी कर सकता है। भारत ही नही विदेशों में भी इस ट्रेनिंग कोर्स का बहुत महत्व है ।आज फर्स्ट ऐंड ट्रेनिंग कोर्स के विधार्थियो को कुमारी किरण कश्यप लैक्चरर फर्स्ट एड द्वारा रेड क्रॉस की महत्व पूर्ण गति विधियों की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि घायल व्यक्ति को डॉक्टर के पास जाने से पूर्व हमे प्राथमिक सहायता मौके पर उपल्बध समान द्वारा करनी चाहिए ताकि घायल की जान बचाई जा सके या उसकी बिगड़ती स्थिति में सुधार लाया जा सके। बेहोश व्यक्ति की सांस न चल रही हो तो सी पी आर विधि का प्रयोग कर उसकी जान बचाए,हड्डी टूट की पहचान कर किसी कपड़े से बांध कर उस अंग को हिलने से बचाए, दौरा पड़ना,




**फर्स्ट एड**

**8 रेडक्रॉस सोसाइटी स्कूल, कॉलेज सेमिनारों में प्राथमिक सहायता की जानकारी प्रदान करती है**

आग से जल जाना रोगी को अस्पताल ले जाने की विधियों आदि, विषयों पर विस्तार से प्रैक्टिकल माध्यम से सिखाया। कुमारी अंजू कश्यप,जिला प्रशिक्षण अधिकारी, सेंट जॉन एम्बुलेंस ने बताया कि सेंट जॉन एंबुलेंस द्वारा 30 बच्चों का एक बैच तैयार किया जाता है ।

जिसमें ऑनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया रहती है ।उसके बाद 8 दिनों का फर्स्ट ऐंड का प्रोफेशनल ट्रेनिंग कोर्स करवाया जाता है । डॉक्टर सुनील कुमार सचिव रेड क्रॉस सोसायटी ने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा समय समय पर स्कूल, कॉलेज वा अन्य महत्वपूर्ण सेमिनारों में प्राथमिक सहायता की जानकारी प्रदान की जाती है। किरण कश्यप ,लैक्चरर द्वारा प्राथमिक सहायता के अलावा सड़क सुरक्षा के नियम का पालन करना, घायल की मदद करने, नशा मुक्ति अभियान- मे सहयोग देना तथा प्रतिभागीयो को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई , संतुलित आहार लेना, पेड़ लगाना , रेड क्रॉस की आजीवन सदस्यता लेना , रक्त दान के महत्व आदि महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला।

# शिमला व सुजानपुर रूट पर फिर से दौड़ेगी रोडवेज की लॉरी

**सोनीपत:** केंद्र सरकार से अपनी मांगों को लेकर फिर से शुरू किए किसान आंदोलन के चलते रोडवेज विभाग की तरफ से कई रूटों पर बसों के पहिए पर जाने पर रोक लगा दी थी। विभाग की तरफ से किसान आंदोलन-2 को देखते हुए बंद किए गए हिमाचल के शिमला व सुजानपुर रूट को रोडवेज ने फिर से चालू कर दिया है। जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली है। इन रूटों पर बस सेवाएं बंद होने से यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि शंभू बॉर्डर सील होने से बसों को वैकल्पिक रास्तों से भेजा जा रहा है।

# सेवा ट्रस्ट यूके ने बराड़ा में लगाया जूस का लंगर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला** (मनीष कुमार) सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने श्री गुरु रविदास जी के प्रकाशोत्सव पर लगाया जूस का लंगर संत श्री गुरु रविदास महाराज जी के 647वें पावन प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में श्री गुरु रविदास नगर कीर्तन वेलफेयर सोसायटी की तरफ से बराडा में खंड स्तरीय विशाल भव्य नगर कीर्तन में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से विशाल जूस के लंगर का आयोजन किया इस अवसर पर संत निर्मलदास जी कपालमोचन, संत मनदीप दास जी सिरसगढ़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. कुलदीप शर्मा ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की ।



सेवा ट्रस्ट यूके के प्रांतीय कोऑर्डिनेटर पवन पराशर और सोसायटी के प्रधान गुलशन कुमार, उपप्रधान शमशेर सिंह, कैशियर लहरी सिंह, सचिव संजीव कुमार, मीडिया प्रभारी पूर्ण सिंह, समेत अन्य ने स्वागत किया । संत निर्मलदास जी और संत मनदीप दास जी ने अरदास के साथ नगर कीर्तन को रवाना किया । नगर कीर्तन में गुरुवाणी, श्री गुरु रविदास महाराज जी का स्वरूप, भगवान वाल्मीकि जी के स्वरूप पर संगत ने माथा टेका।

इस ब्लॉक स्तरीय नगर कीर्तन में विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रालियां व अन्य वाहनों में सवार होकर सम्मिलित हुए। नगर कीर्तन फ्लाईओवर, क्वालिटी चौंक, बराड़ा गांव, महाराणा प्रताप चौंक, गुरु रविदास चौक, मुख्य बाजार से होते हुए मौजगढ़ स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर के परिसर में संपन्न हुआ । शोभायात्रा के रास्ते में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने तोरण द्वार, रंग बिरंगी झंडियों तथा चांदनी व पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। इसके अतिरिक्त सड़क के दोनों और स्थान -स्थान पर श्रद्धालुओं ने चाय, दूध, ब्रेड पकोड़े, हलवा आदि का जलपान व प्रसाद वितरित कर रविदास जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# 'मशरूम अनुसंधान केंद्र में कार्यशाला का होगा आोयजन'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल सोनीपत में मशरूम उत्पादन प्रसंस्करण व विपणन विषय पर 5 दिवसीय कार्यशाला 20 फरवरी से शुरू होगी। केंद्र निदेशक व एमएचयू के कुलसचिव डॉ अजय सिंह ने कहा कि 5 दिवसीय कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन को लेकर पूरी जानकारी से अवगत कराया जाएगा तथा उन्हें बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा प्रतिभागियों



के रहने खाने की व्यवस्था निशुल्क रहेंगी।

कुलसचिव ने बताया कि प्रतिभागियों को प्रगतिशील किसानों की यूनिट पर ले जाकर भ्रमण कराया जाएगा ताकि वे धरातल पर जाकर मशरूम की खेती कर रहे किसानों से उनके अनुभवों के बारे में जान सकें। उन्होंने बताया कि इन सबके पीछे मुख्य उद्देश्य है कि प्रदेश में मशरूम का उत्पादन बढ़ें साथ ही किसान छोटे स्तर से मशरूम का उत्पादन शुरू कर सकें। क्योंकि अकसर देखने में आता है कि कई किसान बिना प्रशिक्षण प्राप्त किए बड़े स्तर से मशरूम की खेती शुरू कर देते हैं, जिससे उन्हें बाद में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर किसान, युवा, महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर मशरूम की खेती करें तो उन्हें आगे बढ़ने में काफी मदद मिलती है।

उन्होंने बताया कि शनिवार को भी मशरूम विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल के पूर्व कुलपति प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत ने विशेष तौर पर शिरकत की। उन्होंने कार्यशाला समापन पर प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिए। समापन कार्यक्रम में पहुंचने पर केंद्र निदेशक डॉ अजय सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मौके पर

# आधार कार्ड जल्द से जल्द अपडेट करवाएं सभी-डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**जिला** के सभी नागरिकों को पिछले 10 वर्ष पहले बने आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपडेट करवाने होंगे। किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए नागरिक जल्द से जल्द अपने आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट करवाएं।

उपायुक्त डा. शालीन ने जिला के नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआइई) ने आधार कार्ड में आगामी 14 मार्च 2024 तक मुफ्त ऑनलाइन आधार दस्तावेज अपडेशन की सुविधा मुहैया की है। इस दौरान आधार में पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के ऑनलाइन अपडेशन के लिए निवासियों का किसी प्रकार का शुल्क नहीं लगेगा। वही आधार केंद्र पर 50 रुपए शुल्क देना होगा। ऐसे में नागरिक खुद भी आधार पोर्टल से अपने डॉक्यूमेंट अपडेट करवा सकते है। उन्होंने ने बताया कि इससे पहले लोगों को आधार पोर्टल पर अपने दस्तावेज को अपडेट करने के लिए 25 रुपए का भुगतान करना पड़ता था ये सेवा केवल आधार पोर्टल पर मुफ्त हैं। , जहां पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी उपलब्ध है। ऐसे में वे सभी नागरिक जिनके आधार कार्ड 10 साल पहले बने थे वह अपना आधार कार्ड मे दस्तावेज अपडेट जरूर करवाएं।

# 'बागवानी योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आमदनी को बढ़ाना'

**पानीपत, कमाल हुसैन**

उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते बताया कि बागवानी किसानों के लिए सरकार द्वारा शुरू कि गई मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को बढ़ाने और किसानों को खेती को जोखिम मुक्त खेती करना है। इस योजना के तहत किसानों की फसलों में प्रतिकूल मौसम व प्राकृतिक आपदाओं के कारण से होने वाले नुकसान की भरपाई की जाएगी। प्रतिकूल मौसम कारक तथा प्राकृतिक आपदाओं जैसे ओलावृष्टि, तापमान, पाला, जल कारक (बाढ़, बादल फटना, नहर व ड्रेन का टूटना, जलभराव), आंधी तूफान व आग जो फसल नुकसान का कारण बनते है, उन्हें इस योजना में शामिल किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत 21 फसलों को शामिल किया गया है, जिसमें 14 सब्जियां (टमाटर, प्याज, आलू, फूलगोभी, मटर, गाजर, भिंडी, घीया, करेला, बैंगन, हरी मिर्च, शिमला मिर्च, पत्ता गोभी, मूली), 2 मसाले (हल्दी, लहसुन) और 5 फल (आम, किनू, बेर, अमरूद, लीची) शामिल है। योजना उन सभी किसानों के लिए वैकल्पिक तौर पर होगी जो मेरी फसल-मेरा ब्यौरा के तहत पंजीकृत होंगी।

# पौलेंड से आई जस्टिना ने रोपा पौधा, युवाओं को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## -सोनीपत निवासी पति हरमीत सिंह के साथ परिवार से मिलने पहुंची थी जस्टिना, पर्यावर मित्रों के साथ मिल रोपा पौधा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। पर्यावरण संरक्षण** के लिए निस्वार्थ भावना से धरा हो हरा-भरा बनाने में जुटे ट्री मैन देवेंद्रा सूरा देश ही नहीं विदेशों में भी युवाओं के प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। सोमवार को पौलेंड यूनिवर्सिटी की मार्केटिंग हैड सोनीपत पहुंची और सेक्टर-23 में बरगद का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने रोपे गए पौधे की सुरक्षा के लिए अपने नाम से ट्री गार्ड भी लगाया। जिस पर जस्टिना मुरवस्का, पौलेंड का बोर्ड लगाया है। पौलेंड निवासी जस्टिना सोनीपत के आईटीआई चौक स्थित रूप नगर



निवासी अपने पति हरमीत सिंह के साथ अपनी ससुराल में परिजनों से मिलने पहुंची थी। हरमीत सिंह भी पौलेंड में बैंक में कार्यरत हैं। जस्टिना का कहना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें पर्यावरण मित्र मंडली व ट्री मैन देवेंद्र सूरा के बारे में पता लगा। वह उनके जनहित के लिए किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण की मुहिम से काफी प्रभावित हुई हैं। सोनीपत पहुंचने के बाद वह अपने पति हरमीत सिंह के साथ सोमवार को सेक्टर-23 पहुंची और पर्यावरण मित्रों के साथ पौधा रोपा। इस दौरान ट्री मैन देवेंद्र सूरा के साथ ही पर्यावरण मित्र मंजीत शर्मा, विशु मलिक, अजय सिंह अन्य मौजूद रहे।

**प्रेरणास्त्रोत**

**8 रा-भरा बनाने में जुटे ट्री मैन देवेंद्रा सूरा देश ही नहीं विदेशों में भी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं**

**आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वायु देनी है तो करें पौधरोपण**

जस्टिना मुरवस्का ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे तेजी से विकास करने वाला देश है। यहां की सरकार को बिगड़ते पर्यावरण की दिशा में भी गंभीरता से सोचना हुए अभी से प्रयास करने चाहिए। यहां की जनसंख्या भी अधिक है, सांस लेने के लिए अधिक फेफड़े का मतलब है कि हमें अधिक पेड़ों की आवश्यकता है। इसलिए हमारे बच्चों और अगली पीढ़ी को स्वच्छ हवा मिले, इसलिए सभी अधिक से अधिक पौधे लगाएं और पर्यावरण को शुद्ध बनाएं। उन्होंने कहा कि हमारा एक प्रयास न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण को हरा भरा करेगा।

# लोकसभा चुनाव: वीसी के माध्यम से किया गया प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

## हर संशय का समाधान मौजूद, नियमानुसार आगे बढ़ते हुए दें ईमानदारी से डयूटी: उपायुक्त डा. मनोज कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने अधिकारियों-कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे लोकसभा चुनावों में ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी दें। उनके हर संशय का समाधान मौजूद हैं। कहीं भी किसी भी प्रकार की समस्या पेश आने पर तुरंत सहायता लेते हुए समाधान प्राप्त करें। इसके लिए आला अधिकारी हर समय उपलब्ध रहेंगे।

निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सोमवार को दोपहर बार विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत प्रशिक्षण एवं संशय उन्मूलन सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विषय विशेषज्ञों



ने राज्य स्तर पर बैठक लेते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां दी। साथ ही विभिन्न प्रकार की ड्यूटी के तहत किये गये प्रश्नों के सही जवाब भी दिए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी सहित सहायक निर्वाचन अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। प्रशिक्षण सत्र के संपन्न होने उपरांत उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

उपायुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण सत्र में अति महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिसका विशेष लाभ संबंधित अधिकारियों को मिलेगा। इसके बावजूद यदि किसी को कोई संशय हो तो वे तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी और तहसीलदार इलैक्शन मौजूद हैं, जिनकी सहायता लेकर चुनावी डयूटी सफलतापूर्वक करें। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लगने के उपरांत नगदी को लेकर नियम लागू हो जाएंगे। यदि कोई व्यक्ति नकदी के साथ पकड़ा जाता है तो उसके पास नगदी के संदर्भ में पूर्ण जानकारी व अनुमति होनी चाहिए। संबंधित व्यक्ति के पास जितनी नकदी की अनुमति है उतनी ही नगदी लेकर वह चल सकता है। यदि नगदी अनुमति से अधिक मिलती है तो उसे पकडकर जरूरी कार्रवाई की जाए। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार आगे बढ़ें। आचार संहिता लगने के उपरांत नियम बढ़ जाते हैं जिनकी अनुपालना सुनिश्चित की जाए। नामांकन के साथ प्रत्याशियों को विभिन्न प्रकार की अनुमति देने, मतदाता प्रतिशत और मतगणना इत्यादि के लिए सभी प्राप्त दिशा-निदेर्शों की कड़ाई से अनुपालना की जाए। उन्होंने कहा कि हर कार्य के लिए नियम हैं जिनकी जानकारी होनी चाहिए। जिस अधिकारी-कर्मचारी की जो ड्यूटी है उससे संबंधित सभी नियमों की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम विवेक आर्य, एसडीएम अमित कुमार, एसडीएम ज्योति मित्तल, सीटीएम पूजा कुमारी, एलडीएम मनोज सेठी, इलैक्शन तहसीलदार सरला कौशिक आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# आईटीआई परिसर में किया रोजगार मेले का आयोजन: सविता लाम्बा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

रोजगार विभाग सोनीपत व आईटीआई सोनीपत के सौजन्य से आईटीआई सोनीपत के प्रांगण में सोमवार को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन किया गया।

जिला रोजगार अधिकारी सविता लांबा ने बताया कि रोजगार कार्यालय द्वारा कुल 9 कंपनियों को नौकरी देने हेतू बुलाया गया। उन्होंने बताया कि रोजगार कार्यालय में पंजीकृत कुल 122 युवाओं ने मेले में भाग लिया, जिनमें से 25 प्रार्थियों का मौके पर ही चयन किया गया और 62 को शॉर्टलिस्ट किया गया है। जिनमें से अधिकतर को नौकरी



मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि युवाओं का रुझान देखते हुए निकट भविष्य में सोनीपत में और भी रोजगार मेला लगाया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाया जा सके। आज के रोजगार मेले में अर्जुन कोरल, एचक्यू लैंप, क्यूएस क्रॉप्स, एलआईसी, पुखराज, रोलेंड ब्रेकस आदि कंपनियों व नियोक्ताओं ने रोजगार मेले में भाग लिया। इस अवसर पर सहायक रोजगार अधिकारी गन्नौर मनोज कुमार, आंकड़ा सहायक सतीश व आईटीआई सोनीपत का स्टाफ मौजुद रहा।

# सांसद ने करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

## आम जनमानस को बेहतरीन मूलभूत सुविधाएं प्रदान करवाना सुदृढ़ करते हुए समयबद्धता से करें कार्य पूर्णः सांसद

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
लघु सचिवालय में जिला विकास समन्वयन एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक के दौरान सांसद रमेश कौशिक ने करोड़ों रुपये की लागत के विकास कार्यों की आधारशिला रखी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए कि आम जनमानस को बेहतरीन रूप में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करवाना सुनिश्चित करते हुए समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करें। इस मौके पर उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि कोई भी विकास कार्य लंबित नहीं रहेगा। दिशा की बैठक के मौके पर लघु सचिवालय से ही सांसद रमेश कौशिक ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास



किया। उन्होंने दस लाख रुपये की लागत से बजाना खुर्द में ब्राह्मण चौपाल तथा दस लाख रुपये की लागत से ही नया बांस में बनाई जाने वाली कश्यप चौपाल का शिलान्यास किया। गांव पांची गुजरान में प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में शेड व फर्श के कार्य की आधारशिला रखी, जिस पर करीब पांच लाख रुपये का व्यय होगा। खिजरपुर अहीर में दस लाख रुपये की लागत से बनाई जाने वाली अनुसूचित जाति की चौपाल तथा पट्टी ब्राह्मणान में पांच लाख रुपये की लागत से तैयार की जाने वाली सामान्य चौपाल और पांच लाख की लागत से पट्टी ब्राह्मणान में ही श्मशान घाट में शैड व फर्श के कार्य की भी आधारशिला रखते हुए कार्यों का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने जिला के 43 राजकीय विद्यालयों में सोलर इन्वर्टर की

**विकास पर बल**

**8 जिला विकास समन्वयन एवं मूल्यांकन समिति की बैठक में सांसद रमेश कौशिक ने दिए जरूरी दिशा-निर्देश**

स्थापना कार्य का भी शुभारंभ किया, जिन पर लगभग एक करोड़ तीस लाख रुपये की लागत आयेगी। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। इस मौके पर संबंधित गांवों के सरपंच नीरज शर्मा, प्रदीप कुमार, नेहा यादव, प्रीति कुमारी सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति तथा जिला परिषद के सीईओ डा. सुशील मलिक व एमडी शुगर मील संजय कुमार मौजूद थे। शिलान्यास समारोह के पश्चात सांसद रमेश कौशिक ने लघु सचिवालय में दिशा की बैठक ली, जिसकी शुरूआत में उन्होंने डी-प्लान के तहत किये जाने वाले विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी विकास कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। आम जनमानस को अच्छी सुविधाएं मुहैया करवायें। विशेष रूप से बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था और गलियों-सडकों की सुविधा को सुदृढ़ करें।
उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर को जल से शुद्ध जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। हर गांव में पेयजल की बेहतरीन व्यवस्था करें। उन्होंने नहरों की सफाई भी नियमित तौर पर अच्छी प्रकार से करवाने के निर्देश दिए।

# लोगों को आम आदमी पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाया

**जनसंपर्क**

**8 आम आदमी पार्टी की मूलभूत सुविधाएं लोगों को महंगाई के दौर में पसंद आ रही है: सुखबीर मलिक**

**पानीपत/कमाल हुसैन**
आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू जनसंपर्क के अंतर्गत आज सुखबीर सिंह मलिक और उनकी टीम ने गांव शिमला मौलाना का दौरा किया एवम लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी और उनको आम आदमी पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाया। बढ़ती हुई मंगहाई के दौर मे आपके हक की मूलभूत सुविधाओं के बारे मे जानकारी दी। ग्राम सचिव ग्राम अध्यक्ष को बूथ मैनेजमेंट करने के लिए सुखबीर



मलिक ने अधिकृत किया। आम आदमी पार्टी का ग्राफ दिन-ब-दिन बढ़ रहा है आम आदमी पार्टी की मूलभूत सुविधाएं लोगों को महंगाई के दौर में पसंद आ रही है। लोग दिल्ली में पंजाब की तरह हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार चाहते हैं। गावँ शिमला मौलाना से राहुल कृष्ण लाल सूरजमल कश्मीर सिंह सुबह सिंह नरेंद्र पाल ऋषि पाल सिंह सुरेश कुमार लक्ष्मी चंद पुराण चंद राम सिंह पवन कुमार रघुवीर सिंह जगदीश दयाल प्यारेलाल पाले राम दौलत राम प्रवीण कुमार संजीव कुमार अनिल कुमार व अन्य साथियों ने आम आदमी पार्टी की नीतियों को पसंद किया और आने वाले चुनाव में समर्थन देने का वादा कियालोगों ने आम आदमी पार्टी में अपनी निष्ठा दिखाई और पार्टी के लिए काम करने का आश्वासन दिया इस मौके पर प्रदेश सह सचिव सुखबीर मलिक और उनकी टीम में होशियार सिंह प्रदेश सह सचिव राजकुमार मुंडे संदीप मनचंदा उनके साथ थे।

## न्यूज फ्लैश

### आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आर्य** बाल भारती पब्लिक स्कूल में आज सूर्य के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती एवं समाज सुधारक गोपाल कृष्ण की पुण्यतिथि बनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की । कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक हवन यज्ञ के साथ हुआ और समापन गायत्री मंत्र के साथ हुआ । प्राचार्य ने विधालय के उन सभी बच्चों को बधाई दी जिन्होंने जेईई मेंस के माध्यम से इस विधालय का नाम रोशन किया है। इन बच्चों में कक्षा 12 के मोहित गिरी, अंशु और हर्ष के नाम शामिल हैं। यह जानकारी विधालय के प्रधान रणदीप आर्य ने दी । अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि विधा विकास की ही नहीं समाज कल्याण की धुरी भी होती है। इसीलिए अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए । उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आर्य स्कूल ऋषि दयानंद और स्वामी श्रद्धानन्द के बताये मार्ग पर चलते हुए बच्चों को विद्वान ही नहीं चरित्रवान भी बनाता है । यही कारण है कि हमारे विधालय के बच्चे हमेशा मेरिट के माध्यम से ज़िला और प्रदेश का नाम रास्ट्रीय स्तर पर भी ऊँचा करते हैं ।

### अपनी नई एड फिल्म में, मोर्टिन ने समाज के गुमनाम नायकों का किया धन्यवाद

**नोएडा।** पेस्ट कंट्रोल की दुनिया के अग्रणी ब्रांडों में से एक, मोर्टिन ने अपने मौजूदा कैम्पेन, #के तहत एक एड फिल्म पेश की है। इस एड फिल्म में समाज की सुरक्षा करने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। यह फिल्म सामुदायिक कार्यकताओं के निस्वार्थ काम को सम्मान देने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करती है। ये सामुदायिक कार्यकर्ता चौबीसों घंटे काम में जुटे रहते हैं और समाज तक "रक्षा ज्योति" पहुंचाते हैं और समाज को मच्छर जनित बीमारियों से बचाते हैं।



बीमारी फैलाने वाले मच्छरों से सुरक्षित रहने के लिए, हर परिवार कई प्रकार के पेस्ट कंट्रोल सॉल्यूशंस का इस्तेमाल करता है। लेकिन वे लोग, जो बिना थके पूरे समाज को सुरक्षित रखने के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं, वे ही अक्सर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के संपर्क में आ जाते हैं। इस कैम्पेन फिल्म के साथ, मोर्टिन उन लोगों की अधिक देखभाल करने के जरूरत पर जोर देता है जो समाज की देखभाल करते हैं। उन्हें हम मोर्टिन की सुरक्षा की ढाल प्रदान करते हैं। सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया - हाइजीन, रेकिट ने कहा, "बीते कई सालों से, मोर्टिन भारतीय घरों में एक विश्वसनीय पेस्ट कंट्रोल सॉल्यूशन के रूप में मौजूद रहा है। मॉर्टीन परिवारों को मच्छरों से पैदा होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमारी फिल्म की रिलीज के साथ, हम सामाजिक कार्यकताओं की सेहत और सुरक्षा पर ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। ये गुमनाम नायक हमें सुरक्षित रखने के लिए दिन रात अथक परिश्रम करते रहते हैं। फिल्म का मुख्य संदेश 'उनकी रक्षा करें जो रोज हमारी रक्षा करें' लोगों से मोर्टिन लिक्विड वेपोराइजर के साथ हमारे रक्षकों की सुरक्षा करने का आग्रह करता है। हमारा उद्देश्य उन्हें रोग फैलाने वाले मच्छरों से सुरक्षित रखना है। इस एड फिल्म की परिकल्पना हवास वर्ल्डवाइड इंडिया द्वारा की गई है। यह फिल्म एक मार्मिक दृश्य के साथ मॉर्टीन के संदेश को बेहद खूबसूरती से पेश करती है। इस फिल्म में एक मां और उसका बच्चा अपनी हाउसिंग सोसाइटी के सुरक्षा गार्ड को उसके केबिन के लिए मोर्टिन लिक्विड वेपोराइजर प्रदान करके उसके प्रति अपने प्यार को प्रदर्शित करते हैं। यह फिल्म उन सामाजिक कार्यकताओं के निस्वार्थ समर्पण पर प्रकाश डालती है जो लगातार दुनिया की भलाई की दिशा में काम कर रहे हैं।
और हमारी सुरक्षा का ख्याल रख रहे हैं। इसके बाद मां अपने बच्चों से उन लोगों की रक्षा करने का आग्रह करती है जो दुनिया की रक्षा करते हैं। यहां मोर्टिन के साथ कैम्पेन संदेश - 'उनकी रक्षा करें जो रोज हमारी रक्षा करें' को बहुत ही खूबसूरती के साथ शामिल किया गया है।

# एक सप्ताह के भीतर रोड का निर्माण कार्य शुरू होगाः राजीव

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
दो माह से पुनर्निर्माण के लिए उखाड़ी गई देवडु रोड को बनवाने के लिए एकत्रित नागरिकों के बीच पंहुचकर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर रोड का निर्माण कार्य शुरू करवाया जायेगा, साथ ही सीवर के मैन होल ऊँचे उठाने और पानी की निकासी का भी प्रबंध होगा।



राजीव जैन सोमवार को पार्षद मुकेश सैनी, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता पंकज गौड़, उपमंडल अभियंता नवीन दत्ता, तथा नगर निगम के उपमंडल अभियंता देवेंद्र खासा, कनिष्ट अभियंता सचिन राठी एवं अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पंहुचे और दोनों विभागों के अधिकारियों को समन्वय करके जल्द से जल्द समस्या के समाधान करने का आग्रह किया। नागरिकों ने कहा कि सड़क पर गन्दा पानी खड़ा रहता है और ठेकेदार ने सड़क उखाड़कर छोड़ दी है जिसके कारण आये दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं और स्कूल के बच्चों को आवागमन करने में भारी परेशानी होती है। राजीव जैन ने दोनों विभागों के अधिकारियों से कहा कि आज ही बैठक कर सड़क का लेवल तय करो और उसी हिसाब से ही सीवर के मैन होल ऊँचे उठाओ तथा गलियों से बरसाती पानी की निकासी के लिए मैन होल के बाहर जाली लगाओ। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि ड्रेन नंबर 6 पर सिथत डिस्पोजल बंद नहीं होना चाहिए और ओवरफ्लो पानी को निकलने के लिए रोजाना टैंकर की वयवस्था करो।
इस मौके पर राजेश सैनी, जसबीर मलिक, राहुल सैनी, बिजेंद्र, कमल, रामफल, सतपाल सैनी, राण सिंह सैनी, चंदन, सतपाल सैनी, कृष्ण सैनी, देशराज आदि कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

# एडीसी ने जिला प्लान स्कीम के तहत ली अधिकारियों की बैठक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने सोमवार को एडीसी कार्यालय में जिला प्लान स्कीम के तहत अधिकारियों की एक बैठक ली। उन्होंने बैठक के दौरान एक्सईन पंचायती राज, एक्सईन पीडब्लूडी, डीपीसी (एसएसए) एक्सईन ईओ एमसी थानेसर, सचिव एमसी लाडवा, एमसी पिहोवा, एमसी इस्माईलाबाद व एमसी शाहबाद के सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए की सभी कार्य जल्दी से जल्द पूरा करके उनके बिल फरवरी महीने के अंत तक एडीसी कार्यालय में जमा करवाएं ताकि उनका भुगतान इसी वित्तिय वर्ष में किया जा सके। अगर



संबंधित विभाग समय पर बिल जमा नहीं करवाते है तो, आगामी वित्त वर्ष में किसी भी कार्य के इन बिलों का भुगतान नहीं किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# दुष्यंत भट्ट ने 6 नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की

**पानीपत, कमाल हुसैन**
भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भाजपा जिला संगठन को मजबूत बनाने के लिए है 6 नए पदाधिकारी की नियुक्ति की है जिसमें तरुण गांधी एवं



जिला संयोजक नियुक्त किया है दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा संगठन के दम पर लोकसभा चुनाव में 400 पार का आंकड़ा पार करेगी। भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी पार्टियों में राजीव रंजन को मन की बात कार्यक्रम का जिला संयोजक तथा नमो ऐप का दीपक सौन्धापुर जिला संयोजक व मंथन शर्मा को सहसंयोजक बनाया है। वही गौतम खेड़ा को एनजीओ प्रकोष्ठ तथा ओपी गुप्ता को शिक्षक प्रकोष्ठ का खलबली बची हुई है उनके बड़े-बड़े नेता भाजपा का दामन थाम रहे हैं। भाजपा एक परिवार की नहीं बल्कि 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। इसलिए लोगों का रुझान भाजपा के प्रति दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है।

# वर्ष 2023 में पानीपत में 12 हजार 103 व्यक्तियों की घर बैठे बनी पैंशन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
परिवार पहचान पत्र योजना लागू होने के बाद सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पैंशन योजनाओं के तहत बीते वर्ष 2023 में पानीपत जिले में 12 हजार 103 व्यक्तियों की पैंशन स्वतः बनी है। इन सभी को पैंशन योजना का लाभ सरकार की प्रो एक्टिव स्कीम के तहत प्रदान किया गया है।
उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा संचालित की जा रही इन 12 भत्ता योजनाओं के माध्यम से वर्ष 2023 में पानीपत जिले में 12 हजार 103 नए व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा पैंशन योजनाओं

**योजना का लाभ**

**8 मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने पात्र विधुर एवं अविवाहित पुरूषों के लिए किया पैंशन का प्रावधान**

का लाभ दिया गया है। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां व पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय(सेवा) विभाग द्वारा कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है जिसमें वृद्धावस्था, सम्मान भत्ता योजना(पैंशन), निश्रारित बच्चों को वित्तिय सहायता योजना, विधवा एवं निश्रारित महिलाओं को वित्तिय सहायता, दुर्लभ बिमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को वित्तिय सहायता योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, लाड़ली सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना, किन्नर भत्ता योजना, दिव्यांग पैंशन योजना, केंसर रोगियों के लिए वित्तिय सहायता योजना, बोना भत्ता योजना, विधुर एवं अविवाहित व्यक्तियों के लिए वित्तिय सहायता योजना व स्कूल ना जाने वाले जीरो से 18 वर्ष तक के मंदबुद्धि बच्चों को पैंशन के माध्यम से लाभ प्रदान किया जाता है ताकि वे अपने जीवन को सुगम बना सके।

# कई प्रदेशों से समर्थन देने शंभु बॉर्डर पहुंच रहे किसान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
दिल्ली कूच करने वाले किसान वार्ता का मन बना चुके हैं। मजदूर किसान मोर्चा ने सभी संगठनों के साथ यही फैसला लिया है कि इस मुद्दे पर सरकार जितना बात करना चाहेगी वे करेंगे। मगर यह भी सच्चाई है कि सरकार मामले को निपटाने में जितना समय लगाएगी उतना ही आंदोलन को मजबूती मिलेगी। अभी तक कई राज्यों के किसान संगठनों ने आंदोलन का समर्थन किया है। इसमें राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और झारखंड शामिल हैं।

# रास्ते बंद होने से लोगों के काम धंधे भी बंद

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
किसान आंदोलन के चलते पंजाब के रास्ते 9 दिन से बंद हैं। ऐसे में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के काम-धंधे ठप हो गए हैं। एमएसपी और अन्य मांगो के लिए शंभू सीमा पर प्रदर्शन के कारण यातायात चरमरा गया है। इस कारण अंबाला डिपो अपनी बसों को पंजाब के लुधियाना, जालंधर, अमृतसर और पटियाला नहीं भेज रहे हैं।
इसी तरह से पीआरटीसी और पंजाब रोडवेज के अधिकारी भी अपनी बसों को दिल्ली, हरिद्वार, देहरादून, सहारनपुर, वृंदावन और जयपुर, अंबाला और अंबाला से पटियाला, लुधियाना, जालंधर, अमृतसर का रूट पूरी तरह से बंद है। इन रूटों को बंद



किए हुए नौ दिन बीत चुके हैं। लेकिन यात्रियों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही और दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में अंबाला छावनी बस अड्डे पर अधिकतर यात्रियों को घंटों बस का इंतजार करते आसानी से देखा जा सकता है। जींद निवासी विपिन ने बताया कि वह जींद में अपनी भाई के पास से ट्रेन के माध्यम से अंबाला छावनी आया था। उसे अपनी पत्नी वीणा बच्चे सुमित कुमार, शिवानी के साथ हिमाचल प्रदेश के सुंदर नगर जाना है। वह सुबह के छह बजे से दोपहर के 12 बज गए हैं, लेकिन अभी तक कोई भी बस नहीं आई जिससे वह सुंदर नगर जा सके।
गुरुग्राम निवासी बबलू ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ शहजादपुर

**परेशानी**

**8 लेकिन यात्रियों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही और दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है**

के गोलपुरा गांव में अपनी रिश्तेदारी में आया था। अब वह अपने घर जाने के लिए बस अड्डे पर आया है और उसके दो घंटे से ज्यादा का समय बीत गया है, लेकिन बस नहीं मिल रही है।
सहारनपुर निवासी रहमान ने बताया कि वह पंजाब के सुनाम में काम करता है और घर पर शादी समारोह में भाग लेने आया था। अब उसे वापस अपने काम पर जाना है।

# राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के लिए 28 तक करें आवेदन

**पानीपत, कमाल हुसैन**
डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि भारत सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2024 की घोषणा की है। राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार शोधकर्ताओं, प्रौद्योगिकीविदों और नवप्रवर्तकों के उत्कृष्ट और प्रेरक वैज्ञानिक, तकनीक और नवाचार योगदान को मान्यता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों या टीम से राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (आरवीपी) के लिए नामांकन/आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम

**नवाचार**

**8 भारत सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2024 की घोषणा की है**

तिथि 28 फरवरी है।
डीसी ने बताया कि यह पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे, जिसमें विज्ञान रत्न (वीआर) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जीवन काल की उपलब्धियों और योगदान को मान्यता देने के लिए अधिकतम तीन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# खेलों के क्षेत्र में देश में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है हरियाणा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नाबय सिंह सैनी ने कहा कि खेल हमारे लिए बहुत ही लाभदायक हैं क्योंकि वे हमें समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन, समूह में कार्य करना और लगन सिखाते हैं। खेलना हमें, आत्मविश्वास के स्तर का निर्माण करना और सुधार करना सिखाता है। यदि हम खेल का नियमित अभ्यास करें, तो हम अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते है।प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी सोमवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम में जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता के उदघाटन सत्र में बोल रहे थे। इससे पहले प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह



सैनी, विधायक सुभाष सुधा, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, हरियाणा पशुधन एवं डेयरी विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, जिला परिषद के उपाध्यक्ष डीपी चौधरी, सांसद कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने दीपशिखा प्रज्जवलित करके विधिवत रुप से जिलास्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद नायब सिंह सैनी व विधायक सुभाष सुधा ने खिलाडि?ीं से परिचय करके मैच का शुभारंभ करवाया। सांसद ने कहा कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में अन्य गतिविधियों के साथ-साथ खेलों में भागीदारी करना भी बहुत जरुरी है। बच्चों में आज जिस प्रकार आगे बढ? की होड है, उसे देखते हुए शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। किसी भी क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन तभी संभव हो सकता है, जब आप स्वस्थ है।उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाडि?ीं पर पूरे देश को गर्व है। लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी न जाने कितनी बार हरियाणा के खिलाडि?ीं की प्रशंसा कर चुके हैं। यह सब संभव हुआ है मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नीतियों की बदौलत। हरियाणा खेलों में देश के सामने मिसाल है। पिछले चार ओलंपिक खेलों में भारत ने 18 पदक जीते हैं, जिसमें 10 पदक अकेले हरियाणा के खिलाडियों ने जीते हैं। पैरालंपिक खेलों में भी 23 में से 7 पदक हरियाणा के खिलाडि?ीं ने जीते है। बीते 3 एशियाई खेलों में भारत ने 191 पदक जीते हैं, जिसमें 49 पदक हरियाणा के प्रतिभाशाली खिलाडि?ीं द्वारा जीते गए और पिछले 4 राष्ट्रमंडल खेलों में जीते गए 231 खेलों में 70 मेडल हरियाणवी खिलाडि?ीं द्वारा जीते गए हैं। खेलो इंडिया में भी हरियाणा के खिलाडि?ीं का अव्वल रहना यह दिखाता है कि उनके लिए हरियाणा में कितना अच्छा माहौल तैयार हो चुका है।विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि खेल गतिविधियों में शामिल होना, हमें बहुत से रोगों से सुरक्षित करने में मदद करता है, यह हमें जीवन में अधिक अनुशासित, धैर्यवान, समयबद्ध और विनम्र बनाता है, सभी कमजोरियों को हटाकर आगे बढना सिखाता है।

# नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल ईवी शो के चौथे संस्करण का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
आगामी इंडिया इंटरनेशनल ईवी शो 2024 (आईईवी शो) का दिल्ली में एक बड़ा आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रदर्शनी का आयोजन 15 से 17 मार्च, 2024 इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसी), द्वारका, में किया जायेगा भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के सम्मेलन के रूप में पहचाने जाने वाले इस कार्यक्रम में इंजीनियरों, मैकेनिकों, वैज्ञानिकों और निर्णयकताओं को एक साथ आने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। प्रदर्शनी का आयोजन फ्युचरेक्स ग्रुप द्वारा इंडस्ट्री

**प्रदर्शनी**

**8 इस प्रतिष्ठित प्रदर्शनी का आयोजन 15 से 17 मार्च, आईआईसी द्वारका में किया जायेगा**

एसोसिएशन पार्टनर के रूप में सोसाइटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल (एसएमईवी) के साथ मिलकर किया गया है। इस कार्यक्रम को फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा), ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई), इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईसीएटी), इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए), आईपीसी इंटरनेशनल इंक और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी फाइनेंशियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ईएमएफएआई) का समर्थन प्राप्त है। नमित गुप्ता, फ्युचरेक्स ग्रुप के निदेशक ने बताया, इंडिया इंटरनेशनल ईवी शो 2024 टिकाऊ परिवहन की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करता है। जैसे-जैसे हम विद्युतीकरण की ओर बढ़ते हैं, ये कार्यक्रम नवाचार के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करते हैं।

# धूमधाम से मनाया गया ख्वाहिश विद्यालय का वार्षिकोत्सव






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्वरूप** नगर में पार्वती देवी फाउंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के ख्वाहिश स्कूल का 8वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के स्वरूप नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के ख्वाहिश स्कूल का 8वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वेदांता हॉस्पिटल के डॉ. संजय कुमार, विशिष्ट अतिथियों पुष्पा , शिवम पोद्दार, रत्ना यादव, वरुण कौशिक, अर्पण नौटियाल, अविनाश राणा, वैभव सिंह, धर्मवीर यादव का पुष्पगुच्छ प्रतीक चिन्ह भेटकर स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मूक बधिर व नेत्रहीन बच्चों ने गीत, नृत्य व फैशन प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुतियों से सब का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने ख्वाहिश स्कूल की ओर से किया जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए संस्था और इसमें अध्यापकों को स्कूल के बेहतर संचालन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पार्वती फाउंडेशन ईश्वरीय कार्य में लगी है इसलिए सामाजिक संस्थाओं को भी इस संस्था का दिल खोलकर सहयोग करना चाहिए। वहीं अति विशिष्ट अतिथि ने दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की और लोगों से आग्रह किया कि ऐसे बच्चों के उत्थान के लिए आगे आए। ख्वाहिश स्कूल के संस्थापक मनीष प्रजापति ने बताया कि दिव्यांगों को बेहतर कल मिले, इसी दृढ़ संकल्प के साथ हमने 2016 में पार्वती फाउंडेशन के बैनर तले ख्वाहिश स्कूल खोला। इसमें गरीब दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क पढाने के साथ-साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। जिससे यह बच्चे खुद के पैरों पर खड़े हो सके। कार्यक्रम पश्चात जलपान की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जहांगीरपुरी वार्ड: विधायक ने की पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के कार्यों की सराहना




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भलस्वा डेरी में** निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने क्षेत्र की साफ-सफाई के लिए ट्रैक्टर व ट्रॉली खरीदी है, जिससे की क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था और अधिक दुरूस्त हो सके।

आपको बतादें कि इस ट्रैक्टर ट्रॉली का बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव व पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक अजेश यादव ने पार्षद के द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इस दौरान आप नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि यह ट्रैक्टर ट्रॉली वार्ड-18 से पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने अपने निजी खर्चे से वार्ड में सफाई के लिए खरीदी है ताकि गोबर और कूड़े से छुटकारा मिल सके। इस अवसर पर पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को अच्छा और स्वच्छ वातावरण मिल सकें।

उन्होंने आगे बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही हूं और जनता की समस्याओं को सुन उनकी समस्या का उचित समाधान कर रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

इस मौके पर विधायक अजेश यादव, पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा, अशोक भास्कर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कमला नगर: देश में भाजपा आई, छाई बेरोजगारी: अजय गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र स्थित कमला नगर में रहने वाले व जिला चांदनी चौक कांग्रेस डेलिगेट अजय गुप्ता ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला है। उनका कहना है कि मोदी सरकार ने आम जनता को ठगा है। वहीं अजय गुप्ता ने यह भी कहा कि भाजपा झूठे वादों और दावों के साथ केंद्र और प्रदेश में स्थापित हुई है। आज गरीबों की सुनने वाला कोई नहीं है। वहीं उन्होंनें यह भी कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में जब लोगों ने प्रचंड बहुमत के साथ दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों से भाजपा को यह सोच कर जिताया था कि उनकी समस्या कम होगी और उनकी सुनवाई होगी।

**बेराजगारी से जूझती युवा पीढ़ी:** वहीं दिल्ली की जनता को उम्मीद थी कि दिल्ली का चहुमुखी विकास होगा। लेकिन आज सरकार की जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग परेशान है। उन्होनें कहा कि भाजपा बस अपने बखान बखाने में मस्त है मोदी सरकार को लोगों कि समस्या से कोई लेना देना नहीं है। गुप्ता ने बोला कि देश में जहां एक ओर मंहगाई सितम ढ़ा रही है वहीं दूसरी ओर युवा पीढ़ी बेरोजगार दर बदर भटकने को मजबूर है, जिसके चलते क्राइम ग्रॉफ भी तेजी के साथ ऊपर बढ़ रहा है।

# जत्थेदार त्रिलोचन सिंह समाज के लिए एक मिसाल थे: पम्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वरिष्ठ अकाली** नेता व प्रमुख समाज प्रमुख समाजसेवी स्वर्गीय जत्थेदार त्रिलोचन सिंह की 29वीं पुण्यतिथि पर नेशनल अकाली दल व फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन सदर बाजार के कुतुब रोड पर श्रद्धांजलि सभा व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष व फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, वाइस चेयरमैन पवन खंडेलवाल, अध्यक्ष राकेश यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष दीपक मित्तल रमेश सचदेवा, महासचिव सतपाल सिंह मांगा सहित अनेक व्यापारी व सामाजिक नेता उपस्थित थे। जिन्होंने जत्थेदार त्रिलोचन सिंह को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राकेश यादव व सतपाल सिंह गंगा ने कहा जत्थेदार त्रिलोचन सिंह जी एक महान नेता थे जो हमेशा समाज के हित में कार्य करते रहते थे आज भी उनके किए गए कार्यों को समाज याद करता है और वह अपने अंतिम समय में भी समाज के कार्य करते हुए हमें एक संदेश देकर चले गए।

# महेंद्रू इंकलेव: लोगों को बरगलाने में एक्सपर्ट है कांग्रेस: संजना



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जैसे-जैसे** लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी जीत के लिए कोशिशों में जुटे हुए हैं। इसके साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का भी दौर जारी है, तो वहीं सभी राजनीतिक दल सत्ता पाने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहती है।

इसी बीच मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित महेंद्रू इंकलेव में रहने वाली व जिला चांदनी चौक से महिला मोर्चा उपाध्यक्ष संजना ने दावा किया है कि इस बार भी भाजपा दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर परचम लहराएगी।

**कांग्रेस बरगलाने में है अव्वल:** संजना ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सिर्फ जनता को बरगलाने का काम कर रही है, लोगों के हित से कांग्रेस को कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस बस लोगों की गाढ़ी कमाई को लूटने की जुगत में लगी रहती है। उन्होंने कहा कांग्रेस ने अपने शासन काल में देश के लोगों से जो भी वादे किए थे व चुनाव के दौरान घोषणाएं की थी, उस पर वो आज तक खरी नहीं उतर पाई है।

**आगामी चुनावों में भी मुहं की खाएगी कांग्रेस:** वहीं उन्होनें यह भी कहा कि कांग्रेस सिर्फ बडी-बडी बाते करने व लोगों को मुर्ख बनाना ही जानती है और पिछले 70 सालों तक बस लोगों को वोट बैंक की भांति ही इस्तेमाल किया है, इसलिए दिल्ली की ही नहीं देश के लोगों का भी कांग्रेस से भरोसा उठा चुका है।

# श्रीमद् भागवत कथा से पहले निकाली गई विशाल कलश यात्रा












**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के लाल बाग इलाके में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से पहले भव्य रूप में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा की शुरूआत लाल बाग रामलीला पार्क से की गई। यह कलश यात्रा लाल बाग की कई गलियों से होते हुए कथा स्थल रामलीला पार्क पर संपन्न हुई।

आपको बतादें कि क्षेत्र के लोगों ने जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता अशोक गोयल देवराहा, मॉडल टाउन के निगम पार्षद विकेश सेठी, संगम पार्क वार्ड के निगम पार्षद सुशील जोंटी, आम आदमी पार्टी के नेता व युवा समाजसेवी कपिल नागर, पूर्व निगम पार्षद रिंकू माथुर, भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल यादव के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर कथा वाचक मृदुल कृष्ण व्यास (कामवन) महाराज ने कहा कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो भक्त सत्य की राह पर चलता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरो को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी बताया कि कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारें और बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करें। इस अवसर पर मुकेश कुमार, देवेंद्र सिंह, हरिशंकर बाबू, लाल बाबू, ललिता सरोज, पिंकू माथुर, ममता, विजेंदर (कैलिश) विक्रम, सुशील मिश्रा, सुरेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान मुकेश कुमार ने बताया कि कथा का आयोजन श्रीमद् भागवत कथा सेवा समिति लाल बाग आजादपुर द्वारा किया जा रहा है। इसमें सहयोगी संस्था लाल बाग जन कल्याण रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन भी है। इस अवसर पर आये हुए गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार रखें।

# फरीदाबाद में चहुमुखी विकास कार्य करने में सरकार ने नहीं छोड़ी कोई कसर: कृष्ण पाल गुर्जर

**विकास**

**8 परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि शिक्षा विकास की धुरी होती है।**



**फरीदाबाद/ बल्लबगढ़, 19 फरवरी, (हरपाल सिंह यादव )।** केन्द्रीय भारी उद्योग और उर्जा राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में केंद्र व प्रदेश सरकार ने विकास कार्य करने में कोई कसर नहीं छोडी है। हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि शिक्षा विकास की धुरी होती है। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर और उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने बल्लबगढ़ में राजकीय कन्या आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की बहुमंजिला इमारत के उद्घाटन ी अवसर पर आमजन को संबोधित कर रहे थे। यह भव्य आधुनिक तकनीकी से बनाया भवन पर करीब 7 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है। कन्या स्कूल की 4 मंजिल इस स्कूल की इमारत में हर मंजिल पर बेटियों को वाटर कूलर का आरओ का पानी मिलेगा। वहीं बेटियों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए सुसज्जित डीलक्स 7 लैबे और एक लाइब्रेरी बनाई गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद जताते हुए स्थानीय विधायक और परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा को भी स्कूल के नए भवन की बधाई दी। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि साल 2014 से पहले बल्लभगढ़ की विकास कार्यों के मामले में हालत खस्ता थी। लेकिन आज बल्लभगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र सहित तमाम विकास कार्यों के साथ लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने का काम किया गया है। वहीं उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा हरियाणा में सबसे ज्यादा बेटियों को शिक्षा देने वाला यह बल्लभगढ़ में यह प्रदेश का पहला गर्ल स्कूल है। इस स्कूल में कक्षा पहली सेकरीब 4000 बेटियां शिक्षा ले रही है। आज से यह स्कूल की इमारत बेटियों को समर्पित है। उन्होने कहा कि बेटियों को बेहतर सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह भव्य इमारत बनाई गई है। शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने इसके निर्माण के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर का भी आभार जताया है। हरियाणा के उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस अवसर पर की घोषणा की है कि बल्लबगढ़ विधानसभा के सेक्टर 23 में बनाए जाने वाले को-ऐड कॉलेज का नाम शहीद भगत सिंह के नाम होगा। वहीं फतेहपुर बिल्लौच सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल का नाम महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के नाम रखवाने की भी घोषणा की है।

# अवैध देसी पिस्तौल व दो जिंदा रौंद सहित आरोपी गिरफ्तार; तस्कर भी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम रविवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सनौली रोड़ पर झांबा मोड़ के नजदीक मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक गांव झांबा की और से पेदल सनौली रोड की तरफ आएगा। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम ने झांबा मोड़ पर नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात एक युवक झांबा की और से पेदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर वानिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान



नितिन उर्फ मालू पुत्र परसराम निवासी हलदाना के रूप में बताई। तलासी लेने पर आरोपी की पहनी हुई लोयर की जेब से एक देसी पिस्तौल 315 बौर व दो जिंदा रौंद बरामद हुए।

इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को उसके खिलाफ पहले भी लड़ाई झगड़े के 5/6 मुकदमें दर्ज है। आरोपी वर्ष 2019 में जेल से बेल पर बाहर आया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया उसकी कई युवकों के साथ रंजिश चल रही है। रंजिश चलते वह उक्त देसी पिस्तौल करीब 2 साल पहले यूपी के कैराना में एक युवक से खरीदकर लाया था। आरोपी ने पूछताछ में उक्त दो जिंदा रौंद कुछ दिन पहले गांव झांबा निवासी अपने दोस्त दीपांशु उर्फ हैप्पी से 1 हजार रुपएं मे खरीदने बारे स्वीकारा।

पुलिस ने आरोपी नितिन की निशानदेही पर आरोपी दीपांश को देर शाम गांव झांबा से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी दीपांशु ने उक्त जिंदा रौंद बेचने बारे स्वीकारा।

इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना सनौली में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने पूछताछ के बाद सोमवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### आईटीआई में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने डाला छापा, खंगाल रहे रिकार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने खरखौदा आईटीआई में छापा डाला है। टीम संस्थान का रिकार्ड खंगाल रही है और काफी रिकार्ड जब्त भी किया है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की तरफ से पानीपत व करनाल के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में छापा डाला है। खरखौदा आईटीआई के रिकार्ड की जांच कर टीम रिपोर्ट तैयार कर आला अधिकारियों के पास भेजेगी।

इंस्पेक्टर सुनील बाल्याण की अगुवाई में सोमवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम खरखौदा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पहुंची। टीम ने आईटीआई का रिकार्ड खंगालना शुरू कर दिया। टीम की तरफ से आईटीआई में सेवारत स्टाफ की हाजिरी जांचने के साथ ही विद्यार्थियों की भी हाजिरी देखी गई। इस दौरान टीम ने सरकार की तरफ से संस्थान को दिए गए बजट का ब्योरा लेकर भी रिकार्ड तैयार किया, जिसमें आए बजट के साथ ही संस्थान की तरफ से किए गए खर्च व बकाया को लेकर भी जानकारी जुटाई गई। वहीं संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति को लेकर भी रिकार्ड को खंगाला गया। टीम आईटीआई के रिकॉर्ड की जांच में लगी है।

### टैक्सी से सवारी उतारने का विरोध किया तो पीट-पीटकर किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

बहालगढ़ थाना क्षेत्र में टैक्सी से सवारियों को उतारने का विरोध करना टैक्सी संचालक को मंहगा पड़ गया। आरोप है कि इक्को चालक ने गाली-गलौच के साथ अपने दोस्तों को बुलाकर उसके साथ मारपीट की। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव दीपालपुर निवासी नरेंद्र ने बताया कि वह टैक्सी चालक है। गत 16 फरवरी को देर शाम बहालगढ़ स्टैंड पर खड़ा था। उसी दौरान एक इक्को गाड़ी चालक पानीपत साइड से आया। उसने गाड़ी से सारी सवारियों को उतार लिया। उसने विरोध किया तो गाली-गलौच करने लगा। उसके बाद किसी के पास फोन करके सात-आठ युवकों को बुला लिया। उन्होंने आते ही उस पर लाठी-डंडो से हमला कर घायल कर दिया। किसी तरह वह जान बचाकर चौहान मिष्ठान भंडार की तरफ भागा। उसके बाद बदमाश उसका पीछा करते हुए वहां भी आ गए। उस पर फिर से हमला कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी देकर सेंटरों कार व अन्य तीन बाइकों पर फरार हो गए। उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। पीड़ित ने बताया कि मारपीट का वीडियो भी उसके पास है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी कुलदीप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द हमलावरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

फोटो केप्सन 19 एसएनपी टैक्टी संचालक से मारपीट करते हुए।

### घर में घुसकर चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

बहालगढ़ थाना पुलिस ने घर के दरवाजे तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कपिल निवासी चमराना कोटना रोड बागपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

गढ़ मिरकपुर निवासी वासिम ने गत 16 फरवरी को शिकायत देकर बताय कि वह अपने घर पर ताला लगाकर परिवार सहित अपने भाई के घर पर गांव जाजल चला गया। घर के दरवाजे पर ताला तोड़कर घर से बैटरी, इंनवर्टर, गैंस सिलेंडर सहित अन्य सामान को चोरी करके ले गए। अपने स्तर पर चोरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

# शादी समारोह में गए युवक का दो-पहिया वाहन चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

कुंडली थाना क्षेत्र के सेरसा जाटी रोड स्थित फार्म हाउस के बाहर से दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन चालक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ में लग सके।

गांव सेरसा निवासी संदीप ने बताया कि वह गत 17 फरवरी को करीब आठ बजे गांव सेरसा जाटी रोड पर स्थित फार्म हाउस पर शादी समारोह में शिरकत करने के लिए गया था।

# विधायक सुरेंद्र पंवार ने मुरथल रोड की सड़क बनवाने के कार्य का किया शुभारंभ

**शुभारंभ**

**8 - विधायक सुरेंद्र पंवार ने विधायक कोष के तहत सड़क बनवाने के कार्य का किया शुभारंभ**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

विधायक सुरेंद्र पंवार ने 49 लाख रुपए की लागत से बस स्टैंड से मुरथल रोड़ तक बनने वाली नई सड़क का शुभारंभ किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने एजेंसी को निर्देश दिया है कि जल्द ही सड़क बनाने के कार्य को शुरू किया जाए ताकि दुकानदारों व शहर वासियों को और अधिक समय परेशानी न झेलनी पड़े। बता दे कि बस स्टैंड से लेकर



मुरथल रोड़ तक शहर वासियों ने सड़क पर गहरे गड्ढे व सड़क की खस्ता हालत को लेकर विधायक सुरेंद्र पंवार को अवगत कराया था विधायक सुरेंद्र पँवार ने पीडब्ल्यूडी विभाग को अपने विधायक कोष से सड़क बनाने की अनुशंसा की। इसके उपरांत सड़क बनाने के कार्य का आवंटन किया गया। करीब 49 लाख रुपए की लागत से नए सिरे से तारकोल की सड़क बनाई जाएगी। 2 दिन के अंदर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आज शहर की अधिकांश सड़के नए सिरे से विधायक कोष से बनवा दी है। विधायक बनते ही उनका मुख्य धेय्य था कि शहर की किसी भी सड़क पर गड्ढे ना हो। उन्होंने विधानसभा में भी कई बार आवाज उठाई, जिसके परिणाम स्वरूप आज शहर की अधिकांश सड़के चकाचक हो गई है। क्षेत्र वासियों ने विधायक सुरेंद्र पवार का सड़क बनवाने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि सड़क के शुभारंभ से पहले सड़क की हालत खस्ता हो चुकी थी, सड़क धूल फांक रही थी। सड़क पर गहरे गड्ढे हो चुके थे जिसकी वजह से आमजन का सड़क से निकलना दुभट हो गया था। विधायक सुरेंद्र पंवार ने अपने विधायक कोष से सड़क बनवाने का जो कार्य शुरू किया है वह बहुत ही सराहनीय है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि यह उनकी जिम्मेदारी थी जिसे उन्होंने ईमानदारी व मेहनत के साथ पूरा किया है। इसी तरह भविष्य में भी शहर की किसी भी सड़क व गली को विकास कार्यों से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इस दौरान पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, पार्षद नीतू राजेश दहिया, हरेंद्र राठी, प्रवीण, जय भगवान रमेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# शिमला व सुजानपुर रूट पर फिर से दौड़ेगी रोडवेज की लॉरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

केंद्र सरकार से अपनी मांगों को लेकर फिर से शुरू किए किसान आंदोलन के चलते रोडवेज विभाग की तरफ से कई रूटों पर बसों के पहिए पर जाने पर रोक लगा दी थी। विभाग की तरफ से किसान आंदोलन-2 को देखते हुए बंद किए गए हिमाचल के शिमला व सुजानपुर रूट को रोडवेज ने फिर से चालू कर दिया है। जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली है। इन रूटों पर बस सेवाएं बंद होने से यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि शंभू बॉर्डर सील होने से बसों को वैकल्पिक रास्तों से भेजा जा रहा है।

बता दें कि किसानों के दिल्ली कूच के एलान के बाद पुलिस ने हरियाणा-पंजाब व हरियाणा-दिल्ली बॉर्डर को सील कर दिया था। जिस कारण पंजाब, हिमाचल व दिल्ली जाने वाली रोडवेज बसों को बंद कर दिया था। यात्रियों की मांग व बेहतर परिवहन सुविधा देने के उद्देश्य से रोडवेज ने दोबारा इन रूटों पर बस सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत शिमला व सुजानपुर रूट पर बस सेवाएं शुरू कर दी हैं। जिसका यात्रियों को फायदा मिलेगा। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि जो रूट बंद हैं, उन पर भी बसों का परिचालन शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

प्रशासनिक ड्यूटी पर भेजी 24 बसें, लोकल रूट रहे प्रभावित-

रोडवेज ने किसान आंदोलन के चलते 24 बसें प्रशासनिक ड्यूटी पर भेज रखी हैं। जिससे लोकल रूट प्रभावित हैं। इन रूटों पर यात्रियों को बसों के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। दिल्ली जाने वाली बसों को भी वाया नरेला भेजा रहा है। जाम के कारण बसें देरी से वापस लौट रही हैं।

# घर के बाहर खड़ी महिला के गले से सोने की चैन झपटी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सेक्टर-27 शहर सोनीपत क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी महिला के गले से सोने की चैन झपटने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र में गत दिनों पहले दो अलग-अलग स्थानों से सोने की चैन झपटने व कोरियर कार्यालय से लाखों रुपये की राशि लूटने का मामला सामने आ चुका है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।सेक्टर-15 निवासी मनोज कुमार ने बताया कि गत 18 फरवरी को 12.50 बजे अपने पत्नी गरिमा के साथ घर के बाहर रैंप पर खड़ा था।

# कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रख जनकल्याणकारी नीतियो के साथ कार्य करेगी: पंवार



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

कमाल हुसैन पानीपत ग्रामीण विधानसभा की देशराज कॉलोनी, महादेव कॉलोनी, हनुमान कॉलोनी के मेन रोड पर सर्वसमाज के कॉलोनीवासियों द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार का कांग्रेस की प्रदेश घोषणा-पत्र कमेटी का काँग्रेस शीर्ष द्वारा नियुक्त किये जाने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया । सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि ओमवीर सिंह पंवार ने पहुचकर उपस्थित समस्त कॉलोनीवासियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि जिस तरह से आज भाजपा-जजपा सरकार की कुनीतियों के कर आमजन परेशानी भरी पीड़ा झेल रहे है उससे आम जन के मन में वर्तमान सरकार के प्रति गुस्सा देखने को मिल रहा है आमजन को इस बात को लेकर भी गुस्सा है कि भाजपा के नेताओ ने बड़े बड़े जुमले फेंककर जिस तरह भोली भाली जनता का वोट हासिल किया है उससे सब अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे है । उन्होंने कहा भाजपा जो ईमानदारी को डंडोरा पीट रही है लेकिन धरातल पर सब उसके विपरीत हो रहा है भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है । महँगाई आसमान छू रही है । आज भाजपा जजपा सरकार पोर्टल की सरकार बन कर रह गई है । प्रत्येक व्यक्ति कागजो में उलझकर रह गया है । सम्मान समारोह को लेकर उपस्थित सभी में लोगो मे उत्साह नजर आया और आसपास की कालोनियों के सर्व समाज के मुख्य व्यक्तियों ने अपनी बात रखी ओमवीर सिंह पंवार को सभी समाज के बुजुर्गों ने भविष्य के लिये कालोनियों के ओर पगड़ी पहनाकर अपना पूरा आशीर्वाद दिया अपना दिया साथ ही नौजवानों ने भी हर प्रकार से सहयोग करने की बात कही और उपस्थित व्यक्तियों ने अपनी बात को रखते हुये कहा कि बढ़ते बिजली के दाम कटे हुए राशन कार्ड डिस्पेंसरी का न होना और स्कूलों की बदहाली के लिये भाजपा जजपा सरकार को कोसा उपस्थित कॉलोनीवासियों को ओमवीर पवार ने आश्वासन दिया कि यह सब बातें रखने के लिए ही पार्टी ने मुझे इस काबिल समझा है सभी आश्वासन देते हुये कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर हल्के की जनता का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा ।

# 120 ग्राम चरस सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम रविवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान इसराना से मांडी रोड पर बांध मोड़ के नजदीक मौजूद थी। तभी टीम को एक संदिगध किस्म का युवक गांव बांध की और से पेदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने शक के आधार पर कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान दलेल पुत्र प्रेम निवासी लाखु बुआना के रूप में बताई।



पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट एईटीओ सौरव जायसवाल की मौजूदगी में युवक की तलाशी ली तो उसके पहने हुए कुर्ते की जेब से चरस बरामद हुई। बरामद चरस का वजन करने पर 120 ग्राम पाया गया।

इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने व शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए वह करीब 2 सप्ताह पहले हरिद्वार में एक बाबा से 140 ग्राम चरस कम कीमत पर खरीदकर लाया था। जिसमे से 20 ग्राम चरस आरोपी ने नशा करने में खर्च कर दी। आरोपी बची चरस को बेचने के लिए रविवार को ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने उसे चरस सहित गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी दलेल के खिलाफ थाना इसराना में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पूछताछ के बाद पुलिस ने सोमवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

# सरकार द्वारा इंटरनेट बंद करने से व्यापार व उद्योग प्रभावित हो रहा है: गर्ग

**शुभारंभ**

**8 सरकार को किसानों ने की समस्या हल करके रास्तों को तुरंत प्रभाव से खोलना चाहिए- बजरंग गर्ग**



**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

व्यापारी प्रतिनिधियों की एक आवश्यक मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में व्यापारियों की समस्या व व्यापार मंडल के संगठन के विस्तार पर विचार किया गया। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने सब्जी व फलों पर मार्केट फीस व एचआरडीएफ लगाकर गरीबों के मुंह का निवाला छीनने का काम किया है। जबकि पिछली सरकार ने सब्जी व फलों पर पूरी तरह से मार्केट फीस व एचआरडीएफ हटाने का काम किया था। श्री गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने सब्जी व फलों पर मार्केट फीस हटाने की घोषणा की थी और कहा था की मार्केट फीस हटाने से किसानों व आढ़तियों को 30 करोड़ रुपए का लाभ मिलेगा। मगर सरकार ने घोषणा करने के बावजूद भी आज तक मार्केट फीस व एचआरडीएफ नहीं हटाया है। सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार सब्जी व फलों पर से मार्केट फीस व एचआरडीएफ तुरंत प्रभाव से हटना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा हरियाणा की सीमाओं पर बेरीकेटिंग लगाकर रास्ते रोकना कोई समस्या का हल नहीं है। रास्ते बंद होने से हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, दिल्ली, यूपी व राजस्थान आदि राज्यों में व्यापार व उद्योगों का करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। यहां तक कि रास्ते बंद होने से 12000 से ज्यादा ट्रक रोड़ो में फंसे हुए हैं और ट्रांसपोर्टरों ने भी बुकिंग बंद कर दी है। जिसके कारण माल लाने व भेजने में बड़ी भारी दिक्कत हो रही है और ट्रांसपोर्टरों को भी करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। बजरंग गर्ग ने कहा कि इंटरनेट बंद होने से भी व्यापार व उद्योग पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। सरकार ने किसानों से जो वादे किए हुए हैं उनकों पूरा करके सरकार को रास्तों को तुरंत प्रभाव से खोलना चाहिए। किसान, व्यापारी व उद्योगपति का चोली दामन का साथ है और एक दूसरे के पूरक है जबकि व्यापारी और किसानों के साथ सदियों से पारिवारिक संबंध है और आगे भी रहेगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को हर अनाज खरीद पर पहले की तरह आढ़तियों को ढाई प्रतिशत पूरी दामी देनी चाहिए। सरकार सरसों, कपास पर दामी नहीं दे रही है और गेहूं व धान पर दामी कम दे रही है जो सरासर गलत है?।

# अधिवक्ता के बंद घर में चोरी, पुलिस को दी गई मामले की शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पटेल नगर स्थित अधिवक्ता के बंद घर में घुसकर चोर सामान चोरी कर ले गए। अधिवक्ता जब घर पहुंचे तो चोरी का पता लगा। जिस पर मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने जांच के बाद चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि चोरों का कोई सुराग हाथ लग सके।

**चोरी**

**8 जांच अधिकारी एसआई राकेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।**

पटेल नगर स्थित बर्फ फैक्टरी निवासी अधिवक्ता आशीष वत्स ने बताया कि वह शनिवार को निजी काम से बाहर गए था। वह रविवार को घर पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा था और कीमती सामान गायब था। चोर एयरकंडीशनर, एलईडी, लैपटॉप, बैटरी, वोल्टेज, सात टूटियां, सिलिंडर, चूल्हा, कॉपर वायर व अन्य सामान ले गए। अधिवक्ता ने मामले से पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई राकेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 20 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## बोर्ड परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले परीक्षा केन्द्र से सीधे भेजे जाएंगे जेल

**टीम एक्शन इंडिया/बलिया**

बोर्ड परीक्षा पर पुलिस की भी पैनी नजर रहेगी। पूरी परीक्षा के दौरान पुलिस का स्पेशल सेल एक्टिव रहेगा। बोर्ड परीक्षा में गड़बड़ी की स्थिति में कड़ी पुलिसिया कार्रवाई होगी। कलेक्ट्रेट सभागार के गंगा बहुउद्देशीय सभागार में बैठक में डीएम व एसपी ने जोनल, स्टेटिक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक में चेताया कि परीक्षा केंद्र से सीधे तत्काल जेल भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को सकुशलतापूर्वक, नकलविहीन और शुचितापूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बैठक में कहा कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें हैं, उनके अनुरूप ही परीक्षा कराएंगे। सचेत किया कि किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी संज्ञान में आई तो व्यक्तिगत रूप से जवाबदेही तय करते हुए जिम्मेदार पर बड़ी कार्रवाई होगी। किसी भी दशा में कोई छोटी गलती भी स्वीकार नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस परीक्षा में जितने स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वह पूरी तरीके से फूलप्रूफ व्यवस्था है, इसमें शामिल सभी अधिकारी यदि अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही तरीके से करेंगे तो बोर्ड परीक्षा में कोई सेंधमारी नहीं होगी। यदि किसी ने सेंधमारी की कोशिश की तो इसके बुरे परिणाम भुगतने पड़ेंगे। साथ ही सभी केंद्र व्यवस्थापकों को स्ट्रांग रूम की फूलप्रूफ सुरक्षा से संबंधित रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी देव रंजन वर्मा ने कहा कि परीक्षा के दौरान नकल माफियाओं, फर्जी अभ्यर्थियों और पेपर लीक जैसे बिंदुओं पर नकेल कसने के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम के बारे में जानकारी दी। कहा कि परीक्षा की शूचिता बनाए रखने के लिए गोपनीय और ओपनली दोनों प्रकार के टीम अपना काम कर रही है। बैठक में एडीएम डीपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, बीएसए मनीष सिंह व डीएसओ रामजतन यादव सहित सभी केंद्र व्यवस्थापक मौजूद थे।

## हत्या की गुत्थी सुलझी, एक आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली: नरेला औद्योगिक क्षेत्र के भोरगढ़ में 16 फरवरी की रात लूटपाट के दौरान दो युवकों को चाकू मारने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है।

# यूपी यानी अनलिमिटेड पोटेंशियल: सीएम योगी

### अपनी प्रतिभा को पहचान कर आज सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है उत्तर प्रदेश: मुख्यमंत्री

**योगी मॉडल**

**आज यूपी अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है।**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के शुभारंभ के लिए प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और 10 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। सीएम योगी ने कहा कि यह भूमि भगवान श्रीराम की है,गोपेश्वर श्रीकृष्ण की है, बाबा विश्वनाथ की है, ऋषि मुनियों की कृपा भूमि है, मां गंगा, यमुना और सरयू जैसी नदियों का आशीर्वाद भी इसको प्राप्त हुआ है, यह धन्य भूमि है,पुण्य भूमि है, यह उद्यम और उद्यमता की भी भूमि है। आज उत्तर प्रदेश भारत के श्रम शक्ति पुंज को एक अर्थशक्ति पुंज के रूप में बनाने की ओर अग्रसर हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी जी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है। इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।



**'लाखों युवाओं के लिए बढ़ीं रोजगार की संभावनाएं'**

**सीएम** योगी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि निवेश और औद्योगिक निवेश के बारे में भारतीय मनीषा क्या कहती आई है। आचार्य कौटिल्य ने कहा था कि आर्थिक समृद्धि के लिए तीन तत्वों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पहली भूमि, दूसरी जनसंख्या और तीसरी पूंजी। यह कहते हुए गौरव की अनुभूति हो रही है कि यह तीनों तत्व आज उत्तर प्रदेश में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। वर्ष 2018 में जब हमने यूपी इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया था, तब हमारी सरकार ने अपना पहला ही वर्ष पूरा किया था,लेकिन ट्रांसफॉर्मेशन के उस शुरूआती चरण में भी आपने प्रदेश पर विश्वास जताया और परिणामस्वरूप 4.28 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुए थे। आप सबके सहयोग से मात्र 5 माह में यानी जुलाई 2018 में पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 61 हजार 700 करोड़ के निवेश वाली परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। जुलाई 19 में दूसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें 67 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों का शुभारंभ हुआ। कोविड कालखंड के बावजूद तीसरा ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह अन्य दो संस्करणों की तुलना में और भी भव्य था, जिसमें 80 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया।

**जीबीसी 4.0 निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का उत्सव**

**मुख्यमंत्री** ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 10-12 फरवरी 2023 के बीच आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता से आप सभी परिचित हैं और उसके सहभागी रहे हैं। देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर विश्वास जताया। हमारी नीतियों पर भरोसा दिखाया और उत्तर प्रदेश को अब तक 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। आज इन्हीं निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का उत्सव है। आज प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का भूमि पूजन संपन्न होने जा रहा है। नया उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनकर भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित भारत के संकल्प में एक विकसित उत्तर प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह ट्रांसफॉर्मेशन, ये बदलाव, ये स्पीड विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान है। आपके सहयोगसे क्रियान्वित हो रही ये परियोजनाएं न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है।



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर गुवाहटी में दूरदर्शन केंद्र का उद्घाटन करते हुए।

## बनभूलपुरा दंगा: सभी अधिकारियों से भी की जायेगी पूछताछ

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**

बनभूलपुरा दंगे की जांच कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत कर रहे हैं। इस घटना के दौरान मौजूद सभी पुलिस, नगर निगम और प्रशासन के अधिकारियों-कर्मियों से भी पूछताछ की जाएगी ताकि जांच में पूरी निष्पक्षता हो। आयुक्त ने बताया कि सभी अधिकारियों को उनके द्वारा नोटिस भेज दिए गए हैं और इस सप्ताह में उन सभी अधिकारियों से अलग-अलग दिन पूछताछ होगी। उनसे लिखित जवाब भी मांगा जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता के लिए भी घटना से जुड़े साक्ष्य पेश करने की बात कही है। इसके लिए उन्होंने मेल आईडी और फोन नंबर जारी किया है, लेकिन अभी तक उनके पास कोई भी व्यक्ति नहीं आया है। उन्होंने बताया उनके पास जो भी साक्ष्य दस्तावेज या अन्य रूप में हैं, उसकी जटिलताओं को देखते हुए इस पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए थोड़ा समय और लग सकता है।

## कैबिनेट: इंदौर-उज्जैन 4-लेन को विकसित करने राशि स्वीकृति

### उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेला में मोटरयान कर दर में मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट, आंवलिया मध्यम सिंचाई परियोजना के लिए 224 करोड़ 46 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति,



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेला 2024 में गैर- परिवहन यानों तथा हल्के परिवहन यानों के विक्रय पर जीवनकाल मोटरयान कर की दर में 50 प्रतिशत की छूट का निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार विक्रीत वाहनों का क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, उज्जैन से स्थाई पंजीयन कराने पर छूट दी जाएगी। उज्जैन के बाहर से आने वाले ऑटोमोबाइल व्यवसायी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, उज्जैन में व्यवसाय प्रमाण-पत्र प्राप्त करने तथा मेला प्रांगण में अपनी भौतिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के बाद वाहन विक्रय कर सकेंगे।

मंत्रि-परिषद द्वारा इंदौर-उज्जैन 4-लेन मार्ग को 6-लेन मय पेव्हड शोल्डर में विकसित करने की स्वीकृति दी गई हैं। इसकी लम्बाई 45.475 कि.मी. है। योजना अंतर्गत 1692 करोड़ रुपये लागत से 45.475 कि.मी. के इंदौर-उज्जैन 4-लेन मार्ग को 6-लेन मय पेव्हड शोल्डर में हाईब्रिड एन्यूटी मॉडल (40:60) अंतर्गत निर्माण किया जाना है। परियोजना में समस्त स्ट्रक्चर्स का 6-लेन में निर्माण के साथ अतिरिक्त 1.10 किलोमीटर लम्बाई में शनि मंदिर एप्रोच रोड को 3-लेन में चौड़ीकरण किया जायेगा। परियोजना में महत्वपूर्ण जंक्शनों को ग्रेडसेपरेटर (वीयूपी और फ्लाईओवर) के साथ निर्माण किया जायेगा। मार्ग के एकरेखण में आने वाले दो फ्लाई ओवर, छः अंडरपास एवं आठ वृहद जंक्शन का निर्माण परियोजना के अंतर्गत किया जायेगा। योजना अंतर्गत आने वाले सभी जंक्शन का सुधार, सड़क सुरक्षा के लिये आवश्यक उपाय, रोड मार्किंग एवं रोड फर्नीचर इत्यादि का कार्य करवाया जायेगा। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग में 1 अध्यक्ष एवं 4 सदस्यों सहित कुल 5 पद स्वीकृत हैं और वर्तमान में एक अध्यक्ष एवं दो सदस्य कार्यरत हैं।

**बैठक**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई**

## पाकिस्तान को 1971 की तरह तोड़ देंगे: तालिबान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**तालिबान के** विदेश उपमंत्री ने अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान से निकाले जाने पर धमकी दी है। तालिबानी विदेश उपमंत्री शेर मोहम्मद अब्बास स्टेनिकजई ने पाकिस्तान को 1971 की तरह तोड़ने की धमकी दी है। तालिबान ने कहा कि वो नकली डूरंड रेखा को मान्यता देता है, हम इस रेखा को कोई मान्यता नहीं देते। इस रेखा के उसपार भी अफगानिस्तान है। तालिबान के वरिष्ठ मंत्री ने अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान से निकाले जाने पर ये बयान दिया है। विदेश उपमंत्री ने कहा है कि पाकिस्तान विभाजन का एक बार फिर इतिहास दोहराया जाएगा और पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांट दिया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान ने कहा कि पाकिस्तान लगातार अपने देश में आतंकियों को शह देता है, भारत समेत कई देशों में आतंकवादियों को भेजने का प्रयास करता है। पिछले दिनों पाकिस्तान से अफगानिस्तान की सीमा में भी आतंकवादियों को भेजने के दौरान गोलीबारी की खबर आई थी। भारत ने साल 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह से हरा दिया था, जिसके बाद बांग्लादेश और पाकिस्तान का विभाजन हुआ। बता दें कि पाकिस्तान पश्चिमी पाकिस्तान को अधिक महत्व देता था, जिसकी वजह से बांग्लादेश में स्वतंत्रता संग्राम शुरू हो गया जिसका भारत ने समर्थन किया था।


## 'भारत आज किसी भी आपदा से निपट सकता है'

**आपदा प्रतिरोधी**

**मिशन शून्य-हताहत के कारण, बिपरजॉय चक्रवात की विनाशकारी शक्ति भी किसी की जान नहीं ले सकी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आपदा प्रतिरोधी भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बहुआयामी आपदा प्रबंधन योजना लेकर आए। उनके दूरदर्शी नेतृत्व के कारण भारत आज किसी भी आपदा से निपट सकता है। मिशन शून्य-हताहत के कारण, बिपरजॉय चक्रवात की विनाशकारी शक्ति भी किसी की जान नहीं ले सकी। 'एक्स'




प्लेटफॉर्म पर आपदा प्रबंधन पर पोस्ट की एक श्रृंखला में अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक बहुआयामी आपदा प्रबंधन योजना पेश की। इस दृष्टिकोण के तहत मोदी सरकार ने त्वरित प्रतिक्रिया बल बनाए और सतर्क प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली विकसित की, जिससे लाखों लोगों की जान बचाई गई। केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री ने कहा कि आपदा प्रतिरोधी भारत के निर्माण के लिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदाओं के प्रति हमारी प्रतिक्रिया में शून्य-हताहत दृष्टिकोण अपनाया है। आज हमारी आपदा प्रतिक्रिया टीमें हर जीवन को सुरक्षित करने के लक्ष्य से प्रेरित होकर पूरी तरह से पेशेवर ताकतों के रूप में काम करती हैं।

## सिलक्यारा टनल के पुनर्निर्माण में अभी लगेगा वक्त

**टीम एक्शन इंडिया/सिल्क्यारा**

**तीन माह बीत** जाने के बाद भी उत्तराखंड के उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग के पुनर्निर्माण में अभी भी कुछ और वक्त लग सकता है। हालांकि प्रशासन ने टनल के अंदर डैमेज एरिया के ट्रीटमेंट को हरी झंडी दे दी है। सूत्रों की मानें तो एनएचआईडीसीएल ने कान्ट्रैक्टर कंपनी नवयुगा कंपनी पर टनल के डैमेज एरिया को दुरुस्त करने का दबाव बढ़ा दिया है, लेकिन रिस्की प्वाइंट से मलबा हटाना आसान नहीं है। अब कंपनी ने अनुभवी इंजीनियरों से राय शुमारी करनी शुरू की है। हालांकि कंपनी के इंजीनियरों ने डैमेज एरिया में एसडीआरएफ की देख-रेख में काम करना भी शुरू कर दिया था,लेकिन डैमेज प्वाइंट पर खतरा बना हुआ है और कंपनी की सभी मशीनें भी सुरंग के अंदर फंसी होने से मलबा हटाना मुश्किल है।



अब नयी रणनीति के तहत पहले अनुभवी इंजीनियरों की सलाह पर इसका प्रपोजल तैयार होगा और फिर टनल ट्रीटमेंट का काम शुरू होगा। सूत्र बताते हैं कि नवयुगा कंपनी इस कार्य को किसी और कंपनी के हाथों सौंपेगी, क्योंकि वर्तमान में न तो कंपनी के पास संसाधन हैं और ना ही अनुभवी इंजीनियर जिस कारण टनल निर्माण में समय लग सकता है। हालांकि कंपनी के वर्कर टनल के अंदर से पानी रिसाव को हटाने और ब्रिज निर्माण के कार्य में तेजी ला रहे हैं। धीरे-धीरे कंपनी के मजदूर भी वापस आने लगे हैं और अपने काम पर लग चुके हैं। मगर बड़ा सवाल यही है कि टनल के अंदर मलबे को कब हटाना शुरू होगा और कब कंपनी के मजदूर मलबे को हटाकर आगे बढ़ेंगे।

**रायशुमारी**

**डैमेज कंट्रोल के लिए चल रही राय शुमारी, भूस्खलन एरिया में आसान नहीं डगर, प्रशासन ने डैमेज एरिया के ट्रीटमेंट दी हरी झंडी**

## शाहजहांपुर में ट्रेन की चपेट में आने से 12 गौवंशों की मौत

**शाहजहांपुर:** रोजा थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर विचरण कर रहे गौवंशों का एक झुंड ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में करीब एक दर्जन गौवंशों की मौत हो गई और एक गौवंश गंभीर रूप से घायल हो गया। राष्ट्रीय गौरक्षक दल के मंडल कोषाध्यक्ष अतुल रस्तोगी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब पांच बजे रोजा थाना क्षेत्र में बिलिंदापुर गौटिया के पास गौवंश ट्रेन की चपेट में आ गए।जिससे बारह गौवंशो की मौत हो गई और एक गौवंश गंभीर रूप से घायल हो गया। राष्ट्रीय गौरक्षक दल के कई पदाधिकारी और रोजा पुलिस मौके पर पहुंची।जिनकी मदद से शवो को हटवाया गया।

## हिमालयन बास्केट से खुलेंगे अंतरराष्ट्रीय बाजार के द्वार: सीएम धामी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चंपावत में हिमालयन बास्केट का मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हिमालयन बास्केट की शुरूआत वर्ष 2018 में सुमित और स्नेहा थपलियाल ने की थी। सुमित पेशे से इंजीनियर और स्नेहा मार्केटिंग पेशेवर हैं। देवभूमि से होने के कारण दोनों हमेशा स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए कुछ अलग करना चाहते थे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि दोनों ने डेरी, खेती और उनके



पहलुओं से संबंधित विकल्पों पर विचार कर हिमालयन बास्केट की स्थापना का निर्णय लिया। हिमालयन बास्केट के तहत दूध, हल्दी, पुदीना जैसे कृषि उत्पाद खरीदकर इनसे अलग-अलग उत्पाद बनाकर विदेशों में सप्लाई करते हैं।

उत्पाद बनाने के लिए 200 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। हिमालयन बास्केट से अंतरराष्ट्रीय बाजार के द्वार खुलेंगे ही, हुनरमंद कारीगरों को अलग पहचान मिलेगी और वे समृद्धि की उड़ान भरेंगे। उन्होंने कहा कि दूध से बनने वाले उत्पाद 'चुरपी' और 'घी' की अधिक डिमांड है। चुरपी गाय के दूध से बना एक विशेष कठोर पनीर है। दोनों ने उत्तराखंड में इसके उत्पादन का बीड़ा उठाया है।

## संदेशखाली मामले पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने जताई चिंता

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**राष्ट्रीय महिला** आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली के हालात पर चिंता व्यक्त की है। सोमवार को वह उत्तर 24 परगना जिले के अशांत संदेशखाली में जमीनी हालात का जायजा लेने से पहले दमदम हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने ममता बनर्जी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैं पीड़ितों से मिलने संदेशखाली जाऊंगी। मैं चाहती हूं कि पीड़ित आकर मुझसे बात करें, राष्ट्रीय महिला आयोग उनके साथ है। रेखा शर्मा ने कहा कि वे कल पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और फिर राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगी। उनका कहना है कि कई बातें सामने आ रही हैं लेकिन पुलिस उन्हें दबा रही है।

**न्याय**

**मैं पीड़ितों से मिलने संदेशखाली जाऊंगी। मैं चाहती हूं कि पीड़ित आकर मुझसे बात करें : रेखा शर्मा**

**विकास** मुख्यमंत्री ने संभल में श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह को किया संबोधितृ, संभल के ऐंचोड़ा कंबोह में प्रधानमंत्री ने किया कल्कि धाम का शिलान्यास

# भारत में जो पहले असंभव था, आज वो संभव हुआ है: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया/संभल**

**भारत** में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वो संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा है। यहां आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी दोनों ही है। पहले की सरकारों ने न तो आस्था का सम्मान किया और ना ही आजीविका ही दी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐंचोड़ा कंबोह में आयोजित श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह के दौरान कहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संभल में स्वागत करते हुए कहा कि भगवान विष्णु के 10वें अवतार की भावी अवतरण भूमि पर प्रधानमंत्री का आगमन हुआ है। अयोध्या में पांच सदी के इंतजार को समाप्त करने और पहली बार संयुक्त अरब अमीरात में भी भव्य मंदिर के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री का आगमन संभल जनपद में हुआ है। पिछले 10 साल में हमने एक नये भारत का दर्शन किया है। इस नये भारत में हर नागरिक को सुरक्षा की गारंटी के साथ ही राष्ट्र को समृद्धि के नये सोपान तक पहुंचाने का संकल्प भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण, अयोध्या धाम में रामलला का पुनः विराजमान होना, केदारनाथ और बद्रीनाथ का पुनरोद्धार, महाकाल में महालोक की स्थापना नये भारत की तस्वीर है। यहां हर युवा को आजीविका और आस्था की गारंटी भी है। यही मोदी की गारंटी है। पहले की सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। वो न आस्था दे पाए और ना ही आजीविका उपलब्ध करा पाए। मगर, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की परंपराओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। हर साल 21 जून को दुनिया के 200 देश भारत की ऋषि परंपरा से जुड़कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं। सीएम ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव था, आज वो संभव हुआ है। यह इसलिए हुआ क्योंकि हमारे पास एक यशस्वी नेतृत्व है। हमें गर्व होता है जब प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान दुनिया के मंच पर होता है। पूरी दुनिया उन्हें उम्मीद की निगाह से

**समृद्धि**

**आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी देती है डबल इंजन की सरकार: सीएम योगी आदित्यनाथ**

